माघ कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

हल्द्वानी
शनिवार, 3 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 351, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पूंछ के समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज 16

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है गाना दुआ 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

उत्तराखंड में अभी दो दिन और अंगड़ाई लेगा मौसम

हल्द्वानी, अमृत विचार: उत्तराखंड में अभी दो दिन और मौसम में बदलाव हो सकता है। पहाड़ों में बर्फबारी की भी संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के फिर से सक्रिय होने का अनुमान है।

अल-नीनो के असर से सर्दियों के सीजन में जनवरी तक बारिश और बर्फबारी का मौसम नहीं बन पा रहा था। 1 फरवरी को राज्य के ज्यादातर हिस्सों में बारिश हुई तो वहीं ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में अच्छी बर्फबारी भी देखने को मिली। शुक्रवार को राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ रहा। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि पश्चिमी विक्षोभ फिर से सक्रिय हो सकता है। 5 फरवरी को एक बार फिर से पहाड़ों में बर्फबारी हो सकती है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विज्ञानी आरके सिंह का कहना है कि 5 फरवरी को बर्फबारी की संभावना बन रही है।

औली में बर्फबारी

हिमपात के कारण उत्तरकाशी जिले में कई मार्ग अवरुद्ध

उत्तरकाशी/देहरादून। उत्तराखंड के विभिन्न ऊंचाई वाले पर्वतीय स्थानों पर शुक्रवार को भी हल्का से मध्यम हिमपात जारी रही। अनेक स्थानों पर धुंध छाई हुई है। उत्तरकाशी जिले में अनेक मार्ग अवरुद्ध हैं, जबकि मैदानी क्षेत्रों में ठंडी हवाएं चलने से शीत का प्रकोप बढ़ गया है। उत्तरकाशी जनपद के आपदा प्रबंधन अधिकारी डीएस पटवाल ने बताया कि तहसील मोरी, पुरोला, भटवाड़ी, डुण्डा, बड़कोट में समाचार लिखे जाते समय मौसम साफ है। गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग भैरव घाटी से आगे हिमपात होने के कारण अवरुद्ध है। उक्त मार्ग धराली से आगे जोखिम भरा है, जबकि यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग फूलचट्टी से आगे बर्फबारी के कारण अवरुद्ध हुआ है। धरासू, बड़कोट मोटर मार्ग राडीटॉप के पास बर्फबारी होने के कारण जोखिम भरा है। पटवाल के अनुसार, लम्बगांव मोटर मार्ग चौरंगी खाल के पास हिमपात होने से मार्ग जोखिम भरा है। उन्होंने बताया कि बर्फबारी से अवरुद्ध हुए स्थानों पर संबंधित खंडों द्वारा बर्फ हटाने तथा चूना छिड़काव का कार्य गतिमान है। मसूरी-सुवाखोली मोटर मार्ग सुवाखोली के पास जोखिम भरा होने के कारण संबंधित खंड द्वारा वाहनों के आवागमन हेतु विशेष सावधानी बरतने हेतु सलाह दी गई है।

एक नजर

भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी को छह माह कारावास की सजा

लखनऊ। लखनऊ की एक स्थानीय अदालत ने 2012 के विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी को छह माह कारावास की सजा सुनाई और 1100 रुपये का अर्थदंड लगाया है। घटना के समय जोशी कांग्रेस की सदस्य थीं। अभियोजन पक्ष के अनुसार, जोशी पर 2012 में विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन कर बैठक करने का आरोप था। सजा सुनाए जाने के दौरान अदालत ने जोशी को हिरासत में ले लिया था। बाद में उनकी ओर से दी गई जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए अदालत ने बीस हजार रुपये का बंधपत्र और इतनी ही धनराशि की जमानत दाखिल करने पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

असम में बहुविवाह पर प्रतिबंध को आएगा बिल

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि सरकार राज्य में बहुविवाह प्रथा को समाप्त करने के लिए विधानसभा के बजट सत्र में एक विधेयक लाएगी। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा कि विधेयक के मसौदा की अभी कानून विभाग द्वारा जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए हम विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक कानून लाने की तैयारी कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर कानून बनाने को लेकर आशान्वित है जिस पर पांच फरवरी से विधानसभा के चार दिवसीय एक विशेष सत्र के दौरान विचार किया जाएगा।

ज्ञानवापी : हाईकोर्ट का व्यास जी के तहखाने में पूजा पर रोक से इनकार

मुस्लिम पक्ष को फिलहाल राहत नहीं, 6 फरवरी को फिर होगी मामले में सुनवाई

अदालत ने राज्य सरकार को दिया क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर तलगृह (व्यास जी का तहखाना) में पूजा की अनुमति देने के वाराणसी जिला न्यायालय के आदेश के खिलाफ अंजुमन इंतजामिया मसाजिद प्रबंधन समिति को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से शुक्रवार को फिलहाल कोई फौरी राहत नहीं मिली।

समिति ने गुरुवार को दायर अपने आवेदन में 31 जनवरी की स्थिति को बहाल करने का अनुरोध किया था। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख छह फरवरी तय की है। इस दौरान आवेदन पर नए सिरे से सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने समिति के वकील से कहा कि वे पहले निचली अदालत के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दें जिसमें वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को रिसीवर नियुक्त किया गया था और उन्होंने 23 जनवरी को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा ले लिया था। कोर्ट ने राज्य सरकार को इलाके में कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार की ओर से पेश महाधिवक्ता अजय कुमार ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है और वाराणसी के जिलाधिकारी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। कोर्ट ने कमेटी के वकील सैयद अहमद फैजान से पूछा कि 17 जनवरी के मूल आदेश को चुनौती क्यों नहीं दी गई। वकील ने कहा कि उन्होंने 31 जनवरी को पारित आदेश के कारण अदालत का दरवाजा खटखटाया क्योंकि डीएम ने उसी रात तैयारी की और नौ घंटे के भीतर पूजा शुरू कर दी गई। उन्होने कहा कि वे मूल आदेश को भी चुनौती देंगे। अदालत ने कहा कि वादी पक्ष की ओर से इस आधार पर अपील की पोषणीयता पर प्रारंभिक आपत्ति उठाई गई है कि मूल आदेश को चुनौती नहीं दी गई है। गौरतलब है कि वाराणसी जिला कोर्ट ने वाराणसी डीएम को ज्ञानवापी परिसर के दक्षिण की ओर स्थित तलगृह के अंदर विराजमान मूर्तियों की पूजा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

वाराणसी की अदालत ने जल्दबाजी में फैसला सुनाया

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि वाराणसी जिला अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर में स्थित तहखाने में पूजा करने की अनुमति देने संबंधी फैसला जल्दबाजी में सुनाया है और कहा कि वह न्याय पाने के लिए इस मामले को उच्चतम न्यायालय तक ले जाएगा। मुस्लिम संगठनों ने यह भी कहा कि देश में उत्पन्न होने वाले विवादों को रोकने के लिए पूजा स्थल अधिनियम, 1991 को अक्षरशः लागू किया जाना चाहिए। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि मस्जिद में पूजा की अनुमति देने से न केवल मुसलमानों को बल्कि धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखने वाले अन्य धर्मों के लोगों को भी दुख हुआ है। कहा कि यह धारणा गलत है कि मस्जिद बनाने के लिए मंदिर को तोड़ा गया था। रहमानी ने कहा कि अदालत ने मुस्लिम पक्ष को विस्तार से दलीलें रखने का मौका नहीं दिया।

नई दिल्ली में प्रेसवार्ता करते मुस्लिम संगठनों के पदाधिकारी।

जुमे पर पहले की तुलना में दोगुना नमाजी पहुंचे

वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने के बाद शुक्रवार (जुमा) को बड़ी संख्या में नमाजी ज्ञानवापी पहुंच गए। इतनी बड़ी संख्या में नमाजियों के पहुंचने पर पुलिस को उन्हें वापस भेजना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले की तुलना में दोगुने से भी ज्यादा लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। कोर्ट के आदेश के मद्देनजर ज्ञानवापी परिसर के तहखाने में पूजा शुरू होने के बाद, जुमे की नमाज के मौके पर जिले में हाई अलर्ट घोषित किया गया था।

तहखाना देखने के लिए भी लग रही श्रद्धालुओं की लंबी कतार : वाराणसी। काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालु ज्ञानवापी परिसर में स्थित तहखाने को देखने के लिए भी कतार में लग रहे हैं। काशी विश्वनाथ मंदिर के पीआरओ पीयूष तिवारी ने बताया कि श्रद्धालु तहखाने में पूजा करने के लिए उत्साहित हैं। फिलहाल, जिला प्रशासन के निर्देश पर हमने झांकी दर्शन कराने की व्यवस्था की है। तिवारी ने कहा कि व्यवस्था के तहत काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद बाहर निकलने वाले श्रद्धालु मस्जिद परिसर की सीमा पर लगाए गए अवरोधकों के पास से एक झरोखे से तहखाने को देख सकते हैं। पहले यह क्षेत्र टिन की चादरों से ढका हुआ था।

चंपाई सोरेन ने झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

▸▸ कांग्रेस के आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता बने मंत्री

रांची, एजेंसी

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने उन्हें यहां राजभवन में पद की शपथ ग्रहण कराई।

चंपाई सोरेन के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। आदिवासी नेता चंपाई सोरेन (67) राज्य के 12वें मुख्यमंत्री हैं। वह झारखंड के कोल्हान क्षेत्र से छठे मुख्यमंत्री हैं। कोल्हान क्षेत्र में पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले शामिल हैं। चंपई सोरेन को राज्यपाल ने गुरुवार को मुख्यमंत्री नियुक्त किया था। चंपाई सोरेन ने शपथ लेने के बाद कहा कि हम हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाएंगे। प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम आदिवासियों और अन्य लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए 'जल, जंगल, जमीन' की लड़ाई जारी रखेंगे।

पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में हेमंत सोरेन

रांची। झारखंड की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। अधिवक्ताओं ने यह जानकारी दी। ईडी ने गुरुवार को सोरेन को दस दिन की हिरासत में देने का अनुरोध किया था। तब अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। सोरेन को धन शोधन मामले में ईडी ने सात घंटे तक पूछताछ के बाद 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था।

गठबंधन के विधायक हैदराबाद पहुंचे

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक दल के नेता चंपाई सोरेन के राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के कुछ देर बाद झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक विमान से हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। सत्तारूढ़ गठबंधन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि विधायकों को कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में स्थानांतरित करने का निर्णय यह देखते हुए लिया गया कि विपक्षी भाजपा उन्हें लुभाने की कोशिश कर सकती है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि बहुमत साबित करने के लिए हमें 10 दिन का समय दिया गया है। हम इस दौरान कोई जोखिम नहीं उठा सकते। गठबंधन के मुख्य घटक कांग्रेस के विधायक बन्ना गुप्ता ने कहा कि गठबंधन के 38 विधायकों ने हैदराबाद के लिए उड़ान भरी।

शीर्ष कोर्ट ने हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट जाने को कहा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झटका देते हुए धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी को लेकर हस्तक्षेप करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी से राहत के लिए उच्च न्यायालय जाने को कहा। सिब्बल ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में इस अदालत को एक संदेश भेजने की जरूरत होती है। यह एक मुख्यमंत्री से जुड़ा मामला है, जिसे गिरफ्तार किया गया है।

खुदरा बाजार में 29 रुपये प्रति किलो चावल बेचेगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ कारोबारियों को पोर्टल पर भंडारण का खुलासा करने को कहा

सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए अगले सप्ताह से खुदरा बाजार में 'भारत चावल' 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचेगी। साथ ही व्यापारियों को चावल के भंडारण का खुलासा करने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने कीमतों को नियंत्रित करने के अपने प्रयासों के तहत ये कदम उठाए हैं।

केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के निर्यात पर पाबंदियों के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में करीब 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) के साथ-साथ केंद्रीय भंडार के जरिए खुदरा बाजार में रियायत वाले 'भारत चावल' को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है।' ई-वाणिज्य मंच भी भारत चावल बेचेंगे।

पांच किलो और 10 किलो के पैकेट में उपलब्ध होगा चावल

खाद्य सचिव ने कहा कि अगले सप्ताह से 'भारत चावल' के पांच किलोग्राम और 10 किलोग्राम के 'पैकेट' उपलब्ध होंगे। चोपड़ा ने कहा कि पहले चरण में सरकार ने खुदरा बाजार में बिक्री के लिए पांच लाख टन चावल आवंटित किया है। सरकार पहले से ही 'भारत आटा' 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम और 'भारत दाल' (चना) 60 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेच रही है।

कोटा में बीटेक कर रहे यूपी के छात्र ने फंदा लगाकर जान दी

कोटा। राजस्थान के कोटा में बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र नूर मोहम्मद (27) ने अपने पीजी (पेइंग गेस्ट) के कमरे में छत के पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वह उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार छात्र ने बुधवार को किसी समय यह कदम उठाया, हालांकि उसका शव गुरुवार की रात विज्ञान नगर इलाके में स्थित पीजी के उसके कमरे से बरामद किया गया। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दो सप्ताह में कोटा में यह तीसरी आत्महत्या है। पुलिस के मुताबिक, नूर मोहम्मद चेन्नई की एसआरएम यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था और यहां पेइंग गेस्ट के तौर पर रहता था। विज्ञान नगर के पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मोहम्मद ने 2016 से 2019 तक प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा के कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई की और एसआरएम विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के बाद वह अपने कोटा के पीजी से ऑनलाइन कक्षाएं लेता था। सिंह ने बताया कि उसने बुधवार को छत में लगे पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। धर्मवीर सिंह ने बताया कि मेस के एक लड़के ने गुरुवार की शाम को मोहम्मद के कमरे के बाहर एक बिना उपयोग वाला टिफिन बॉक्स देखा और पीजी मालिक को सूचित किया।

यूसीसी का ड्राफ्ट तैयार, समिति ने मुख्यमंत्री को सौंपा

संवाददाता, देहरादून

समान नागरिक संहिता को जल्द लागू किए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ

अमृत विचार: उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में बनी समिति ने शुक्रवार को इसका ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया। इसे सौंपे जाने के साथ ही राज्य में शीघ्र ही समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

इस अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 से पूर्व हमने जनता से भाजपा के संकल्प के अनुरूप उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था। अपने वादे के मुताबिक हमने सरकार गठन के तुरंत बाद ही पहली कैबिनेट की बैठक में ही समान नागरिक संहिता बनाने के लिए एक विशेषज्ञ समिति के गठन का निर्णय लिया था और 27 मई 2022 को उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की गई।

समिति ने इस ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए देश के प्रथम गांव माणा से जनसंवाद कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में सभी वर्ग के लोगों से सुझाव प्राप्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस रिपोर्ट का अध्ययन और परीक्षण कर शीघ्र उत्तराखंड राज्य के लिए समान नागरिक संहिता कानून का प्रारूप तैयार कर संबंधित विधेयक को आगामी विधान सभा के विशेष सत्र में रखेगी। इस कानून को लागू करने की दिशा में सरकार तेजी से आगे बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री को समान नागरिक संहिता का प्रारूप सौंपते प्रारूप समिति के सदस्य।

सीएम धामी ने लॉन्च किया 'आ रहा है यूसीसी'

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में समान नागरिक संहिता पर बने गीत 'आ रहा है यूसीसी' को लॉन्च किया। इस गीत को भूपेंद्र बसेड़ा द्वारा लिखा और स्वर प्रदान किया गया है, जबकि राकेश भट्ट द्वारा संगीतबद्ध किया गया है। इस गीत के माध्यम से यूसीसी के लाभ एवं आम जनमानस पर पड़ने वाले प्रभावों को दर्शाया गया है।

ऋतु बाहरी बनीं उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश

नैनीताल, विधि संवाददाता

अमृत विचार: पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति ऋतु बाहरी को उत्तराखंड हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद उनके मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी है।

उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी बीती 26 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। इसके बाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश बनाए गए थे। जस्टिस ऋतु बाहरी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की पहली महिला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थीं। उन्होंने 14 अक्टूबर 2023 को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का चार्ज लिया था। 1962 में जालंधर में जन्मी ऋतु बाहरी ने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ में की और 1985 में पंजाब यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री हासिल की। 1986 में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में वकालत आरंभ की। 16 अगस्त, 2010 को उन्हें पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। वर्तमान में वह पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की दूसरी वरिष्ठतम जज हैं। जस्टिस बाहरी के पिता अमृत लाल बाहरी भी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में जज रह चुके हैं।

जगद्गुरु रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी

आगरा। हाथरस में रामकथा कह रहे तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज की शुक्रवार सुबह तबीयत बिगड़ गई। सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें आगरा के पुष्पांजलि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री योगी ने रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी को फोन करके उनका हालचाल जाना। दिल्ली गेट स्थित पुष्पांजलि हॉस्पिटल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. राकेश शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि उनकी जांच की जा रही है। डॉ. नवनीत शर्मा उनका इलाज कर रहे हैं। बेहतर इलाज के लिए देर शाम उनको एयर एंबुलेंस से देहरादून शिफ्ट किया गया है।

हवाई सेवा | सप्ताह में तीन दिन के लिए शुरू हुई सेवा, पहले दिन 24 यात्रियों ने किया सफर

पिथौरागढ़ और देहरादून के बीच उड़ा जहाज

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचारः आखिर पिथौरागढ़ से हवाई उड़ान का सपना साकार हो ही गया। शुक्रवार को पिथौरागढ़ से 14 लोगों को लेकर पहली उड़ान देहरादून के लिए रवाना हुई। इससे पहले यह उड़ान देहरादून से दस यात्रियों को लेकर यहां पहुंची थी।

बीते मंगलवार को सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां नैनी सैनी एयरपोर्ट से विमान सेवा का शुभारंभ किया था। फिलहाल हफ्ते में तीन दिन के लिए शुरू हुई इस सेवा के तहत शुक्रवार को फ्लाई बिग कंपनी का 19 सीटर विमान देहरादून से 10 यात्रियों को लेकर पूर्वाह्न 10:34 बजे पिथौरागढ़ पहुंचा। मुख्यमंत्री के अपर सचिव संजय सिंह टोलिया, पिथौरागढ-चंपावत सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष मनोज सामंत अन्य यात्रियों संग पहली फ्लाइट से देहरादून से पिथौरागढ़ पहुंचे। इसके बाद अपराह्न 1:44 बजे 14 यात्रियों को लेकर देहरादून के लिए रवाना हुआ।

अभी सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार व शुक्रवार को विमान सेवा चलेगी। मार्च तक इसे सप्ताह में पांच दिन किए जाने की संभावना है।

पिथौरागढ़ से पहली हवाई उड़ान के सफर को तैयार यात्री।

फ्लाई बिग के एयरपोर्ट मैनेजर राजवीर सिंह ने बताया कि अगली फ्लाइट सोमवार के लिए फिलहाल 10 सीट बुक हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टिकट बुकिंग के साथ ही फ्लाई डे के दिन 2 घंटे पहले भी काउंटर से टिकट बुक किया जा सकता है।

एक यात्री ने बताया अब तक उन्हें देहरादून से पिथौरागढ़ आने में दो दिन का समय लगता था। देहरादून से पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू होने से अब 1 घंटे में ही पिथौरागढ़ पहुंच जा रहे हैं। इससे समय की बचत हो रही है। एक अन्य यात्री ने भी कहा सेवा शुरू होने से प्रदेश की राजधानी पहुंचना आसान हो गया है।

ओबीसी आयोग का पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस

नई दिल्ली। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने केंद्रीय ओबीसी सूची में 87 जातियों को शामिल करने के लिए संबंधित जानकारी नहीं देने पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है और राज्य सरकार के मुख्य सचिव को आठ फरवरी को आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि पिछले वर्ष छह सितंबर को पश्चिम बंगाल राज्य सरकार से 87 जातियों को केन्द्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने हेतु उनके सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति संबंधी ताजा जानकारी और आंकडे मांगे गए थे जिसकी जानकारी आयोग को नहीं दी गई है।

सार-संक्षेप

भाजपा की गांव चलो मुहिम को लेकर बैठक करते पदाधिकारी।

भाजपा की गांव चलो मुहिम को लेकर किया मंथन

नैनीताल : राज्य अतिथि गृह में शुक्रवार को भाजपा मंडल की गांव चलो मुहिम को लेकर जिला संयोजक देवेंद्र सिंह ढैला तथा मंडल नैनीताल के नवनियुक्त प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट की मौजूदगी में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आनन्द सिंह बिष्ट ने की। संचालन मंडल महामंत्री मोहित लाल साह और मोहन सिंह नेगी ने किया। बैठक में जिला संयोजक देवेंद्र ढैला ने गांव चलो अभियान के बारे में सभी बूथ प्रवासियों को बताया। गांव चलो अभियान मंडल के सभी बूथों में 9 फरवरी से 11 फरवरी तक चलेगा। बैठक में गांव चलो अभियान के मंडल संयोजक लाल सिंह बिष्ट, सह संयोजक हेम चन्द्र बहुखंडी, नंदन सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

बूथ जीता तो समझो चुनाव जीत लिया : डब्बू

रामनगर : हर गांव का बूथ मजबूत हो, हर बूथ पर सुलझे कार्यकर्ता हों तो लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने से कोई नहीं रोक सकता। यह बात दर्जा राज्य मंत्री अनिल कुमार डब्बू ने कार्यकर्ताओं की बैठक में कही। उन्होंने कहा सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मदन जोशी के नेतृत्व में आज गांव चलो मंडल की कार्यशाला पर्वतीय सभा लखनपुर में आयोजित की गई थी। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि लोक सभा चुनाव की तैयारियों पर अभी से सक्रिय होने की जरूरत है। इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, मीडिया प्रभारी कुलदीप शर्मा, सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत, सत्य प्रकाश शर्मा, नीमा मठपाल, नरेंद्र शर्मा, कुलदीप माहेश्वरी, जेसी लोहनी, भावना भट्ट, रुचि गिरी, माया रावत, अंजना सुंदरियाल, बिशन दत्त शर्मा, राहुल रावत आदि मौजूद रहे।

क्रिकेटर कनिष्क को विधायक ने किया सम्मानित

रामनगर : नगर के उभरते बाल क्रिकेटर कनिष्क का उत्तराखण्ड अंडर 14 क्रिकेट टीम मे चयन होने पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने स्वागत किया। बता दें कि कनिष्क हाल ही में राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी टूर्नामेंट खेलकर लौटे हैं। कनिष्क के पिता करन सिंह बिष्ट भी बेहतरीन क्रिकेटर हैं। विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि कनिष्क आगे चलकर एक बेहतरीन क्रिकेटर बनकर अपने शहर और प्रदेश का नाम रोशन करेगा। कनिष्क बिष्ट ने बताया की उनकी टीम ने राजस्थान व छत्तीसगढ़ से मैच खेले। इस दौरान ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह बोहरा, जसवंत सिंह बिष्ट, वीरेंद्र पाल रावत, जगमोहन सिंह बिष्ट, आशा रावत, बसंती राणा, रणजीत बिष्ट, विनीता बिष्ट,दीपा पाण्डेय, निधि मेहरा,मोना बिष्ट,कोच मोहम्मद इकरा, हिमांशु चौहान, दानिश, देवेंद्र मेहरा, प्रकाश थापा मौजूद रहे।

दिन में खिली चटक धूप शाम को चलीं सर्द हवाएं

शुक्रवार को शहर में मौसम रहा साफ, रविवार से बारिश के आसार

संवाददाता, हल्द्वानी


नैनीताल में शुक्रवार को खिली रही धूप। ● अमृत विचार

अमृत विचार: बारिश के बाद शुक्रवार को सुबह से ही धूप खिली रही। बारिश से मौसम साफ हो गया और दिन के समय चटक धूप निकली। मौसम विभाग के अनुसार एक बार फिर से बारिश होने के आसार हैं।

गुरुवार को हुई रिमझिम बारिश के बाद शुक्रवार को मौसम साफ रहा। दिन में लोगों ने चटक धूप का आनंद लिया। हालांकि पहाड़ों में हुई बर्फबारी की वजह से सर्द हवाएं भी चल रहीं थीं। शाम होने के साथ ही ठंड बढ़ गई। सर्द हवाओं ने पारा लुढ़का दिया। शहर में अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान करीब 6.1 डिग्री रहा। पहाड़ों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 7.4 डिग्री ही रहा और न्यूनतम तापमान माइनस 0.6 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि रविवार और सोमवार को फिर से बारिश हो सकती है। सोमवार को पहाड़ों में बर्फबारी होने का अनुमान है। हालांकि शनिवार को मौसम साफ रहेगा।

अनिल गढ़िया बने डीएसए के महासचिव

संवाददाता, नैनीताल

चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिला क्रीड़ा संघ नैनीताल की नई कार्यकारिणी को लेकर शुक्रवार को डीएसए सभागार में मुख्य चुनाव अधिकारी नगर पालिका प्रशासन केएन गोस्वामी की अध्यक्षता में चुनाव कराए गए। इसमें 43 क्लबों के 86 सदस्य मौजूद थे। बैठक में पूर्व एजीएम सम्पन्न हुई जिसमें वार्षिक क्रियाकलापों को पेश किया गया। एजीएम के बाद चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वसहमति से पूर्व महासचिव अनिल गढ़िया को पुनः महासचिव बनाया गया। इस दौरान समिति से बिशन सिंह मेहता व उपसचिव भुवन बिष्ट को उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही डॉ. डीएस बिष्ट व चन्द लाल शाह को संरक्षक की ज़िम्मेदारी दी गई।

बता दें कि क्लब के पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी व पदेन उपाध्यक्ष पालिका अध्यक्ष होते हैं। जबकि एक उपाध्यक्ष का चुनाव

अनिल गढ़िया, भुवन बिष्ट, बिशन मेहता।

किया जाता है। सभी की सहमति से सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए।

चुनाव में हॉकी सचिव आलोक चौधरी, फुटबॉल सचिव पवन कठायत, क्रिकेट वन सचिव रवि जोशी, एथलेटिक सचिव गोपाल सिंह बिष्ट, बास्केटबॉल सचिव हरीश जोशी, बॉलीबाल सचिव शेलेंदर कुमार बरगली और इंडोर गेम सचिव विरेंद्र शाह को चुना गया। बैठक में पालिका के अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद, कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा, जानकी भट्ट, डॉ. महेंद्र राणा, डॉ. संतोष कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष जोशी, व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन सिंह नेगी, अधिवक्ता भानुप्रताप मौनी, गोविंद सिंह बोरा आदि मौजूद रहे।

नैनीताल के रिहायशी क्षेत्र में गुलदार का आतंक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: शहर के रिहायशी क्षेत्रों में बीते कई दिनों से गुलदार का आतंक देखने को मिल रहा है। शुक्रवार तड़के शहर के चाटर्न लॉज क्षेत्र में स्थानीय निवासी दीपक बिष्ट के घर के बाहर से गुलदार कुत्ते को उठा ले गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

दीपक ने बताया सुबह के समय गुलदार चारदीवारी फांद कर उनके घर के आंगन में घुसा और घर में बंधे कुत्ते को उठा ले गया। कुत्ते की आवाज सुनकर वो बाहर आए तब तक गुलदार उसे अपना निवाला बना चुका था। घटना के बाद से क्षेत्रीय लोगों में दहशत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार क्षेत्र में गुलदार जानवरों को अपना निवाला बना चुका है। लिहाजा वन विभाग क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़े।

ग्रासलैंड में गजराज : रामनगर में सीतावनी को जाने वाले मार्ग पर स्थित ग्रासलैंड पर शुक्रवार की शाम पांच बजे गजराजों का झुंड दिखाई दिया। वाइल्ड लाइफ फ़ोटो ग्राफर दीप रजवार ने इस दृश्य को कैमरे में कैद कर लिया।

वरिष्ठ व्यापारी नेता को पितृ शोक

भीमताल : वरिष्ठ व्यापारी नेता युवा प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला संरक्षक प्रवीण पटवाल के पिता खीम सिंह पटवाल का शुक्रवार सुबह हृदय गति रुक जाने के कारण देहांत हो गया। वे सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन थे। उनके दोनों पुत्र गजेंद्र सिंह पटवाल व प्रवीण पटवाल ने चित्रशिला घाट में मुखाग्नि दी। उनके निधन पर ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश बिष्ट, चेयरमैन देवेंद्र सिंह चनौतिया, प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, रामपाल सिंह गंगोला ने शोक जताया।

पेयजल योजनाएं निजी संस्थाओं को देने का विरोध

संवाददाता, नैनीताल

जल संस्थान कार्यालय में प्रदर्शन करते कर्मचारी और अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: राज्य सरकार की ओर से जल संस्थान और पेयजल योजनाओं को एडीबी समेत निजी संस्थाओं को देने के फैसले का अब कर्मचारी विरोध करने लगे हैं। शुक्रवार को नैनीताल जल संस्थान कार्यालय में कर्मचारी संयुक्त मोर्चे के तत्वावधान में सांकेतिक प्रदर्शन कर सरकार से अपना फैसला वापस लेने की मांग की।

प्रदर्शन कर रहे मोर्चे के उपाध्यक्ष महेश राम ने कहा प्रदेश भर जल संस्थान के कर्मचारी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद भी सरकार मनमाने ढंग से सरकारी कार्य को निजी संस्था के हाथों में देने जा रही है, जिसका कर्मचारी पूर्ण विरोध करते हैं। अगर सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला तो कर्मचारी प्रदेश भर में उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

इस दौरान अधिशासी अभियंता विपिन चौहान, सहायक अभियंता डीएस बिष्ट, त्रिवेन्द्र जोशी, विनय चौधरी, ललित राठौर, प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार साह, सचिव किशन सिंह बिष्ट, राजेन्द्र प्रसाद, कमल नेगी, अशोक भट्ट, राजेन्द्र सिंह ठगुना, इन्दिरा गोस्वामी, दीपा बिष्ट, प्रकाश चन्द्र, जगदीश मेहरा, टीकम सिंह, प्रदीप कुमार, आनंद सिंह, पितांबर पाठक, आनंद प्रकाश शर्मा, देवकी नंदन पांडे, हरगोविन्द बिष्ट, बिशन सिंह रौतेला, संजय कुमार, मोहन सिंह बोरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

साइबर क्राइम से बचने के बारे में बताया

संवाददाता, भीमताल

पुलिस अधिकारी को सम्मानित करतीं शिक्षक।

अमृत विचार : एसओएस जेएन कौल शिक्षण संस्थान भीमताल में एक दिवसीय साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि एवं वक्ता ऊधमसिंह नगर रुद्रपुर से साइबर क्राइम विभाग से सीओ सुमित पांडे, एएसआई विनोद कुमार बिष्ट तथा हेड का. दीपक चन्द्र ने विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षुकों को आज के दौर में सोशल मीडिया के बारे में तथा उसका जीवन में पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया।

साइबर क्राइम से बचने के लिए बारीकियों के बारे में अवगत कराया। इस उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. मुक्ता ने कहा कि आधुनिक युग जैसे-जैसे विकास कर रहा है क्राइम भी वैसे ही तेज गति से हमारी जिन्दगी को प्रभावित कर रहा है। कार्यक्रम में डॉ. गीता आर्या, पूजा आर्या, राजेन्द्र सिंह खाती, बीना नेगी चौधरी, डॉ. मंजू नेगी, नेत्र प्रसाद गौतम, शीतल सिंह मौर्या, डॉ. सतीश चन्द्र, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. हेमा मेहरा, गणेश चन्द्र, राम कृष्ण आर्या, नितिन भगवाल, नीरज कुमार, मुकेश आर्य, पूजा आर्या, शालिनी भारती, राहुल कुमार, दीपक देसवाल, तनूजा, दीपा और भुवन पलड़िया आदि मौजूद रहे।

इसी महीने शुरू हो जाएगा हिल डिपो का काम

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: काठगोदाम में लगभग 68 करोड़ रुपये की लागत से हिल डिपो बनने जा रहा है। इसके लिये टेंडर जारी हो गया है और इसी माह के अंत तक काम शुरू होने की संभावना है।

18 फरवरी को सीएम पुष्कर सिंह धामी इसका शिलान्यास करेंगे। लंबे समय से काठगोदाम में हिल डिपो बनाने की कवायद चल रही थी जिससे यहां से पर्वतीय मार्गों पर बसों का संचालन किया जा सके। काठगोदाम में परिवहन निगम की 2 हेक्टेयर भूमि है जिस पर हिल डिपो का निर्माण किया जाएगा। इसका शासनादेश बीते 15 जनवरी को हो गया था और अब टेंडर जारी कर दिये गए हैं। हल्द्वानी से पर्वतीय मार्गों पर जाने वाली रोडवेज की सभी बसों का संचालन यहीं से होगा।

साथ ही केमू और टैक्सियों के जरिये पहाड़ से मैदान को जाने वाली सवारियां भी सीधा रोडवेज को मिलेंगी। इस डिपो में यात्रियों की सुविधा के लिए वातानुकूलित विश्राम गृह, कैंटीन, शौचालय आदि का निर्माण होगा। इसके साथ ही 40 से अधिक बसों की पार्किंग भी बनाई जाएगी।

पहल

- काठगोदाम में हिल डिपो के लिये लगभग 68 करोड़ रुपये मंजूर
- पर्वतीय मार्गों के लिये यहीं से होगा बसों का संचालन, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

मैदानी रूटों के लिए हल्द्वानी और पर्वतीय रूटों के लिए हिल डिपो

नैनीताल रीजन का सबसे बड़ा डिपो काठगोदाम डिपो है जिसके पास हाईटेक वॉल्वो और एसी बसें भी हैं। काठगोदाम में रोडवेज की लगभग 3 .5 एकड़ जमीन पर हिल डिपो बनाया जा रहा है। पहाड़ पर रोडवेज सेवा यहीं से संचालित की जाएगी। अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत आदि जगहों के लिए यात्रियों को यहीं से बसें मिलेंगी जबकि हल्द्वानी डिपो से मैदानी रूट की बसें संचालित होंगी।

आरटीओ कार्यालय के लिए 14.93 करोड़ का बजट मंजूर

गौलापार में ड्राइविंग स्कूल और ऑटोमेटेड ड्राइवर्स टेस्टिंग ट्रैक के साथ ही आरटीओ कार्यालय भी बनना है। ड्राइविंग स्कूल और टेस्टिंग

ट्रैक को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। अब आरटीओ कार्यालय के 14 .93 करोड़ रुपये का बजट मंजूर हो गया है जिसमें पहली किस्त के तौर पर 5 .93 करोड़ रुपये जारी कर दिये गए हैं।

एक नजर

लावारिस पशुओं की जानकारी निगम को दें

हल्द्वानी : लावारिस पशुओं से परेशान हैं तो इसकी जानकारी नगर निगम को दे सकते हैं। नगर निगम आपकी समस्या का समाधान करेगा। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए ईमेल आईडी nagarnigamhldgauvansh@gmail.com और व्हॉट्सएप नंबर 8267005112 जारी किया गया है। कोई भी नागरिक निराश्रित और लावारिस पशुओं से संबंधित सूचना इस पर दे सकता है।

पेड़ से लटका मिला किशोर का शव

हल्द्वानी : चोरगलिया थाना क्षेत्र में बहन के घर आए एक किशोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव पेड़ से लटका मिला। किशोर का शव घर से कुछ दूर स्थित जंगल से पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने बताया कि मूल नेपाल और हाल देवलचौड़ निवासी लक्की (17) पुत्र किशनलाल अपने बहन के घर लछमपुर तारानवाड़ अपनी बहन के यहां आया हुआ था। बताया जा रहा कि बीते गुरुवार की शाम घर से कुछ ही दूर जंगल में उसका शव फंदे में लटका हुआ मिला। चोरगलिया पुलिस ने पेड़ से लटके किशोर के शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस की निगरानी में जमा होंगे नीलामी फार्म

हल्द्वानी : राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में वाहन पार्किंग के नीलामी फार्म अब पुलिस की निगरानी में जमा होंगे। यह निर्णय कॉलेज की नीलामी समिति ने बीते गुरुवार को हुए हंगामे के बाद लिया है। एसटीएच के मुख्य गेट के पास लगभग 200 दोपहिया वाहनों की पार्किंग का ठेका होना है। इसके लिए कई टेंडरदाताओं ने मेडिकल कॉलेज के संपत्ति विभाग से नीलामी फार्म लिए थे, जिन्हें 1 फरवरी को जमा करना था और इसी दिन टेंडर खुलने थे। लेकिन टेंडर डालने को लेकर कुछ लोगों के बीच विवाद हो गया। मामला धक्का-मुक्की और मारपीट तक जा पहुंचा। इस पर टेंडर प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि वाहन पार्किंग के नीलामी फार्म अब सुरक्षा गार्ड, पुलिस और सीसीटीवी की मौजूदगी में नीलामी बॉक्स में डाले जाएंगे।

वन विभाग ने मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए नंधौर अभ्यारण्य में शुरू किया प्रे एनिमल सर्वे

जंगलों में हिरण, घुरड़ बचेंगे तो इंसान भी बचेगा

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

269 .50 वर्ग किमी में फैला है अभ्यारण्य | **2012** में बना था नंधौर अभ्यारण्य | **33** वन्यजीव प्रति वर्ग किमी के जंगल में करते हैं विचरण

अमृत विचार : हिरण, घुरड़, चीतल, सांभर बचेंगे तो इंसान भी बचेगा। जी हां, इस पंक्ति को पढ़कर चौंकिए मत। मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए वन विभाग ने नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य के जंगलों में शिकार होने वाले वन्यजीव (प्रे एनिमल) का सर्वे शुरू कर दिया है। इस सर्वे में बाघ, तेंदुए जैसे खतरनाक वन्यजीवों के आहार बनने वाले वन्यजीवों की गिनती की जाएगी।

हल्द्वानी वन डिवीजन के अंतर्गत ऊधम सिंह नगर और नैनीताल जनपद के बॉर्डर पर नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य है। इस अभ्यारण्य के जंगल 269.50 वर्ग किमी में फैले हुए हैं। इन जंगलों में 30 से अधिक बाघ और तेंदुए भी खासी तादाद में है। ऐसे में अभ्यारण्य के जंगलों में आहार श्रृंखला संतुलित करने के लिए वन विभाग ने ज्योलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन (जेएसएल) की मदद से शिकार होने वाले वन्यजीवों का सर्वे शुरू कर दिया है। इस गणना में घास खाने वाले वन्यजीव चीतल, हिरन, घुरड़, सांभर, जंगली सुअर, कांकड़, सीरो आदि की गिनती की जाएगी। इस गिनती के बाद ही पता चल सकेगा कि अभ्यारण्य में रहने वाले बाघ, तेंदुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में भोजन (शिकार होने वाले वन्यजीव) उपलब्ध है या नहीं। रिपोर्ट के आधार पर जंगल में घास खाने वाले वन्यजीवों की संख्या बढ़ाने पर काम किया जाएगा। फिलहाल यह सर्वे ट्रांजिट तकनीक से होगा।

ये होगा सर्वे का फायदा

1. बाघ-तेंदुए को जंगलों में भोजन मिलेगा तो आबादी की ओर रुख नहीं करेगा और मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम होगी
2. ऐसे शाकाहारी वन्यजीव जिनकी संख्या जंगलों में कम हो गई है, उनकी आबादी बढ़ाने में मदद होगी
3. जंगलों में शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या का सटीक आंकड़ा पता चलेगा और डेटा बेस तैयार होगा
4. जंगल के चप्पे-चप्पे पर गश्त होने से अवैध कटान व शिकार होने पर भी नकेल कसेगी

बाघ 20 बार प्रयास करता है तब होता है एक हिरन का शिकार

आमधारणा है कि एक शक्तिशाली बाघ पलक झपकते ही कमजोर हिरन, चीतल का शिकार कर देता होगा लेकिन ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। एक बाघ को हिरन का शिकार करने के लिए खूब पसीना बहाना पड़ता है। वन्यजीव एक्सपर्ट की माने तो बाघ 20 बार प्रयास करता है तब जाकर एक हिरन का शिकार होता है। इस वजह से बाघ भूख शांत करने के लिए बड़ा शिकार ढूंढता है ताकि शिकार के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़े।

ऐसे होता है ट्रांजिट सर्वे

वन अधिकारियों के अनुसार जंगलों में प्रत्येक बन बीट में एक ट्रांजिट लाइन होती है। इस लाइन को पार कर हिरन, चीतल, घुरड़, सुअर वगैरह का झुंड निकलता है। फिर इस झुंड को घनत्व फार्मूले के आधार पर वन्यजीवों की संख्या निकाली जाती है। इससे पता चलता कि प्रति वर्ग किमी कितने वन्यजीव है। वर्ष 2021 में नंधौर में 33 वन्यजीव प्रति वर्ग किमी का घनत्व था।

> ज्योलॉजिकल सोसाइटी ऑफ लंदन की मदद से वन विभाग ने नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य में शिकार होने वाले वन्यजीवों का सर्वे शुरू किया है। इस में बाघ-तेंदुए के आहार हिरन, चीतल, सांभर आदि वन्यजीवों की गणना की जा रही है। इस सर्वे के बाद मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम के लिए रणनीति में मदद मिलेगी।
> –**ममता चंद**, उप निदेशक नंधौर वन्यजीव अभ्यारण्य

नजाकत के बगीचे में गौशाला बनाने पर हंगामा

काम रुकवाया, सरकारी टीम से उलझे, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे, काम दोबारा शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी

नजाकत के बगीचे में गौशाला खोले जाने के विरोध में हंगामा करते लोगों को समझाते नगर आयुक्त।

अमृत विचार: नजाकत का बगीचा में नगर निगम की टीम जब गौशाला बनाने पहुंची तो यहां पास में रहने वाले लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। गौशाला बनाने का काम भी रुकवा दिया। बाद में पुलिस बल के साथ उच्चाधिकारी पहुंचे तो काम दोबारा शुरू किया गया।

नजाकत का बगीचा में बुधवार को नगर निगम और प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में करीब ढाई एकड़ जमीन से अवैध कब्जा हटाया गया था। उसी दिन जमीन को घेरने के लिए नगर निगम ने तारबाड़ कर दिया था। उस दिन भी सरकारी कार्रवाई का नजाकत खां के परिवार के लोगों ने विरोध किया था। शुक्रवार को नगर निगम ने यहां अस्थायी गौशाला बनाने का काम शुरू करवा दिया। इसके लिए एक जगह से तारबाड़ हटाकर लोहे का गेट लगाने का काम किया जा रहा था। गेट लगाने के लिए लोहे के पिलर लगाए जा रहे थे, जिसकी जमीन को खोदा जा रहा था। तभी वहां आसपास के लोग पहुंच गए और इसका विरोध करने लगे। भीड़ ने काम रुकवा दिया। मौके पर मौजूद नगर निगम की टीम ने इसकी सूचना नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय को दी। तुरंत ही पुलिस बल के साथ नगर आयुक्त और सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह पहुंचीं। प्रशासनिक अधिकारियों से लोग काफी देर बहस करते रहे। पुलिस की मौजूदगी में गेट लगाने का काम दोबारा शुरू किया गया और अस्थायी गौशाला का बोर्ड भी लगा दिया। लोगों का कहना था कि वह यहां गौशाला नहीं बनने नहीं देंगे। नगर आयुक्त ने विरोध कर रहे लोगों से कहा कि नगर निगम की स्थायी गौशाला गंगापुर कबडवाल में बनाई जा रही है। वहां गौशाला बनने के बाद इसे हटा दिया जाएगा। इसके बाद भी लोग नहीं माने और विरोध जताते रहे। हालांकि गेट लगाने का काम पूरा कर दिया गया। हालांकि नगर आयुक्त ने लोगों से कहा कि वह अपनी बात रखने के लिए नगर निगम आ सकते हैं।

छह माह रहेगी गौशाला

नजाकत का बगीचा के पास रहने वाले लोग गौशाला बनने के विरोध में रहे। नगर आयुक्त ने कहा कि गौशाला का निर्माण केवल छह माह के लिए किया जा रहा है लोग तब भी नहीं मान रहे थे।

> अभी अस्थायी गौशाला बनाई जा रही है। इसी तरह शहर में अन्य स्थान पर भी अस्थायी गौशाला बनाई जा रहीं हैं। नजाकत का बगीचा में गौशाला बनाने का विरोध हुआ है। वह लोग अपनी बात रखने नगर निगम आ सकते हैं। –**पंकज उपाध्याय**, नगर आयुक्त, हल्द्वानी

4 फरवरी को टूटेंगे अवैध मस्जिद और मदरसा

हल्द्वानी। मलिक का बगीचा में अवैध मस्जिद और मदरसा को हटाने का कार्य रविवार को किया जाएगा। नगर निगम ने चार फरवरी की तिथि निर्धारित कर ली है। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा से चार फरवरी को मलिक का बगीचा में भारी पुलिस बल लगाने के लिए पत्र भेजा है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय लोग मस्जिद और मदरसा को ध्वस्त किए जाने के विरोध में प्रदर्शन कर चुके हैं। हालांकि नगर प्रशासन का कहना है कि उक्त मदरसा और मस्जिद सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से बनाए गए हैं।

पत्रकार वार्ता करते संयुक्त व्यापारी संगठन समिति हल्द्वानी के पदाधिकारी।

एक मीटर की जगह तीन मीटर छूट की लगाई गुहार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : संयुक्त व्यापारी संघर्ष समिति ने जिला प्रशासन पर मुख्यमंत्री के छूट के आदेश पर प्रभावित व्यापारियों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर शनिवार को सभी व्यापारी डीएम से वार्ता करने कैंप कार्यालय जाएंगे।

शुक्रवार को प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण की जद में आए व्यापारी अतिक्रमणकारी नहीं है, लेकिन जिला प्रशासन सारा दोष व्यापारियों पर थोप रहा है जो न्याय संगत नहीं है। शहर में जाम का मुख्य कारण रोडवेज बस स्टेशन है, जिसे शिफ्ट किए जाने की जरूरत है। महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि उक्त सड़क जिला मार्ग है या स्टेट हाईवे यह स्पष्ट नहीं है। मानकों के अनुसार जिला मार्ग न्यूनतम 9 मीटर होता है। ऐसे में व्यापारियों को उजाड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के छूट के आदेश पर भ्रांति फैलाई जा रही है। प्रशासन आधा मीटर बता रहा है, जबकि मुख्यमंत्री ने दोनों तरफ एक-एक मीटर की बात कही है। हालांकि व्यापारी समाज इस छूट से खुश नहीं है। जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे ने मुख्यमंत्री से छूट के आदेश को 3 मीटर करने की गुहार लगाई, जिससे व्यापारियों का व्यापार बच जाए और सड़क भी चौड़ी हो जाए। वार्ता में महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, सतविंदर सिंह अरोड़ा, विकास धींगड़ा मौजूद रहे।

राजपुरा में चिप्स के गोदाम की जांच करतीं सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

'मैं एक्सपायर चिप्स और कुरकुरे खरीद कर बेचता हूं'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर में ठेलों पर एक्सपायर हो चुके चिप्स व कुरकुरे धड़ल्ले से बेचे जा रहे हैं। प्रशासन ने एक ठेला विक्रेता, उसकी शिनाख्त पर एक गोदाम भी पकड़ा है। इसमें भारी मात्रा में चिप्स व कुरकुरे मिले हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने चिप्स व कुरकुरे के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं।

सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह शुक्रवार को नजूल भूमि पर कब्जा लेने के लिए नजाकत खां का बगीचा पहुंची। इस बीच उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति ठेले पर चिप्स व कुरकुरे बेचने की तैयारी में है। उन्होंने चिप्स व कुरकुरे की गुणवत्ता की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। जिला अभिहीत अधिकारी संजय कुमार सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जब टीम ने पूछताछ की तो पता चला कि ठेला विक्रेता ने बताया कि वह एक्सपायर हो चुके चिप्स, कुरकुरे खरीद कर लाता है, फिर उन्हें मसाला, प्याज वगैरह लगाकर बेच देता है। पूछताछ में उसने अपना नाम बाहरे आलम हाल निवासी धोबीघाट, राजपुरा बताया। उसके बयान के आधार पर प्रशासन व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दोनहरिया स्थित प्रवीण सक्सेना के आवास पर छापेमारी की। जहां बोरों में भारी मात्रा में चिप्स व कुरकुरे बरामद हुए। जांच में सक्सेना ने बताया कि उनकी भीमताल में जय मां काली ट्रेडर्स दुकान है, उक्त दुकान के बचा हुआ स्टॉक है। इस पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने भीमताल स्थित गोदाम का निरीक्षण किया और वहां से भी चिप्स व कुरकुरे के सैंपल लिए।

> राजपुरा में एक ठेला विक्रेता ने एक्सपायर चिप्स व कुरकुरे बेचने की बात स्वीकार की है। उससे पूछताछ के आधार पर एक गोदाम भी पकड़ा है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने गोदाम, भीमताल स्थित दुकान से चिप्स व कुरकुरे के सैंपल लिए हैं। जांच में फेल होने पर इनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> –**ऋचा सिंह**, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी

मिठाई के गोदाम में मिली गंदगी, नोटिस दिया

हल्द्वानी : प्रशासन व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने प्रवीण सक्सेना के बगल में आनंद मिष्ठान भंडार का गोदाम है। टीम ने यहां निरीक्षण किया तो काफी गंदगी मिली। इस पर गोदाम कर्मचारियों की फटकार लगाई और साफ-सफाई नहीं होने पर नोटिस दिया। साथ ही खाद्य सुरक्षा एक्ट की धारा-32 में कार्रवाई की जा रही है।

आईटीआई का छात्र 10 लाख की स्मैक के साथ पकड़ा गया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पुलिस और एसओजी ने मिलकर 19 साल के आईटीआई छात्र को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी खटीमा से लाकर स्मैक को हल्द्वानी में बेचने में फिराक में था। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने मामले का खुलासा किया है।

पुलिस के अनुसार बीते गुरुवार को एसओजी और चोरगलिया पुलिस चोरगलिया क्षेत्र में गश्त कर रही थी। चोरगलिया बाजार, काठबांस होते एसओजी और पुलिस एमवीआर गेट के पास पहुंची। वहां वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। शाम करीब 8:35 बजे एक युवक सितारगंज की तरफ से पैदल-पैदल बैरियर की तरफ आया और पुलिस को देखकर पीछे घूमकर तेज कदमों से भागने लगा। शक होने पर एसओजी और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। युवक के पास से काले रंग की पन्नी में स्मैक मिली। जिसका वजन 105 ग्राम है। बाजार में इसकी कीमत करीब 10 लाख रुपये है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अभय निवासी ग्राम अमाऊं, थाना खटीमा, जिला ऊधमसिंह नगर बताया। युवक की उम्र केवल 19 साल है और वह आईटीआई का छात्र है। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक अपने दोस्त तुषार शर्मा निवासी रोडवेज अड्डा के पास खटीमा से लाया है। पुलिस ने अभय पर मुकदमा दर्ज कर उसके दोस्त तुषार की तलाश शुरू कर दी है।

ऊंचे रहन-सहन के लालच में बेचने लगा स्मैक

अभय आईटीआई का छात्र है। ब्रांडेड कपड़े, महंगे मोबाइल का शौक उसे भी था। उसका दोस्त तुषार स्मैक की कमाई से इस तरह के शौक पूरा करता है। उसे देखकर ही अभय भी इस काले कारोबार में आ गया। उसने बताया कि शुरू में वह तुषार से थोड़ी-थोड़ी स्मैक लेकर खटीमा के आसपास बेचता था। बाद में तुषार ने उसका संपर्क हल्द्वानी के स्मैक कारोबारियों से करवा दिया और वह स्मैक बेचने हल्द्वानी आने लगा। गुरुवार को भी वह हल्द्वानी की एक पार्टी को स्मैक देने आया था।

खुलासा
- खटीमा से लाकर हल्द्वानी में बेचना चाहता था स्मैक

दांतों से काटकर अंगुली के दो हिस्से कर दिए

हल्द्वानी, अमृत विचार: पांच युवकों ने एक युवक पर हमला कर दिया। एक आरोपी ने पीड़ित की अंगुली को अपने दांतों में दबाकर उसके दो हिस्से कर दिए। घायल को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। आरोपियों पर मुकदमा दर्ज हो गया है।

पुलिस के अनुसार मनोहर सिंह धौनी उम्र 40 निवासी लामाचौड़ तिकोनिया चौराहा पर अपने कार्यालय के पास खड़ा था। बीती 31 जनवरी की सुबह 10:30 बजे अचानक उसके ऊपर पांच लोगों ने हमला कर दिया। मारपीट करने वालों में से एक ने महेंद्र की अंगुली को अपने दांतों से काटकर दो हिस्से कर दिए। जिससे वह दर्द से चीख उठा। बीच-बचाव करने आए लोगों ने युवक को छुड़ाया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि मारपीट में महेंद्र की सोने की चेन भी गायब हो गई।

कठघरिया में ठप रही बिजली 25 हजार लोग रहे परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कठघरिया उपसंस्थान में 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर को बदलकर 11 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया जिस कारण शुक्रवार को लगभग 25 हजार की आबादी बिजली कटौती से परेशान रही। सुबह के समय 7 फीडरों से बिजली की आपूर्ति प्रभावित रही। इसके बाद पांच फीडरों से शटडाउन लिया गया जिस कारण दिनभर लोग परेशान रहे।

यूपीसीएल ग्रामीण के ईई डीडी पांगती ने बताया कि ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है और देर शाम तक तीन फीडरों से बिजली की आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी। डीडी पांगती ने बताया कि लगभग 12 घंटे तक कर्मचारियों ने लगातार काम किया। देर शाम तक फतेहपुर और बसानी फीडर 70 प्रतिशत क्षमता के साथ चलाया गया जबकि दमुवाढूंगा फीडर शत प्रतिशत क्षमता के साथ चलाया गया।

कटौती से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी : पिटकुल के बिजलीघर से रोस्टिंग के चलते शुक्रवार को शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र की बत्ती गुल रही। बिजली कटौती से परेशान गौलापार के ग्रामीणों ने एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन किया। गौलापार के खेड़ा गांव के लोग शुक्रवार को बिजली कटौती के विरोध में एसडीएम कोर्ट पहुंचे। उन्होंने यहां पर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्राम प्रधान लीला देवी ने बताया कि गौलापार क्षेत्र में आए दिन बिजली कटौती हो रही है।

घूनी नं. 1 व कॉलटैक्स का ट्यूबवेल ठीक न होने से जलसंकट

हल्द्वानी: कठघरिया के घूनी नं. 1 व काठगोदाम के कॉलटैक्स के पास स्थित ट्यूबवेल पांच दिन से अधिक होने के बाद भी ठीक नहीं हो पाया है जिस कारण लगभग 10 हजार की आबादी पानी के लिये परेशान है। घूनी नं. 1 में शुक्रवार को भी मरम्मत का काम किया गया।

यहां कॉलम पाइप में खराबी होने के कारण ट्यूबवेल ठीक नहीं हो पाया। दूसरी तरफ कॉलटैक्स में भी ट्यूबवेल की मोटर रिपेयरिंग की जा रही है। जल संस्थान के ईई रविशंकर लौशाली ने बताया कि दोनों ट्यूबवेल ठीक किये जा रहे हैं। कहा कि लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिये वैकल्पिक तौर पर टैंकर भेजे जा रहे हैं। बताया कि दोनों ही ट्यूबवेल को 1-2 दिन में ठीक कर लिया जाएगा।

सतर्कता | जिलाधिकारी वंदना सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित विभागों को दिए निर्देश

हादसों के लिहाज से संवेदनशील सड़कों का सेफ्टी ऑडिट हो

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

कैंप कार्यालय में बैठक करतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : डीएम/जिला सड़क सुरक्षा समिति की अध्यक्ष वंदना ने बीती 8 अक्टूबर 2023 को मंगोली बस दुर्घटना में राहत एवं बचाव कार्यों में घायल हुए इंद्र सिंह कोरंगा की मदद के लिए 50 हजार रुपये की स्वीकृति दे दी है।

डीएम वंदना ने कहा कि जनपद की सड़कों की मरम्मत के लिए 184 करोड़ के 47 प्रस्ताव शासन को भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि जिन मार्गों पर सड़क हादसे होते हैं, उन मार्गों पर रोड सेफ्टी ऑडिट सर्वे कराया जाए। सीसीटीवी कैमरे से विश्लेषण कर दुर्घटनाओं की वजहों का पता लगाया जाए ताकि दुर्घटनाओं पर लगाम कसी जा सके। डीएम ने पीरूमदारा, हिम्मतपुर, शमशारा रिसोर्ट के समीप, छीड़ाखान-मिडार मार्ग पर हादसों पर लगाम लगाने के लिए नियमित तौर पर ओवरलोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं रामनगर में प्रवर्तन की कार्यवाही नहीं होने पर डीएम ने नाराजगी भी जताई। इस दौरान आरटीओ प्रवर्तन नंद किशोर, एएसपी हरबंस सिंह, अशोक चौधरी, रविन्द्र कुमार, मनोज कुमार, मीना भट्ट आदि थे।

आतमा व नमसा में क्लस्टर विकसित किए जाए

हल्द्वानी, अमृत विचार : डीएम वंदना सिंह ने कैंप कार्यालय में कृषि विभाग की केंद्र/राज्य पोषित योजना की समीक्षा की। इसमें वर्ष 2024-25 के लिए योजनाएं प्रस्तावित की गईं। उन्होंने आतमा योजना के अंतर्गत प्रदेश एवं बाहरी राज्यों के स्तरीय संस्थानों में किसानों को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उद्यान, कृषि, पशुपालन, मत्स्य, रेशम आदि से जुड़े कृषकों को प्रशिक्षण कराया जाए। कृषकों की आय बढ़ाने के लिए नए-नए क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने को कहा। आत्मा और नमसा योजनाओं में चयनित क्लस्टर को विभागों के विभागों के समन्वय से विकसित करने के निर्देश दिए।

ये भी दिए निर्देश

1. मार्गों से अव्यवस्थित ढंग से लगे साइनेज लगाया जाए
2. प्रमुख आकर्षण प्वाइंट पर साइनेज लगाए ताकि पर्यटक व आमजन को परेशानी नहीं हो। इसके लिए प्रशासन, परिवहन व लोनिवि को सर्वे के निर्देश दिए।
3. हल्द्वानी शहर में जिन स्थानों पर नो पार्किंग जोन बना दिए हैं उन में लोनिवि की ओर के नो पार्किंग जोन के बोर्ड लगाए जाएं।

सार-संक्षेप

अभिकर्ता मनोज डालाकोटी को मातृशोक

हल्द्वानी : अमृत विचार के अभिकर्ता मनोज डालाकोटी की माता कमला डालाकोटी का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वह 83 वर्ष की थी। वह अपने पीछे चार पुत्री व एक पुत्र का भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन पर परिजनों व परिचितों ने शोक संवेदना जताई। उनके पुत्री दामाद रजनी-रमेश जोशी, मंजू-पूरन जोशी, माया-तारादत्त बहुगुणा, गीता-गिरीश जोशी, पौत्र प्रियांशु डालाकोटी शोकाकुल हैं।

कांग्रेस नेता को भ्रातृशोक

हल्दूचौड़ : वरिष्ठ कांग्रेसी एवं पूर्व प्रधान कैलाश चंद दुम्का के छोटे भाई तिरंगा कम्युनिकेशन के स्वामी त्रिलोक दुम्का का निधन हो गया। अश्रुपूरित नेत्रों से व्यवसायी त्रिलोक दुम्का को अंतिम विदाई दी गई। 48 वर्षीय दुम्का लंबे समय से गंभीर रोग से पीड़ित थे। वह अपने पीछे पत्नी, दो मासूम बच्चों, माता-पिता भाई-बहन समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल, विधायक डॉक्टर मोहन बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन दुम्का, ग्राम प्रधान रमेश जोशी, भास्कर भट्ट, मोहन चंद्र दुर्गापाल, पीतांबर दुम्का, सच्चिदानंद दुम्का, चंद्रशेखर दुम्का, हेमवती नंदन दुर्गापाल, जीवन तिवारी, हंसा दत्त दुम्का, एडवोकेट हरमोहन सिंह बिष्ट आदि शामिल रहे।

सर्टिफिकेट इन सॉफ्टवेयर स्किल्ड में मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

सर्टिफिकेट इन सॉफ्टवेयर स्किल्ड कार्यक्रम शुरू

हल्द्वानी : आईटीडीए कैल्क (हिल्ट्रान) के तिकोनिया केंद्र में तीन माह का 'सर्टिफिकेट इन सॉफ्टवेयर स्किल्ड' कार्यक्रम शुरू हो गया। इसका आयोजन युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग ने वर्ष 2023-24 के व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना के तहत किया है। कार्यक्रम में नैनीताल जिले के विभिन्न ब्लॉकों से युवा मंगल दल व प्रान्तीय रक्षक दल के अभ्यर्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शुक्रवार को कार्यक्रम का उद्घाटन युवा कल्याण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी डीएन कांडपाल ने किया। केन्द्र निदेशक प्रतिमा नैनवाल, दीपक नैनवाल, पीआरडी ब्लॉक कमांडर दिवाकर रावत, पंकज भट्ट, कैलाश चंद्र तिवारी, नवीन जोशी, सीमा बिष्ट, साहिल मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

स्काउट दीक्षा संस्कार कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

सेंट पॉल्स स्कूल में स्काउट दीक्षा कार्यक्रम संपन्न

हल्द्वानी : सेंट पॉल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठगोदाम में शुक्रवार को स्काउट गाइड दीक्षा संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट ध्वजारोहण से हुआ। इसके बाद स्काउट प्रभारी उमेश तिवारी एवं प्रभारी डॉ. रचिता जोशी ने स्काउट गाइड को दीक्षा दी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन से पूर्व राज्य सचिव स्काउट नरेन्द्र शाह ने स्काउट के बारे में बताया। जरीना रोलस्टन एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के रोवर रेंजर ने भी प्रतिभाग किया। शिक्षिका तनुजा जोशी ने स्काउट गाइड को विभिन्न कार्यक्रम कराए। कार्यक्रम में स्कूल समन्वयक डीसीएस बिष्ट, अर्चना सती, अर्चना सिंह, सुमन कांडपाल, हिमांशु जोशी आदिमौजूद रहे।

सफाई न होने से गंदगी भरी बसों में सफर कर रहे यात्री

बीते 1 फरवरी से कार्यशाला में नया ठेकेदार कर रहा काम, नहीं हो रही बसों की धुलाई व सफाई, यात्रा के दौरान लोग हो रहे परेशान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः परिवहन निगम की बसें बिना साफ-सफाई के मार्ग पर भेजी जा रही हैं। इससे यात्रियों के साथ ही चालक, परिचालकों को परेशानी हो रही है। बसों के अंदर गंदगी पटी पड़ी है, जिससे यात्रियों का निगम की बसों में यात्रा करना दूभर हो रहा है।

बता दें कि कार्यशाला के ठेकेदार का टेंडर पूरा हो जाने पर बीते 1 फरवरी से नये ठेकेदार को टेंडर आवंटित किया गया है लेकिन टेंडर होने के बावजूद अभी तक ठेकेदार ने काम शुरू नहीं किया है। सफाई न होने से यात्रियों में नाराजगी है।

कार्यशाला की ओर से सफाई नहीं किए जाने के कारण शुक्रवार को अधिकांश बसें गंदगी से पटी पड़ी नजर आईं जबकि कुछ बस चालक/ परिचालक ने खुद अपनी बसों की साफ-सफाई की। कार्यशाला के काम शुरू नहीं करने को लेकर निगम कर्मचारियों ने गहरी नाराजगी जताई है। काठगोदाम व हल्द्वानी डिपो के कई चालक-परिचालक शुक्रवार को अपनी बसों की धुलाई व सफाई करते हुए नजर आए। कर्मचारियों ने बताया कि नए ठेकेदार के कर्मचारियों ने सुबह कुछ देर सफाई बस स्टेशन पर की थी। इसके बाद कर्मचारी नदारद दिखे जिस कारण दो दिन से बसों की सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है।

सफाई नहीं होने के कारण बस में फैली गंदगी।

बोले इंचार्ज

"कार्यशाला का टेंडर नये ठेकेदार को आवंटित हुआ है। ठेकेदार को पूरे कुमाऊं रीजन की जिम्मेदारी मिली है जिस कारण कार्य प्रबंधन उचित तरीके से नहीं हो रहा है जिससे बसों की सफाई व धुलाई प्रभावित हो रही है।
- डीएन जोशी, संचालन इंचार्ज, काठगोदाम डिपो

डिपो के कार्यालय और वेटिंग रूम में चारों तरफ पसरी गंदगी

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः रोडवेज स्टेशन पर सफाई का जिम्मा नए ठेकेदार को मिला है। बीते 1 फरवरी से रोडवेज स्टेशन कार्यालय व परिसर में सफाई करने के लिए नया टेंडर आवंटित हुआ है। ठेकेदार के सफाईकर्मी ड्यूटी पर तो आ रहे हैं लेकिन उनकी ओर से सफाई नहीं की जा रही है जिस कारण हल्द्वानी डिपो के कार्यालय और वेटिंग रूम में चारों तरफ गंदगी पसरी पड़ी है।

रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि बीते 1 फरवरी से डिपो में सफाई के लिये नए ठेकेदार को जिम्मेदारी मिली है लेकिन सफाई कर्मियों के सफाई नहीं करने के कारण रोडवेज कर्मचारियों के साथ ही वेटिंग रूम में यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। रोडवेज कर्मचारी नवनीत कपिल ने बताया कि सफाई कर्मी दिखावे के लिये ड्यूटी कर रहे हैं। सफाई के नाम पर केवल बाहर से झाड़ू लगाई जा रही है। अन्य कर्मचारियों ने बताया कि सफाई कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं और ठेकेदार भी अपनी जिम्मेदारी से भाग रहा है। एआरएम सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि ठेकेदार को पूरे रीजन की जिम्मेदारी मिली है। बताया कि सफाई नहीं होने की शिकायत मिल रही है जिसके लिये उच्च स्तर पर अवगत कराया जाएगा। वहीं, जब इस संबंध में आरएम पूजा जोशी से जानकारी लेनी चाही तो कई बार संपर्क करने के बाद भी उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की।

"कार्यशाला के कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं, जिससे यात्रियों व चालक परिचालकों को दिक्कतें हो रही हैं। नए ठेकेदार को कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करनी चाहिए, जिससे प्रतिदिन बसों की साफ-सफाई हो सके।
- नवनीत कपिल, रोडवेज कर्मचारी

"नई कार्यशाला के टेंडर हुए दो दिन हो गए हैं लेकिन कर्मचारी बसों की सफाई नहीं कर रहे हैं। शुक्रवार को भी सफाई नहीं की गई जिस कारण चालकों ने गंदगी से भरी बसें मार्ग पर दौड़ाईं। गंदगी के कारण यात्रियों ने भी परेशानी झेली।- कमल पपनै, कर्मचारी नेता

गरमपानी और बेतालघाट में पांच स्टाफ नर्स तैनात

संवाददाता, गरमपानी

सुविधा
- गरमपानी को चार जबकि बेतालघाट में मिली एक को तैनाती
- स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर होने की जगी उम्मीद

अमृत विचार : सैकड़ों गांवों के मध्य में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी व बेतालघाट को लंबे इंतजार के बाद पांच स्टाफ नर्स मिल गई है। स्टाफ नर्सो की तैनाती होने से अब स्वास्थ्य सेवाओं के और बेहतर होने की उम्मीद है। क्षेत्रवासियों ने स्टाफ नर्सो की तैनाती होने पर स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया है।

लंबे समय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी तथा बेतालघाट में स्टाफ नर्सो के रिक्त पड़े होने से स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा जा रही थी। स्टाफ नर्सो की कमी से मरीजों को भी तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था पर अब क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर है। स्वास्थ्य विभाग ने सीएचसी गरमपानी में चार जबकि बेतालघाट में भी एक स्टाफ नर्स की तैनाती कर दी गई है।

स्टाफ नर्सो की तैनाती होने से कुछ हद तक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होने की उम्मीद है। चिकित्सा प्रभारी डा. सतीश पंत के अनुसार पांचों स्टाफ नर्सो को तैनात किया जा चुका है। सभी को लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

21 दुकानें होंगी निरस्त 47 मकान मालिकों की कटेगी आरसी

लालकुआं। नगर पंचायत लालकुआं 21 व्यावसायिक दुकानों के निरस्तीकरण के साथ ही 47 मकान मालिकों द्वारा भवन कर जमा न करने पर उनके खिलाफ आरसी काटने की कार्रवाई करेगा।

अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत की 21 दुकानों का कुछ वर्षों से किराया प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जिसको देखते हुए अब दुकानों के निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। साथ ही 47 ऐसे बड़े बकायेदार हैं जिन्होंने कुछ वर्षों से भवनकर जमा नहीं किया है। ऐसे दुकान व भवन स्वामियों की आरसी काटने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सोमवार से विधिवत आरसी काटने की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

भोजन माता हेमा देवी को पाक कला में मिला प्रथम पुरस्कार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः भोजन माताओं की पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन एमबी इंटर कॉलेज में हुआ। 16 स्कूलों की भोजन माताओं ने इसमें प्रतिभाग किया। हेमा देवी को पाक कला में प्रथम पुरस्कार मिला।

भोजन माताओं के बनाए गए व्यंजनों में पालक का कापा, मिश्रित हरी सब्जी, झुंगरें की खीर, भट्ट की चूड़कानी, गहद की दाल, छोले, राजमा, पालक पनीर, पुलाव, झोली, बथुए की सब्जी, सरसों का साग आदि शामिल रहे। एमबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीके पंत ने पीएम पोषण योजना के बारे में जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में स्थानीय खाद्य पदार्थों को अधिक से अधिक बनाने का प्रयास जाना है। प्रतियोगिता के निर्णायक कुसुम लता जलाल, इफ्तखार अहमद रहे।

निर्णायक मंडल ने राप्रावि छड़ायल सुयाल की भोजन माता हेमा देवी को प्रथम, राबाइका हल्द्वानी की भोजन माता नीमा आर्या को द्वितीय और राउप्रावि मुखानी की भोजन माता जानकी को तृतीय चुना। इस दौरान जीजीआईसी की प्रधानाचार्य सुधा जोशी, हरीश बिष्ट, गीता आर्य, मुकुल कुमार जोशी, अफरोज बानो, इफ्तखार, प्रेमा शैल, अजरा बानो आदि उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में विजेता रहीं भोजन माताएं। ● अमृत विचार

बियरशिबा स्कूल में हुए रंगारंग कार्यक्रम

संवाददाता, हल्द्वानी

उत्साह
- विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ मनाया संस्थापक दिवस
- सरस्वती एकेडमी की ऋतु रखोलिया प्रथम

अमृत विचारः बियरशिबा स्कूल में संस्थापक दिवस मनाया गया। विभिन्न स्कूल के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की शुरूआत सोसायटी के संस्थापक एनएनडी भट्ट का जन्मदिन मनाकर हुई। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने प्राइमरी वर्ग की थीम मेरा प्यारा घर, जूनियर वर्ग की थीम कुछ ऐसा बनाओ जो तुम्हें हंसा सके और सीनियर वर्ग की थीम कुमाऊनी विवाह थी। प्रतिभाग के आधार पर प्राइमरी वर्ग में सरस्वती एकेडमी की ऋतु रखोलिया को प्रथम, बीएलएम एकेडमी की भाविका पांडे को द्वितीय और केवी स्कूल की यशांक कुमार को तृतीय और गुरुकुल इंटर नेशनल स्कूल की याशिका जोशी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

जूनियर वर्ग में गुरुकल इंटरनेशनल स्कूल की सृष्टि पैथानी प्रथम, इंस्पिरेशन स्कूल के अक्षय राजपूत द्वितीय और जीकेआई स्कूल की जागृति अधिकारी को तृतीय स्थान और सरस्वती एकेडमी के जायेश जोशी को सांत्वना पुरस्कार मिला। सीनियर वर्ग में बीएलएम एकेडमी के रिचा गड़िया को प्रथम, जीकेआई स्कूल मानसी गड़कोटी को द्वितीय, केवीएम पब्लिक स्कूल की प्रियांशी नेगी को तृतीय और इंसप्रेसन स्कूल दिव्यांशू गिरीराज को सांत्वना पुरस्कार मिला। कला के क्षेत्र में गुरुकल इंटर नेशनल स्कूल ने प्रथम, बीएलएम एकेडमी ने द्वितीय और सरस्वती स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने कुमाऊनी भाषा में हास्य कविताएं भी सुनाईं। इनमें चिन्मय पांडेय विजेता रहे। लोक नृत्य में डॉन बास्को की टीम विजेता रही। इस दौरान प्रधानाचार्य मीना सती, फाउंडर मैनेजर निरुपमा भट्ट तलवार, चेयरपर्सन तिलकराज तलवार, अध्यक्ष निरुपेंद्र भट्ट तलवार, मुस्कान तलवार, एचएस बब्बर आदि मौजूद थे।

लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विभिन्न स्कूलों के बच्चे। ● अमृत विचार

पौड़ी लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस संयोजक का स्वागत करते पूर्व विधायक रणजीत रावत व अन्य कांग्रेसी। ● अमृत विचार

भाजपा को करारा जवाब देगी जनता

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : लोक सभा चुनावों में पौड़ी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस के संयोजक व विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि चुनाव में इस बार देश की जनता भाजपा को करारा जवाब देगी।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ लेवल तक संगठन को मजबूत किया जाएगा और पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संवाद किया जाएगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अभी से ही घर-घर जाकर भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियां जनता को बताएं और कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को जनता के बीच रखें। इससे पूर्व विक्रम सिंह नेगी के रामनगर पहुंचने पर पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल, निवर्तमान चेयरमैन मो. अकरम, अनिल अग्रवाल, नगर अध्यक्ष भुवन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष देश बंधु रावत, ओम प्रकाश, नरेश कालिया, ललिता उपाध्याय, पुष्पा देवी, उषा जोशी, बीना रावत, सरिता टम्टा, ममता आर्या, गिरधारी लाल आदि मौजूद रहे।

480 रुपये किलो बिक रहा लहसुन

गरमपानी : कोसी घाटी के बाजारों में लहसुन की कीमत में भारी उछाल आ गया है। 480 रुपये किलो की कीमत पर बिक रहे लहसुन से जहां लोग दूरी बना रहे हैं वहीं होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए भी परेशानी खड़ी हो गई है। लहसुन उत्पादन वाले क्षेत्रों में उपज खराब होने को कीमतों के बढ़ने का सबसे बडा. कारण माना जा रहा है। फल व सब्जियों के दामों में भी बढ़ोतरी हो चुकी है।

पहाड़ में सब्जी व फलों की कीमत लगातार बढ़ रही है। समय पर बारिश न होने से कई सब्जियों की उपज बाजार तक नहीं पहुंच रही है ऐसे में बड़ी मंडियों से सब्जियां कोसी घाटी पहुंच रही जिस कारण दाम बढ़ चुके हैं। गरमपानी, खैरना व आसपास के बाजार में लहसुन की कीमतें आसमान पहुंच गई है। अमूमन दो सौ रुपये तक बिकने वाला लहसुन वर्तमान में 480 रुपये किलो तक पहुंच चुका है।

वैटलैंड डे पर रामनगर में बच्चों ने किया भ्रमण

रामनगर में वैटलैंड का भ्रमण करते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचारः विश्व आर्द्रभूमि दिवस (वैटलैंड) पर राजकीय इंटर कालेज ढेला के बच्चों ने आर्द्र भूमि क्षेत्र का भ्रमण किया। साथ ही फिल्म देख परिस्थिति में आर्द्र भूमि के महत्व को समझा।

बच्चों को जानकारी देते हुए वरिष्ठ नेचर गाइड सुरेश रावत ने बताया कि यह दिवस प्रत्येक साल 2 फरवरी को पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग का सामना करने में आर्द्रभूमि जैसे दलदल तथा मंग्रोव के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। जीव विज्ञान प्रवक्ता सीपी खाती ने बताया कि नमी या दलदली भूमि वाले क्षेत्र को आर्द्रभूमि या वैटलैंड कहा जाता है। इस दौरान नवेंदु मठपाल, जया बाफिला, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, हिमांशु मनराल, दीपक फर्त्याल, प्रभा प्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्बेट ग्राम विकास समिति ने छात्रों को पक्षियों का दीदार कराया

कालाढूंगी। विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर कार्बेट ग्राम विकास समिति छोटी हल्द्वानी व नेचर गाइडों ने छात्रों को पक्षी अवलोकन कराया। शुक्रवार को समिति द्वारा 25 छात्रों को गूलरभोज डैम का भ्रमण कराते हुए पक्षियों की 24 प्रजातियों का दीदार कराया। डब्लूडब्लूएफ की कृतिका भावे व सनी जोशी, मोहन पांडे, इंदर सिंह, राकेश बेलवाल, दीपक शर्मा, राम सिंह रावत, कमला पांडे आदि मौजूद रहे।

छात्रों को भ्रमण कराते कॉर्बेट विकास समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

पहल पांच करोड़ का भेजा प्रस्ताव, एक बार फिर से लोगों को जगी आस

गिरिजा देवी मंदिर का दो फेज में होगा कार्य

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : लाखों लोगों की आस्था का केंद्र गिरिजा देवी धाम के टीले की दशा सुधारने की आस फिर से जागृत हो गई है क्योंकि विभाग जल्द ही इसके सुधार की दिशा में कदम उठाने जा रहा है। अब दो फेजों में कार्य किए जाने की सिंचाई विभाग की योजना है। सिंचाई विभाग ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है।

प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर में हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु देश के अलग-अलग हिस्सों से दर्शन के लिए पहुंचते हैं। आस्था के इस प्रसिद्ध देवी मंदिर के टीले में आई दरारें लगातार बढ़ रही हैं। 2010 से आई दरारें हर बार बरसात के सीजन में बढ़ती जा रही हैं, जिससे मंदिर पर खतरा मंडराने लगा है। मंदिर की मिट्टी लगातार धंस रही है। लेकिन 14 साल बाद भी आज तक टीले की मरम्मत और मंदिर के सुरक्षात्मक कार्य के लिए बजट पास नहीं हो पाया है। अब रामनगर के प्रसिद्ध गिरिजा देवी मंदिर के टीले की सुरक्षा कार्य के लिए सिंचाई विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने पूर्व में नौ करोड़ 23 लाख रुपये की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी थी।

बीते दिनों मंदिर के कार्य को लेकर मंदिर के पुजारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात भी की थी। इस पर मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य जल्द ही शुरू कराने का आश्वासन दिया था। अब आगामी मानसून सीजन को देखते हुए कार्य को दो फेज में कराया जाएगा। इसमें पहले फेज में गिरिजा देवी मंदिर के टीले की सुरक्षा के लिए सीसी ब्लॉक बनाए जाएंगे।

विभाग ने पहले फेज के लिए पांच करोड़ 80 लाख रुपये का बजट शासन को भेजा है। शासन की स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि पहले फेज के लिए शासन को पांच करोड़ 80 लाख रुपये का बजट शासन को भेजा गया है, शासन से बजट मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

रामनगर स्थित गिरिजा मंदिर। ● फाइल फोटो

सार संक्षेप

भाजपा के प्रदेश प्रभारी गौतम का पुतला फूंका

भाजपा के उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता।

हल्द्वानी : आईएनडीआईए पर भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम की अमर्यादित टिप्पणी से नाराज कांग्रेस ने गौतम का पुतला फूंका। शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता बुद्ध पार्क में इकट्ठा हुए। यहां उन्होंने भाजपा के प्रदेश प्रभारी गौतम के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन को लेकर गौतक की टिप्पणी भाजपा की ओछी मानसिकता और अहंकार को दर्शाता है। भारत के राजनैतिक इतिहास में विपक्ष के मुख्य नेताओं को लेकर कभी भी इस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं किया गया, जैसा कि भाजपा नेता ने किया है। भाजपा नेताओं की ऐसी भाषा उनकी हताशा और डर को दर्शा रहा है। गुस्साए कांग्रेसियों ने गौतम का पुतला फूंका। इस दौरान हेमन्त बगड़वाल, मधु सांगुड़ी, मलय बिष्ट, मंजू दानू, विनोद कुमार, जीवन कार्की, गोविंद बगड़वाल, मंयक भट्ट, कन्नू परगाई, राजेन्द्र बिष्ट, पार्षद राधा आर्य, मीमांशा आर्य, गीता बहुगुणा, कमला तिवारी, राजू सुयाल, आलोक शर्मा मौजूद रहे।

बैलपड़ाव में एलईडी उत्पादन यूनिट का शुभारंभ

बैलपड़ाव में एलईडी उत्पादन यूनिट का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : गिरिजा बुटीक एवं महिला विकास संस्था ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत बैलपड़ाव में एलईडी उत्पादन यूनिट का शुभारंभ किया। इसमें कोटाबाग ब्लॉक की 60 तथा हल्द्वानी की 30 महिलाएं मिलकर कार्य करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नाबार्ड के महाप्रबंधक विनोद बिष्ट ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का तकनीकी क्षेत्र में उभरकर आगे आना एक सराहनीय कार्य है। महिलाओं के बनाए उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने में नाबार्ड पूरा सहयोग करेगा। डीडीएम मुकेश बेलवाल ने एलईडी प्रशिक्षण के बाद नाबार्ड योजना के तहत सफल मॉडल प्रोजेक्ट की रूपरेखा बतायी। एलडीएम केपी आर्य ने संस्था के एलईडी प्रोजेक्ट की चर्चा। संस्था अध्यक्ष गीता सत्यवली ने सभी अधिकारियों का आभार जताया। इस मौके पर प्रदीप सिंह, संदीप भाटिया आदि मौजूद रहे।

दो दिवसीय स्टार्टअप कैंप का हुआ समापन

कार्यशाला में छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन करते लोग।

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में दो दिवसीय स्टार्ट अप बूट कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रथम सत्र में समन्वयक डॉ. प्रेम प्रकाश ने छात्र-छात्राओं के तैयार किए गए प्रस्तावों को और अधिक प्रभावी बनाने संबंधी जानकारी दी। द्वितीय सत्र में उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के विषय विशेषज्ञ डॉ. सुमित कुमार ने सर्वश्रेष्ठ 10 उद्यमी मॉडल का चयन किया गया। नंदिनी सागर, ललित सिंह, सौम्या बिष्ट, हिमानी, कमल सिंह, शैली, शिवानी, आशुतोष, अमर सिंह, चेतन, संदीप, स्नेहा, मनीषा आदि ने मॉडल प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. सीडी सूंठा ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालयों में चलाए जा रहे कार्यक्रम की सराहना की। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, डॉ. प्रेम प्रकाश व डॉ. नवल किशोर लोहनी, डॉ. गोविंद बोरा, डॉ. दीपा गोबाड़ी, डॉ. ज्योति टम्टा उपस्थित रहे।

स्वेटर पाकर बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

रामनगर में स्वेटर के साथ स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

रामनगर : इंटरनेशनल पायनियर क्लब रामनगर ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय पदमपुर छोई के 34 छात्र-छात्राओं को स्वेटर बांटे। स्वेटर पाकर बच्चो के चेहरों पर मुस्कान देखी गयी। इस दौरान क्लब के संस्थापक सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, महासचिव कमलेश्वर जोशी, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र अग्रवाल, ममता रावत, राजीव जोशी मौजूद रहे।

दर्जा राज्य मंत्री ने छात्रों से किया सीधा संवाद

छात्रों से संवाद करते अतिथि। ● अमृत विचार

रामनगर। छात्रों से संवाद कार्यक्रम के तहत पीएनजी डिग्री कॉलेज में पहुंचे दायित्वधारी दर्जा राज्यमंत्री उपाध्यक्ष पेयजल सलाहकार समिति दिनेश चंद्र आर्य ने छात्रों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों की समस्याएं सुनीं व उनके निराकरण का भरोसा भी दिलाया। कार्यक्रम में भुवन चंद्र आर्य, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश दफौटी, प्राचार्य मोहन चंद्र पांडेय, क्षेत्र पंचायत सदस्य किशोरी लाल, भूपेंद्र खाती, दिनेश मेहरा, जिला कार्यकारिणी सदस्य गणेश कुमार गगन, नगरअध्यक्ष आशीष कुमार, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भुवन चंद्र, अमित कुमार विनीत कुमार, पीएनजी कॉलेज की अध्यक्ष ललित कालाकोटी मौजूद रहे।

नेता प्रतिपक्ष के घर पर हुआ माघ खिचड़ी का कार्यक्रम

यशपाल आर्य के आवास पर पहुंचे किच्छा विधायक बेहड़। ● अमृत विचार

हल्द्वानी : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के छड़ायल स्थित आवास पर पावन माघ मास की खिचड़ी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न राजनैतिक दलों व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, सतीश नैनवाल, परमजीत सिंह शंटी, गोविंद सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

कोटाबाग के शिक्षा अधिकारियों के निजी स्कूलों को बायोमेट्रिक सत्यापन की सूचना नहीं देने से हजारों छात्र छात्रवृत्ति से रह गए वंचित

स्कूलों को नहीं दी बायोमेट्रिक सत्यापन कराने की सूचना

ललित पांडे, हल्द्वानी

अमृत विचार: केंद्र सरकार की दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में कोटाबाग के शिक्षा अधिकारियों ने बायोमेट्रिक सत्यापन के लिए निजी स्कूलों को सूचना ही नहीं दी, जिससे सैकड़ों बच्चे छात्रवृत्ति से वंचित रह गए।

दशमोत्तर योजना में एससी, एसटी, ओबीसी आदि वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है। योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य कर दिया है। 31 जनवरी तक जिले के सभी विद्यालयों व संस्थानों के प्रबंधकों, नोडल अधिकारियों के बायोमेट्रिक सत्यापन होना था। इसके लिए जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से जगह-जगह कैंप लगाए गए थे लेकिन कोटाबाग के शिक्षा अधिकारियों ने इसकी सूचना निजी स्कूलों को दी ही नहीं, जिससे इन स्कूलों के प्रबंधकों का बायोमेट्रिक सत्यापन नहीं हो पाया।

शिक्षा विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा अब गरीब तबके के छात्रों को उठाना होगा, क्योंकि स्कूल प्रबंधकों के सत्यापन के बिना छात्रों का भी सत्यापन नहीं हो पाएगा। बता दें कि कोटाबाग ब्लॉक में 15-17 निजी स्कूल हैं, जिसमें अध्ययनरत सैकड़ों बच्चों को अब छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल पाएगा।

बार-बार तारीख बढ़ने के बाद है यह हाल

दशमोत्तर छात्रवृति के लिए बार-बार तारीख बढ़ाई गई, उसके बावजूद छात्रों को इसका लाभ नहीं मिल पाया। बता दें कि इसके लिए पहले 31 दिसंबर, फिर 15 जनवरी व 31 जनवरी तक तारीख बढ़ी। समाज निदेशालय के मुताबिक, शिक्षा सत्र 2023-24 के राज्यभर में अब तक 118015 छात्रों ने योजना में आवेदन किया है।

> यह मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। खंड शिक्षा अधिकारी कोटाबाग से इस संबंध में जानकारी ली जाएगी।
> **- नागेंद्र बर्थवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी, नैनीताल**

रामनगर में छात्रवृत्ति में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी। ● अमृत विचार

जय मोहन कॉलेज के 12 विद्यार्थियों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

रामनगर। जय मोहन इंटर कॉलेज कानियां, रामनगर के कक्षा आठ में अध्ययनरत 12 छात्र- छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है। विद्यालय में आयोजित समारोह में विद्यालय के प्रबंधक अमन जोशी व संरक्षक गोपाल दत्त जोशी, प्रधानाचार्य महेश दत्त तिवारी, उप प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह मनराल ने सभी को सम्मानित किया। इस दौरान भुवन चंद्र तिवारी, प्रमोद कुमार सुंडली, प्रमोद कुमार बनकोठी, गौरव रावत, प्रभा खुल्वे, निशा सैनी, भावना बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

झलुवाझाला के सात छात्रों का छात्रवृत्ति के लिए चयन

कालाढूंगी। कोटाबाग के राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय झलुवाजाला कोटाबाग से सात छात्रों का चयन एनएमएमएसएस छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। इसमें राआउप्रावि झलुवाझाला की छात्रा किरन बगड़वाल और वैष्णवी बिष्ट का चयन शिवानंद नौटियाल छात्रवृत्ति में व देवेश धौनी, विजय महरा, दीक्षा पांडेय, भावना पांडेय का चयन एनएमएमएसएस छात्रवृत्ति में तथा विनय प्रताप शर्मा का चयन श्री देव सुमन छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। छात्रों के चयन पर अभिभावक संघ समिति के अध्यक्ष विनोद बुढलाकोटी, दीप चंद्र बुढलाकोटी, हरीश पुनेठा, योगेश्वर पांडे, मीरा आर्या ने बधाई दी है।

कोटाबाग के झलुवाझाला स्कूल में चयनित छात्रों के साथ अभिभावक संघ के अध्यक्ष विनोद बुढलाकोटी व शिक्षक। ● अमृत विचार

स्कूलों की सीबीईएसई में संबद्धता की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, आवेदन करना होगा

हल्द्वानी, अमृत विचार: केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की सत्र 2025-26 में संबद्धता के लिए अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। स्कूलों को संबद्धता के लिए इस तिथि तक आवेदन करना होगा।

बोर्ड सचिव हिमांशु गुप्ता ने सभी स्कूलों को सर्कुलर जारी कर कहा हे कि अगले सत्र की संबद्धता शुरू हो गई है। एक फरवरी से 30 अप्रैल तक स्कूल मिडिल क्लास सिलेबस के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही सेकेंडरी लेवल, सीनियर सेकेंडरी लेवल की नई संबद्धता के लिए आवेदन इसी दौरान किए जा सकते हैं। साथ ही जिन स्कूलों को सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी स्तर की कक्षाओं की अनुमति लेनी है वह भी उक्त तिथि के दौरान आवेदन करना होगा। साथ ही स्कूलों की भूमि विस्तार, एक सोसायटी से दूसरे स्कूल स्थांतारित करने, ट्रस्ट के नाम परिवर्तन आदि का आवेदन भी करना होगा।

युवा पीढ़ी की नसों में जहर घोल रहा है नशा

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बढ़ता नशा युवा पीढ़ी की धमनियों में जहर घोल रहा है। अगर यही हाल रहा तो भविष्य में सेना में देश सेवा का सपना संजोने वाले युवाओं का भविष्य चौपट हो जाएगा। इसलिए नशे से खुद भी दूर रहें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें। यह बात सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल पीरुमदारा में आयोजित गोष्ठी मे उभर कर सामने आई।

उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशन में मादक पदार्थों के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के संबंध में डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एमसी पांडे के सहयोग से नशे के खिलाफ ई प्रतिज्ञा दिलाई गई। नोडल ऑफिसर पीएनजी पीजी कॉलेज डॉक्टर जया भट्ट तथा एंटी ड्रग सेल सदस्य डॉक्टर नितिन डोमेन योगाचार्य ने 31 जनवरी 2024 को सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल पीरुमदारा रामनगर से ई-शपथ कार्यक्रम की शुरुआत की थी। कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को मादक पदार्थ निरोधक संदेश दिया गया।

नशे के खिलाफ विचार रखती छात्रा।

सिंथिया में बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्रों को दी गई विदाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा 12 की केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की आगामी परीक्षाओं के लिए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का संचालन निधि क्वीरा व हर्षित बिष्ट ने किया।

प्रधानाचार्य प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने छात्रों से परीक्षा के दिनों में अपना पूरा फोकस पढ़ाई पर केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के डिजिटल पर्यावरण से दूरी बनाकर रहने में ही भलाई है। फेसबुक, इंस्टाग्राम व व्हाट्सएप जैसे सामाजिक प्लेटफार्म परीक्षा के दौरान बड़ी समस्या पैदा कर सकते हैं। इस अवसर पर कक्षा 11 के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। साथ ही कक्षा 12 के छात्रों को गिफ्ट भी दिए। वंशिका चौधरी ने विदाई भाषण प्रस्तुत किया। शीतल साह ने स्कूल में व्यतीत किये अपने दिनों की विशेष बातों को सबके सामने रखा। कार्यक्रम में स्कूल की निदेशक रश्मि रौतेला, सी. मिश्रा, अकेडमिक कॉर्डिनेटर बीबी जोशी, महेश जोशी, बीसी सती, हेमा तिवारी, आईडी जोशी, नीमा पांडेय, ऋचा कर्नाटक, ममता मौलेखी, एसएस कपकोटी, कविता लोहनी, बीएस बजेठा, त्रिभुवन जोशी, भुवन मेलकानी, भाष्कर तिवारी आदि मौजूद रहे।

सिंथिया स्कूल में विदाई समारोह में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

मुंबई के लोगों को भाए जैविक उत्पाद

हल्द्वानी, अमृत विचार : कृषि विभाग नैनीताल से पीकेवीवाई के तहत चयनित जैविक उत्पादों के स्टॉल मुंबई कौथिग में छाए रहे। उत्तराखंड के जैविक उत्पाद लोगों की पहली पसंद बने रहे।

नवी मुंबई में 24 से 28 जनवरी तक मुंबई कौथिग का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। कौथिग में उत्तराखंड की जैविक दालें राजमा, गहत, भट्ट, मसूर, मिलेट्स मडुवा, झंगोरा, सब्जियां गडेरी, मूला, नींबू, अदरक, गेठी, भांग, भंगिरा, जम्मू, गांद्रानी की जमकर बिक्री हुई। मुंबई में स्टॉल लगाने वाले ग्राम फत्ताबंगर के किसान मोहन लोशाली ने बताया कि इस प्रकार के बड़े मेलो में जैविक उत्पादों के अच्छे दाम मिलते हैं। स्टाल में जैविक उत्पादों की बिक्री में सहयोग जैविक ट्रेनर अनिल पांडे ने किया।

घायल युवक की हालत नाजुक

लालकुआं। पच्चीस एकड़ कॉलोनी में तीन युवकों द्वारा हमला कर गंभीर रूप से घायल किए गए विशाल शर्मा की हालत अब भी नाजुक है। उसे वेंटिलेटर में रखा गया है। इधर पुलिस ने जांच के बाद मुकदमे को धारा 307 के तहत तरमीम कर दिया है।

तीन दिन पूर्व 25 एकड़ निवासी विशाल शर्मा और लक्ष्मण चौहान पर कॉलोनी के ही तीन युवकों द्वारा प्राण घातक हमला कर दिया था, जिसमें विशाल शर्मा व उसका एक अन्य साथी गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। पुलिस ने विशाल शर्मा की मां विमला देवी की तहरीर पर लवकुश, राजकुमार व आकाश कुशवाहा निवासी 25 एकड़ कालोनी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर किया था। आज कोतवाली से हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी सोमेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने भोजीपुरा स्थित राम मूर्ति चिकित्सालय जाकर अस्पताल प्रशासन से बातचीत की, जिसके आधार पर पुलिस ने उक्त मुकदमे को धारा 307 आईपीसी के तहत तरमीम कर दिया है।

तीसरी बार संजय अध्यक्ष व सुनील महामंत्री निर्वाचित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन जनपद शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन शुक्रवार को रुद्राक्ष बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। इस दौरान एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का चुनाव हुआ, जिसमें लगातार तीसरी बार संजय डबराल को अध्यक्ष और सुनील कुमार पंत को महामंत्री चुना गया।

अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक बंशीधर भगत, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, ब्लॉक प्रमुख रुपा देवी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने की। इस अवसर पर एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ।

जिसमें लगातार तीसरी बार संजय डबराल अध्यक्ष, सुनील कुमार पंत महामंत्री चुने गए। जबकि नवीन कपिल कोषाध्यक्ष, भगवत नाथ गोस्वामी वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमोद तिवारी को प्रांतीय प्रतिनिधि चुना गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी हल्द्वानी दीवान सिंह कन्याल, रामनगर उमाकांत पंत, भीमताल तनवीर असगर, धारी,महेश्वर अधिकारी, जगदीश पंत, सहायक खंड विकास अधिकारी रमेश जोशी, किरण पांडे, रमेश चंद जोशी, बृजमोहन बिष्ट, अनूप सिंह चौकरायत,, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, परियोजना निदेशक अजय सिंह, निवर्तमान पार्षद प्रमोद पंत, मनोज जोशी समेत जिले के सभी ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

अधिवेशन के दौरान उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम विकास अधिकारियों को सम्मानित करते सीडीओ अशोक पांडे। ● अमृत विचार

उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

अधिवेशन की पहली पाली में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम विकास अधिकारियों को सम्मानित किया गया। जिसमें कोटाबाग से भूपेंदर गोस्वामी, रामगढ़ से उमेश पालड़िया, धारी से कैलाश चंद्र दानी शामिल रहे। इसके अलावा सभी आठ विकासखंडों के प्रथम व द्वितीय उत्कृष्ट कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम

- ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न

सीडीओ को सौंपा छह सूत्रीय मांग पत्र

ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने सीडीओ को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने वर्ष 2013 में चयनित ग्राम विकास अधिकारियों के योगदान की तिथि की विसंगति दूर करने, हर विकासखंड में बैठने व दस्तावेजीकरण के रखरखाव, फर्नीचर एवं कम्प्यूटर की व्यवस्था देने, स्थानांतरण नीति के तहत सुगम व दुर्गम क्षेत्रों का निर्धारण स्थानांतरण एक्ट के अनुसार करने, मनरेगा योजनाओं के तहत प्रतिमाह 500 रुपये मानदेय और एक एनड्रोइड फोन देने, सोशल ऑडिट के दौरान आने वाली समस्याओं का जिला स्तर से समाधान करने और विकासखंड से संचालित योजनाओं के दस्तावेजीकरण के लिए समय-समय पर सामग्री प्रदान करने की मांग की।

तारीखों पर नहीं आ रहे थे तस्कर कोर्ट के आदेश पर फिर गिरफ्तार

संवाददाता, चोरगलिया

अमृत विचार : वन विभाग ने कछुआ तस्करी के मामले में वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार किया है।

हल्द्वानी वन डिवीजन की नंधौर रेंज के अंतर्गत वन टीम ने बीती4 अगस्त 2022 को गश्त के दौरान मृत्युंजय अधिकारी, छुटकी विश्वास निवासी शक्तिफार्म को पकड़ा। उनके पास से 4 कछुए बरामद हुए थे। तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। बाद में वे रिहा हो गए थे। रिहा होने के बाद उन्होंने कोर्ट में पैरवी बंद कर दी और तारीखों पर कोर्ट में हाजिर भी नहीं हो रहे थे। इस पर कोर्ट ने दोनों तस्करों के गैर जमानती वारंट जारी कर 5 फरवरी तक गिरफ्तारी के आदेश दिए थे।

कोर्ट के आदेशानुसार, रेंजर भूपाल सिंह मेहता के नेतृत्व में टीम ने शुक्रवार को मृत्युंजय अधिकारी व छुटकी विश्वास को उन्हीं के घर में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है। दोनों का मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में पेश किया गया। टीम में प्रताप सिंह बिष्ट, मोहन चंद, ज्योति जोशी, राजेंद्र प्रसाद, सुरेश सिंह, कुंवर सिंह, चंद्र प्रकाश आदि शामिल थे।

सट्टे की खाईबाड़ी करते छह लोग दबोचे

रामनगर। पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते छह लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पुरानी आबकारी वाली गली में सट्टा चल रहा है। मौके पर उपनिरीक्षक आसिफ खान ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए राहुल बम्बाघेर ,महेन्द्र बम्बाघेर, विजय सिंह निवासी धनपुर घासी रामनगर, दिलशाद निवासी शक्तिनगर, दीपक निवासी पनचक्की के पास चोरपानी व ओमकार निवासी ग्राम रामपुर पीलीभीत उप्र को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से सट्टे के 5230 रुपये बरामद किए गए। आरोपियों पर जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया।

वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठग लिए 6.20 लाख

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः सुभाष कॉलोनी की रहने वाली एक युवती से वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप था कि फेसबुक आईडी पर पेंसिल कंपनी का प्रचार दिखाकर साइबर ठगों ने ठगी को अंजाम दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुभाष कॉलोनी निवासी ममता चौहान ने बताया कि वह एक आईलेट्स की कोचिंग करती है। 17 जनवरी 2024 को उसने फेसबुक आईडी पर नटराज पेंसिल कंपनी का विज्ञापन देखा। जिसमें वर्क फ्रॉम होम के माध्यम से पैसा कमाने का अवसर दिया गया था। विज्ञापन में प्रकाशित मोबाइल नंबर पर जब कॉल की तो अंकित नाम के युवक ने फोन उठाया। जिस ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर 620 रुपये का भुगतान करवाया। इसके बाद कच्चा माल देने के नाम पर कई किस्तों में 1.20 लाख रुपये का भुगतान करवाया। जब वादे के मुताबिक सामान नहीं आया तो कॉलर का पुनः फोन आया। खुद को पेंसिल कंपनी का कर्मचारी बताते हुए कुटरचित तरीके से खाते से ऑनलाइन 6.20 लाख रुपये की धनराशि निकाल ली। जब मोबाइल पर नकद निकासी का मैसेज आया तो ठगी का आभास हुआ। जब बैंक में पड़ताल की तो खाते से लाखों रुपये निकासी की जानकारी मिली। पीड़िता ने साइबर क्राइम पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर धोखाधड़ी की जांच शुरू कर दी है।

बॉब ने स्कूली बच्चों को बैग और अध्ययन सामग्री बांटी

खटीमा। जेके पब्लिक स्कूल सत्रहमील में आयोजित कार्यक्रम में बैंक ऑफ़ बड़ौदा भगचूरी द्वारा नर्सरी और यूकेजी के बच्चों को स्कूल बैग सहित अध्ययन सामग्री वितरित की गई।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक हरदेव सिंह राणा ने नर्सरी और यूकेजी के बच्चों को स्कूल बैग नोटबुक वॉटर बॉटल सहित अध्ययन की सामग्री वितरित की बच्चों के लिए अध्ययन सामग्री वितरित करने पर प्रबंधक अजय को अजय कुमार मौर्य प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र तिवारी ने शाखा प्रबंधक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मो. हनीफ, अजय कुशवाहा, सुमन जोशी, एकता, खुशबू, भावना, प्रीति, आलिया, मधुमिता, संदीप, ज्योति, प्रांजल, अंशुल, ममता आदि थे।

बोले-मॉलिक्यूलर तकनीक नवाचार का जरूरी हिस्सा, जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी में हुई कार्यशाला

चिकित्सा में मॉलिक्यूलर तकनीक कारगर: डॉ. संजय

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

अमृत विचारः उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी एवं हाई मीडिया लैब मुंबई की ओर से ऑटोमेटिक न्यूक्लिक एसिड एक्सट्रेक्टर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि परिषद के निदेशक डॉ.संजय कुमार, वैज्ञानिक डॉ. कंचन कार्की, डॉ. सुमित पुरोहित, डॉ. मणिंद्र मोहन एवं विशेषज्ञ एप्लीकेशन साइंटिस्ट हाई मीडिया लैब डॉ. अनुपम पांडेय एवं राजीव राय ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

शुक्रवार को कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. कुमार ने जैव प्रौद्योगिकी में मॉलिक्यूलर

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते निदेशक डॉ.संजय कुमार। ● अमृत विचार

तकनीक की उपयोगिता की जानकारी दी। साथ ही मॉलिक्यूलर तकनीकों को नवाचार का जरूरी हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि आज मॉलिक्यूलर तकनीक की सहायता से घातक बीमारियों की पहचान कम से कम समय में की जा सकती है। आज की सीखी हुई आधुनिक तकनीक की भविष्य में बहुत मांग है, इसलिए उज्जवल भविष्य के लिए प्रतिभागी इसे पूर्ण मनोयोग से सीखें। विषय विशेषज्ञ डॉ. अनुपम पांडेय एवं राजीव राय ने ब्लड नमूनों से डीएनए का ऑटोमेटिक पृथक्करण करने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही उन्होंने प्रोटीन नमूनों का पृथक्करण की जानकारी प्रतिभागियों को दी। परिषद के वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कंचन कार्की ने मॉलिक्यूलर बायोलॉजी की नवीन तकनीकों की जानकारी दी।

इस दौरान जीबी पंत विवि. पंतनगर, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय, देहरादून, इन्वर्टिस विवि बरेली, कुमाऊं विवि नैनीताल, आईएफटीएम मुरादाबाद एवं टीएमयू मुरादाबाद के 100 से अधिक स्नातक, परास्नातक एवं पीएचडी के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ.मणिंद्र मोहन ने किया। इस दौरान डॉ. सुमित पुरोहित, मेजर अशोक कुमार राठौर, डॉ.सुमित पुरोहित, अनुज कुमार, केशव रावत, ललित मिश्रा, सौरभ पंडा, अनुज जॉन, अनुपम आजाद, लोकेश त्रिपाठी, वैशाली पलेरिया, मेधा सिंह, धीरज सूंठा, भूपाल सिंह, बबीता, मनोज शाह समेत कई लोग उपस्थित रहे।

क्या है ऑटोमेटिक न्यूक्लिक एसिड एक्सट्रेक्टर

पंतनगर। ऑटोमेटिक न्यूक्लिक एसिड एक्सट्रेक्टर तकनीक से विभिन्न प्रकार के नमूनों जैसे कि खून, पौध, जल, मिट्टी, जीवाश्म, जीवाणु इत्यादि के डीएनए एवं आरएनए का सही व सटीक तरीके से पृथक्करण किया जाता है। ताकि आगे की तकनीक जैसे पीसीआर, डीएनए फिंगर प्रिंटिंग, बारकोडिंग एवं एडिटिंग आदि महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं से सही और सटीक निष्कर्ष कम समय में निकाला जा सकता है।

हादसों की रोकथाम के लिए युवाओं को दें यातायात नियमों की जानकारी: डीएम

जिलाधिकारी ने किया चालक व सहायक के लिए तैयार स्कूल बस हैंडबुक का विमोचन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में परिवहन विभाग की ओर से ड्राइवरों और सहायकों के लिए तैयार हैंडबुक स्कूल बस का विमोचन किया। साथ ही कहा कि मानवीय चूक के कारण होने वाली वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जनता विशेषकर युवाओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए।

शुक्रवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि डिग्री कॉलेजों के खुलने और बंद होने के समय एलईडी वैन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को विशेष रूप से जागरूक किया जाए। उन्होंने वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले व्यक्ति को परेशान न करने, बल्कि उसे प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये। गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) व्यक्ति से संबंधित आदेश एवं एक्ट की प्रतियां तहसील, ब्लॉक, थाने और अस्पतालों में चस्पा कराने के निर्देश लोनिवि के अभियंताओं को दिये।

रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

सुरक्षित वाहन चलाएं और सुरक्षित घर जाएं

रुद्रपुर। जिलाधिकारी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित वाहन चलाएं और सुरक्षित घर जाएं। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने, वाहन दुर्घटना में घायल व्यक्ति की अवश्य मदद करने, दो पहिया वाहन चलाते समय अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट का उपयोग करने और चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करने की अपील की।

यह लोग रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, अधिशासी अभियंता लोनिवि अरुण कुमार, राजकुमार, मैनेजर एनएचएआई मीनू, एआरटीओ विमल पांडे, निखिल, जितेंद्र चंद, चक्रपाणि मिश्रा आदि उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों एवं एनएच किनारे स्थित बड़े विद्यालयों में प्रातःकाल प्रवेश और छुट्टी के समय भार वाहनों को कुछ समय पर प्रतिबंधित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने गन्ना समितियों के साथ वार्ता करते हुए गन्ना वाहनों में रिफ्लेक्टर लगवाने के निर्देश परिवहन विभाग के अधिकारियों को दिये। नगर निगम रुद्रपुर में फुट ओवर ब्रिज निर्माण के लिए जन सामान्य की राय लेने और अधिक क्रॉसिंग वाले क्षेत्र में ही फुट ओवर ब्रिज निर्माण कराने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत 14 फरवरी तक वृहद्ध स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये।

राज्य कर की कार्रवाई के बाद काशीपुर की फर्म ने जमा किए साढ़े 15 लाख

रुद्रपुर। विगत दिवस राज्य कर विभाग की टीम ने काशीपुर, बाजपुर और दिनेशपुर में चार फर्मों में छापा मारकर दो करोड़ 90 लाख के टर्नओवर पर करीब 52 लाख रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी थी। वहीं टीम की कार्रवाई के बाद शुक्रवार को काशीपुर की दो फर्म के स्वामी ने साढ़े 15 लाख रुपये जमा कर दिये हैं।

यहां बता दें कि राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश शर्मा व संयुक्त आयुक्त ठाकुर रणवीर सिंह के निर्देश पर स्पेशल इन्वेस्टीगेशन ब्रांच (एसआईबी) प्रभारी रजनीश यशवस्थी के नेतृत्व में टीम ने बुधवार की देर सायं काशीपुर की दो फर्मों, बाजपुर और दिनेशपुर में एक-एक फर्म में छापा मारा। कागजातों की जांच में फर्म स्वामियों की ओर से अधिकांश खरीद फर्जी बिलों से करने की जानकारी मिली।

फर्जी बिलों के आधार पर फर्म स्वामी लोहे के स्क्रैप की सप्लाई काशीपुर, बाजपुर और किच्छा आदि क्षेत्रों में लोहे की फैक्ट्रियों में कर रहे थे। एसआईबी प्रभारी ने बताया कि कार्रवाई के बाद काशीपुर के फर्म स्वामियों ने साढ़े 15 लाख रुपये की धनराशि जमा कर दी है। उन्होंने बताया कि अभी फर्म स्वामियों की सुनवाई जारी है।

रुद्रपुर के खिलाड़ियों ने जीते दो स्वर्ण पदक

उपलब्धि

- 29 से 31 जनवरी तक काठमांडू में आयोजित हुई प्रतियोगिता
- भारत समेत सात देशों के 91 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः काठमांडू में आयोजित तृतीय साउथ एशियन स्पोर्ट्स गेम्स में रुद्रपुर के चार बैडमिंटन खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए दो स्वर्ण पदक जीतकर जनपद के साथ ही उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में भारत के अलावा नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को काठमांडू से लौटने के बाद बैडमिंटन कोच गोविंद परिहार ने बताया कि 29 से 31 जनवरी तक नेपाल कौंसिल ऑफ स्पोर्ट्स के तत्वावधान एवं साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ ऑल स्पोर्ट्स द्वारा काठमांडू में तृतीय साउथ एशियन स्पोर्ट्स गेम्स 2023 का आयोजन किया था। भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद के नेतृत्व में देश के 91 खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि बैडमिंटन डबल टीम स्पर्धा में दमदार प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य पपनेजा एवं पीयूष दानू की जोड़ी ने सेमी फाइनल में बांग्लादेश को 10-21, 15-21, 18-21 के स्कोर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने बताया कि फाइनल में मेजबान नेपाल की टीम को 21- 11, 15-21 और 21-17 के अंतर से हराकर देश के लिए स्वर्ण पदक जीते। मिक्सड डबल्स में गुरबाणी कौर और रवि पॉप्तानी ने भी स्वर्ण पदक जीता। जबकि कुंवरजीत सिंह अरोड़ा का प्रदर्शन शानदार रहा। अरविंद चित्तौड़िया बैडमिंटन खेल के मुख्य कोच की भूमिका में रहे। जल्द ही एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर डीएसओ गिरीश कुमार, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शरद जोशी, जिला जु–जित्सू संघ ऊधमसिंह नगर के महासचिव ऋषि पाल भारती, मनोज सिंह, नीतीश कुमार, नवनीत राव सहित सभी खेल प्रेमी जनता ने शुभकामनाएं दी है।

जीत के बाद खुशी जताते स्वर्ण पदक विजेता। ● अमृत विचार

सूचना

एक किता आराजी वाकै मौजा कचनालगाजी तहसील काशीपुर जिला उ.सि. नगर में स्थित है जिसका खसरा सं. 265 मिन रक्बा 300 वर्ग फिट यानि 27.88 वर्ग मीटर है। जोकि दलीप सिंह पुत्र श्री कुन्दन सिंह रावत ने जरिये पंजीकृत बैनामा दिनांक 30-04-2019 के क्रमांक 3124 पर सब-रजिस्ट्रार कार्यालय काशीपुर में श्री शेखर यादव पुत्र श्री जगदीश सिंह से क्रय की है। यह कि प्रार्थी दिनांक 01.02.2024 को अपने पूर्ववती बैनामें की मूल प्रति व अन्य कागजात थैले में रखकर तहसील परिसर काशीपुर में किसी आवश्यक कार्य हेतु जा रहा था, कि प्रार्थी का थैला तहसील परिसर में कहीं गिर गया काफी तलाशने पर भी नहीं मिला है। जिसमें पंजीकृत पूर्ववती बैनामा दिनांक 30-04-2019 वही नं. 01 जिल्द नं. 5583 पृष्ठ संख्या 133-150 क्रमांक 3124 की मूल प्रति जो श्री दलीप सिंह पुत्र श्री कुन्दन सिंह रावत के नाम से था। जो कि प्रार्थी को काफी तलाशने पर भी नही मिला जिसका प्रार्थी को डर है कि उपरोक्त खोये हुये बैनामें का कोई गलत उपयोग न कर ले एवं उक्त बैनामा किसी बैंक में गिरवी नहीं है। इस बैनामों से सम्बन्धित आज तक कोई वाद-विवाद किसी भी न्यायालय में याजित नहीं है। यदि किसी को आपत्ति हो तो दिये गये नम्बर पर सम्पर्क करें -6398955197, 7617799514

– श्री गुरप्रीत सिंह पुत्र श्री सरवन सिंह, निवासी ग्राम कचनालगाजी, तहसील काशीपुर, जिला ऊधमसिंह नगर

थाने में खड़ीं पुलिस द्वारा पकड़ी गई बुलेट। ● अमृत विचार

पटाखे जैसा शोर करने वाली पांच बुलेट सीज

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचारः लंबे समय से ब्लॉक और नगर क्षेत्र में रेट्रो साइलेंसर लगाकर पटाखे जैसा तेज शोर करने वाले बुलेट बाइकों के खिलाफ पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर पांच बाइकों को पकड़ कर सीज कर दिया। पुलिस की कार्रवाई से रेट्रो साइलेंसर बुलेट चालकों में हड़कंप मचा है।

नगर व आसपास के क्षेत्र में बुलेट चालक बाइक में रेट्रो साइलेंसर लगाकर सड़कों में पटाखे फोड़ने जैसा तेज शोर मचाते गुजरते थे। कई बुलेट चालक थाने के सामने ही पटाखे छोड़ते हुए निकल जाते थे। इन बुलेट चालकों से परेशान लोगों ने बुलेट गाड़ियों के फोटो खींचकर थाने भेजना शुरू कर दिए। शिकायत का संज्ञान लेते हुए थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी के नेतृत्व में पुलिस ने मुख्य बाजार, आवास विकास कालोनी, गुलरभोज रोड एवं दिनेशपुर मोड़ पर अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने अभियान चलाकर पांच बाइकों को सीज किया है। थाना अध्यक्ष जोशी ने बताया कि बुलेट बाइक यूके 06 केऐ 2221, यूके06ऐआर 8456, यूके 06बीएफ 7826, यूके06ऐयू 0029, यूके 06 एक्स 3800 को पड़कर सीज कर दिया गया है। थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया कि बुलेट चालक रेट्रो साइलेंसर के जरिए तेज पटाखे वाली आवाज निकाल कर आम लोगों और दुकानदारों को परेशान करते हैं। जनता की शिकायतों के मद्देनजर रेट्रो साइलेंसर वाली बुलेट बाइक के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। वाहन पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक पूरन सिंह तोमर, बसंत प्रसाद, भूपेंद्र सिंह, लालताआदि रहे।

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज
रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला-नैनीताल (उत्तराखण्ड-263139)
दूरभाष सं.- 05946-255255, 255926, फैक्स नं. - 05946-282578

नीलामी संख्या : 318/जी.एम.सी./बी.-08/वाहन पार्किंग-चिकित्सालय-07/हल्द्वानी दिनांक : 02 फरवरी, 2024

खुली बोली/नीलामी सूचना (दो पहिया वाहन पार्किंग)

"**राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी**" के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी के परिसर में मुख्य गेट के निकट स्थापित लगभग 200 दो पहिया वाहनों के "**वाहन पार्किंग**" संचालन कार्य हेतु जिन बोलीदाताओं द्वारा संस्थान के "**सम्पत्ति विभाग**" के कार्यालय से "**नीलामी प्रपत्र**" को दिनांक 31.01.2024 के अपरान्ह 05:00 तक प्राप्त किया गया था, उनके द्वारा अपने-अपने वांछित प्रपत्रों को राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के प्रशासनिक भवन में प्रथम तल पर स्थापित "**सम्पत्ति विभाग**" के कार्यालय में दिनांक 01.02.2024 के पूर्वान्ह में 11:00 बजे तक जमा किया जाना था एवं "**नीलामी समिति**" द्वारा दिनांक 01.02.2024 के अपरान्ह 04:00 बजे "**खुली बोली / नीलामी**" की प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी।

संस्थान द्वारा "**वाहन पार्किंग**" संचालन कार्य के संबंध में दिनांक 01.02.2024 को की जाने वाली सम्पूर्ण प्रक्रिया को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। उक्त "**खुली बोली / नीलामी**" की प्रक्रिया में जो बोलीदाता अपने "**नीलामी प्रपत्र**" को दिनांक 01.02.2024 के पूर्वान्ह में 11:00 बजे तक जमा नहीं कर पाये थे, उनके द्वारा अपने वांछित "**नीलामी प्रपत्र**" को राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के प्रशासनिक भवन में भूमि तल पर रखे गये "**निलामी बॉक्स**" में सुरक्षा गार्ड, पुलिसकर्मी व सी.सी.टी.वी. की उपस्थिति में स्थल पर रखे गये रजिस्टर में अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुये उसे दिनांक 05.02.2024 से दिनांक 07.02.2024 की अवधि में अपरान्ह 03:00 बजे से 05:00 बजे मध्य "**निलामी बॉक्स**" में डाला जाना है। "**नीलामी समिति**" द्वारा समस्त प्राप्त प्रपत्रों पर खुली बोली / नीलामी की प्रक्रिया दिनांक 08.02.2024 के अपरान्ह 04:00 बजे पूर्ण जायेगी। इस संबंध में "**नीलामी समिति**" को किसी भी अथवा सभी बोलीदाताओं को बिना कारण बताये सम्पूर्ण "**नीलामी**" प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दूरभाष संख्या - 05946-255255, 255926

प्राचार्य
राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी

भागवत कथा के श्रवण से अंतर्मन में आती है शुद्धता

गांधी पार्क में भागवत कथा सुनते विधायक अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से गांधी पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। इस दौरान दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी उमेशानंद ने विधायक अरोरा को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

शुक्रवार को भागवत कथा के शुभारंभ के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा कथा का आयोजन बेहद सुंदर और व्यवस्थित तरीके से किया है। जिसके श्रवण मात्र से अंतरमन में शुद्धता और शांति के भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं के सुखद अनुभव का अहसास होता है। निश्चित रूप से ब्यास पीठ से उच्चारण की जाने वाले उपदेश जीवन मे आत्मसात करने से व्यक्ति को सामाजिक जीवन को जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भागवत कथा को सुनने हजारों भक्त पूरी आस्था के साथ शामिल होते हैं जो यह दर्शाता है कि सनातन संस्कृति की जड़े युगों-युगों से गतिमान है। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक सिंघल, स्वामी उमेशानंद, पूर्व पार्षद सुशील यादव, भाजपा नेता सुरेश कोली, बिट्टू चौहान समेत कई भक्त मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

छात्रा की अश्लील फोटो बनाने का आरोपी छात्र गिरफ्तार

रुद्रपुर। राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय की बीए द्वितीय की छात्रा की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी छात्र से कई बार आग्रह करने के बाद भी जब छात्र की हरकत कम नहीं हुई तो पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शारदा कॉलोनी के रहने वाली एक छात्रा सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय की बीए द्वितीय की छात्रा है। बताया कि उसी कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में पढ़ने वाले छात्र प्रियांशु बरेली व हाल निवासी बिगवाड़ा मंडी द्वारा बेटी की इंस्टाग्राम एकाउंट से फोटो निकालकर अश्लील फोटो में बनाकर इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी देनी शुरू कर दी। जिसका पता चलने पर पीड़िता के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि छात्र द्वारा लगातार बेटी को ब्लैकमेल करने लगा। आरोप था कि कई बार समझाने के बाद भी छात्र की हरकत कम नहीं हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रारंभिक पड़ताल में आरोप सही पाए गए। बावजूद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साध्वी देवप्रिया के जन्मदिन पर हवन का आयोजन

काशीपुर। महिला पंतजलि योग समिति की केंद्रीय प्रभारी साध्वी देवप्रिया के जन्मदिन पर नगर महिला योग समिति की ओर से पंचकुंडीय यज्ञ का आयोजन किया गया। शुक्रवार को शिव गौरी विहार में साध्वी देवप्रिया के जन्मदिन पर नगर महिला कमेटी ने हवन किया। बताया कि उनके नेतृत्व में एक लाख बहने देश में योग सेवा प्रदान कर रही है। पंतजलि महिला सदस्यों ने हवन मे आहुति दी। इस दौरान कमला रेखाड़ी, आशा, सती रावत, गुंजन, सुमित्रा, पुष्पा रौतेला, हंसी, कुसुम, कमला बिष्ट, इंदु आदि मौजूद रही।

कांग्रेस विधायकों सुमित हृदयेश और भुवन कापड़ी को समझाते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

पुलिस कार्यालय पर धरना देते डिप्लोमा धारक। ● अमृत विचार

फर्जी डिप्लोमा प्रकरण को लेकर हंगामा, पुलिस से भिड़े विधायक

कांग्रेसी विधायक सुमित हृदयेश एवं कांग्रेस नेता पनेरू ने युवाओं संग दिया धरना, सीओ पंतनगर से हुई तीखी नोकझोंक, भारी संख्या में पहुंचा पुलिस बल

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: सिडकुल की नामी गिरामी ऑटो कंपनी प्रबंधन के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से भड़के कांग्रेसी विधायक एवं कांग्रेस नेता ने युवाओं के साथ पुलिस कार्यालय पर हंगामा काटा और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सीओ व कांग्रेस नेता में नोकझोंक हुई। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस कार्यालय छावनी में तब्दील हो गया और मौके पर आला अधिकारी पहुंच गए। एसएसपी के आने के बाद ही मामला शांत हुआ।

शुक्रवार को हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश और कांग्रेस नेता हरीश पनेरू प्रशिक्षण प्राप्त युवा बेरोजगारों के साथ एसएसपी कार्यालय पहुंचे और नामी गिरामी ऑटो कंपनी के नामजद आरोपी प्रबंधन की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इस दौरान समझाने आए पंतनगर सीओ तपेश कुमार और कांग्रेस नेता पनेरू के बीच जमकर तीखी नोकझोंक होने लगी। जिस की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस लाइन का फोर्स मौके पर पहुंचा और हंगामे की सूचना मिलते ही एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल भी मौके पर आए और जल्द कार्रवाई का आश्वासन देने लगे।

सीओ पंतनगर से नोकझोंक करते विधायक सुमित हृदयेश व कांग्रेस नेता पनेरू।

इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष एवं खटीमा विधायक भुवन कापड़ी भी धरना स्थल पहुंचे। जिसके बाद स्थिति बिगड़ने लगी और विधायकों ने एसएसपी पर जन प्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाना शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि कई साल बर्बाद करने के बाद सिडकुल की अशोका लीलैंड कंपनी द्वारा कराए गए फर्जी प्रशिक्षण देकर शिक्षित युवाओं को फर्जी प्रमाण पत्र थमाकर नौकरी नहीं दी। तीन साल तक आंदोलन करने के बाद दिसंबर माह में कंपनी प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ तो पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। उन्होंने कार्रवाई नहीं होने तक धरना जारी रखने का ऐलान कर दिया। जिसकी सूचना मिलते ही एसएसपी मंजूनाथ टीसी मौके पर पहुंचे और तीन से चार माह के अंदर कठोर कार्रवाई का आश्वासन देकर विधायकों को समझाने में सफल हुए। इसके बाद ही पुलिस अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर भुवन भट्ट, शिव सरकार, जीवन मंडल, इंदर सिंह, विनोद जोशी, अमन राठौर, देवेंद्र सिंह, दर्शन सिंह, प्रह्लाद सिंह, तारा सिंह कोरंगा, गणेश जोशी, शुभम बिष्ट, हरीश पांडे, बृजेश भट्ट, देवेंद्र मलिक, चंद्रकांत जोशी आदि रहे।

विधायकों के तेवर देख बुखार में भी आए कप्तान

जांच का आदेश

- मौके पर खुद संभाला मोर्चा आला अधिकारी दिखे बेबस
- आईपीएस निहारिका करेगी फर्जीवाड़े की जांच

मनोज आर्या, रुद्रपुर

अमृत विचार: नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश द्वारा जनप्रतिनिधियों का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाने और सदन का बहिष्कार करने की चेतावनी के साथ ही कांग्रेस नेता हरीश पनेरू के आत्मदाह के ऐलान की भनक लगते ही बुखार होने के बावजूद एसएसपी मंजूनाथ टीसी पुलिस कार्यालय पहुंचे। खुद मोर्चा संभालते ही विधायकों की नाराजगी को दूर करते हुए फर्जीवाड़े प्रकरण की जांच आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर रुद्रपुर से कराने का आदेश कर दिया।

शुक्रवार की दोपहर तीन बजे विधायक सुमित हृदयेश व कांग्रेस नेता हरीश पनेरू फर्जीवाड़े के शिकार युवाओं के साथ पुलिस कार्यालय पहुंचे। जहां एसएसपी की मौजूदगी नहीं होने पर विधायक ने कप्तान को कई बार फोन किया। मगर कॉल रिसीव नहीं हुआ। जिससे गुस्साए विधायक ने कप्तान पर जनप्रतिनिधि को अपमानित करने का आरोप लगा दिया। उसके कुछ ही देर में नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी भी आ धमके और दोनों विधायकों ने प्रकरण को सदन में उठाने का ऐलान कर दिया। वहीं कांग्रेस नेता हरीश पनेरू ने गिरफ्तारी नहीं होने पर आत्मदाह की चेतावनी तक दे डाली। विधायकों के सदन में अपमान के खिलाफ मुद्दा उठाने और आत्मदाह की खबर मिलते ही एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने पहले फोन पर बात की और उसके कुछ ही देर बाद पुलिस कार्यालय विधायकों की बात सुनी।

क्या है फर्जीवाड़ा डिप्लोमा प्रमाण पत्र

रुद्रपुर। कांग्रेस नेता एवं फर्जीवाड़ा डिप्लोमा धारकों की पैरवी करने वाले हरीश पनेरू ने बताया कि वर्ष 2011 में सिडकुल की अशोका लीलैंड कंपनी ने स्किल इंडिया के नाम पर शिक्षित युवाओं को तीन साल का प्रशिक्षण दिया था, लेकिन प्रशिक्षण किसी प्रशिक्षार्थी का तीन साल तो किसी का चार से पांच साल का रहा। इसके बाद कंपनी ने लगभग 250 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देकर नौकरी नहीं दी। आरोप था कि जब प्रमाण पत्र लेकर डिप्लोमा धारक अन्य कंपनियों में रोजगार की तलाश में गए तो डिप्लोमा फर्जी बताकर वापस कर दिया, जबकि कंपनी ने नौकरी का भी आश्वासन दिया था। जब डिप्लोमा प्रमाण पत्रों की पड़ताल की गई तो प्रशिक्षण किसी और का और काम कहीं और का करवाया गया। इसके चलते पिछले तीन सालों से बेरोजगार कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

29 दिसंबर को हुआ प्रबंधन पर मुकदमा

रुद्रपुर। आंदोलित डिप्लोमा धारकों का कहना था कि वर्ष 2011 में डिप्लोमा कराने के नाम पर कई साल गंवा डाले और पिछले तीन सालों से संघर्ष करने के बाद श्रम आयुक्त की जांच रिपोर्ट और मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद थाना पंतनगर पुलिस ने 29 दिसंबर 2023 को कंपनी प्रबंधन के सात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया और आरोप था कि मुकदमा दर्ज करने के बाद पीड़ितों के बयान दर्ज किए गए। प्रबंधन की ओर से किसी को भी नहीं बुलाया गया।

> डिप्लोमा धारकों को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर है। यही कारण है कि 29 दिसंबर को मुकदमा पंजीकृत किया गया। बावजूद कांग्रेस नेता हरीश पनेरू के शिकायती पत्र के आधार पर ही आईपीएस प्रशिक्षु को जांच सौंपी गई है। ताकि पारदर्शी तरीके से प्रकरण की जांच हो सके। इसके अलावा 420 धोखाधड़ी प्रकरण साक्ष्यों के आधार पर चलता है। प्रकरण को लेकर किसी भी प्रकार कोई दबाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विवेचक निहारिका तोमर की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। **-मंजूनाथ टीसी**, एसएसपी ऊधमसिंह नगर

कप्तान ने बताया कि बुखार आने के कारण वह फोन नहीं उठा पाए थे। कप्तान के बुखार में दौड़े-दौड़े आना चर्चा का विषय बन गई। इस दौरान एस एसएसपी ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पनेरू के शिकायती पत्र पर फर्जीवाड़ा प्रकरण की जांच आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर से कराने का आदेश भी कर दिया। साथ ही गुस्साए विधायकों को आश्वस्त किया कि तीन से चार माह के अंदर बयानों एवं मजबूत साक्ष्यों के आधार पर कंपनी प्रबंधन की गिरफ्तारी के साथ ही कठोर कार्रवाई की जाएगी।

6 से देहरादून में धरना देने का ऐलान

डिप्लोमा इंजीनियर

- नौ सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से डिप्लोमा इंजीनियर नाराज

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पदोन्नति समेत नौ सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के पदाधिकारियों का कार्य बहिष्कार जारी है। पदाधिकारियों ने पांच फरवरी तक मांग पूरी नहीं होने पर 6 फरवरी से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग देहरादून के कार्यालय में जनपदवार धरना देने और 15 फरवरी से आम हड़ताल करने का ऐलान किया है।

शुक्रवार को उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ से जुड़े डिप्लोमा इंजीनियर लोक निर्माण विभाग में एकत्रित हुए। इस दौरान डिप्लोमा इंजीनियरों ने कहा कि वे पिछले कई समय से सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर पदोन्नति, कनिष्ठ अभियंताओं के स्थायीकरण समेत अपर सहायक अभियंता पद पर पदोन्नति, सहायक अभियंता पद पर डीपीसी देने आदि की मांग उठा रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

लोनिवि कार्यालय परिसर में प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर। ● अमृत विचार

संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने बताया कि 5 फरवरी तक लंबित मांगों पर सकारात्मक निर्णय न होने पर 6 फरवरी से लोनिवि के प्रमुख अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर 15 फरवरी से पूर्ण रूप से हड़ताल की घोषणा कर दी जाएगी। इस अवसर पर लोनिवि संघ के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष आरएस मेहरा, प्रांतीय संगठन सचिव योगेश ततराड़ी, विनोद कुमार, प्रकाश पंत, जीबी भट्ट, प्रकाश लाल, पीसी बहुगुणा, हरगोविंद सिंह, हरीश बसेड़ा, राजेश पंतोला, मनमोहन सिंह समेत कई डिप्लोमा इंजीनियर मौजूद रहे।

पुत्री के ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

काशीपुर। यहां एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के ससुरालियों पर दहेज के लिए बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

काशीपुर निवासी अनवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी पुत्री का विवाह दो वर्ष पूर्व जनपद मुरादाबाद के थाना कटघर निवासी नदीम के साथ किया था। विवाह में बाइक, फ्रिज समेत अन्य सामान उपहार स्वरूप दिया था। आरोप लगाया कि शादी के समय नदीम के एक रिश्तेदार ने बताया था कि लड़का वेल्डिंग का काम करता है। जबकि बाद में पता चला की नदीम कोई काम नहीं करता। कहा कि नदीम के उसी रिश्तेदार ने नदीम को दो लाख रुपये उधार दिलवाये थे। जिसे चुकता करने के लिए उनके दामाद नदीम ने दहेज में दी गई बाइक समेत अन्य सामान बेच दिया। आरोप लगाया कि इसका विरोध करने पर पुत्री चांदनी के साथ नदीम ने मारपीट की। साथ ही आरोप लगाया कि नदीम व ससुराली दहेज में अब बाइक व पैसों की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित कर रहे है। पुलिस ने तहरीर अनुसार संबंधित धाराओं में नदीम सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आज साफ रहेगा मौसम, कल कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना

रुद्रपुर। तराई में पिछले कई दिनों से कोहरे के साथ शीतलहर चलने और धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। मौसम वैज्ञानिकों ने तीन फरवरी को मौसम साफ रहने और चार फरवरी को तराई के कई स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। शुक्रवार को तराई में सुबह से मौसम साफ रहा और सूर्यदेव के दर्शन हुए। हालांकि धूप के साथ शीत लहर भी चलती रही। धूप निकलने पर लोगों को राहत मिली। वहीं सायं होते-होते शीतलहर के साथ ठंड भी बढ़ गयी। वहीं जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं तराई के वातावरण में नमी की मात्रा 46 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पश्चिम से 7.7 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चली। उन्होंने बताया कि शनिवार को मौसम साफ रहेगा और धूप निकलेगी, जबकि रविवार को तराई के कई स्थानों पर तीन मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना है।

मिलेगी सुविधा — एसडीएम ने किया मौका मुआयना, जल्द ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश, जल्द दौड़ेंगे वाहन

निर्माणाधीन आरओबी पर पड़ा अंतिम स्लैब

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: बाजपुर रोड स्थित निर्माणाधीन फ्लाईओवर पर जल्द ही वाहन दौड़ते नजर आ सकते है। कार्यदायी संस्था ने निर्माण कार्य की अंतिम स्लैब डालने का कार्य शुरू कर दिया है। जिसके बाद यह पुल आवागमन के लिए तैयार हो जाएगा। उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर आरओबी का निरीक्षण किया।

बता दें कि वर्ष 2016 में बाजपुर रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग से निजात दिलाने के लिए यहां फ्लाईओवर के निर्माण कार्य शुरू किया गया था। जो कभी निरीक्षण तो कभी विलंब और बाद में वर्ष 2020 में कोरोना के कारण प्रभावित होता चला गया और उसके निर्माण को लेकर कई निर्धारित तारीख भी बदल गई। लेकिन आरओबी का कार्य समय से पूर्ण नहीं हो सका।

बाजपुर रोड निर्माणाधीन फ्लाईओवर का निरीक्षण करते एसडीएम व अन्य। ● अमृत विचार

करीब सात वर्ष बीतने के बाद भी पुल का निर्माण न होने पर लोगों में आक्रोश भी रहा। अब पुल का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में पहुंचा चुका है।

शुक्रवार को आरओबी का अंतिम स्लैब डालने का कार्य शुरू किया है। स्लैब के बाद रेलवे की इंस्पेक्शन होगी और सब ठीक रहा तो जल्द ही आरओबी पर आवागमन शुरू हो जाएगा। वही एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर कार्यदायी संस्था के अजय शर्मा से आरओबी निर्माण कार्य को लेकर जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उधर केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने कहा कि उनके और उनकी टीम द्वारा आरओबी निर्माण के बाद पुल के नीचे लाइट व सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाने का प्रयास किया जाएगा।

बता दें कि वर्ष 2016 में बाजपुर रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग से निजात दिलाने के लिए यहां फ्लाईओवर के निर्माण कार्य शुरू किया गया था। जो कभी निरीक्षण तो कभी विलंब और बाद में वर्ष 2020 में कोरोना के कारण प्रभावित होता चला गया और उसके निर्माण को लेकर कई तारीख भी निर्धारित की गई। छः वर्ष बीतने के बाद भी पुल का निर्माण न होने पर लोगों में आक्रोश भी रहा। अब पुल का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है जो जल्द ही आवागमन के लिए शुरू किया जाएगा।

एक नजर

राष्ट्रीय एथलेटिक्स के लिए चार छात्रों का चयन

काशीपुर। लिटिल स्कॉलर्स स्कूल के चार छात्रों का चयन एथलीट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह छात्र 16 से 18 फरवरी 2024 तक अहमदाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक्स मीट में प्रतिभाग करेंगे। ऊधम सिंह नगर जिले से कुल 13 एथलीटों का चयन राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिसमें से चार एथली सहजदीप कौर, गीतमन कौर, निकिता रावत व अनुज लिटिल स्कॉलर्स स्कूल के है। स्कूल से पहली बार यह छात्र 16 से 18 फरवरी 2024 को अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय अंतर जिला जूनियर एथलेटिक मीट में भाग लेगे। जिसमें अंडर 14 में ट्रायथलॉन बी के लिए सहजदीप कौर और ट्रायथलॉन बी के लिए गीतमन कौर चयनित हुए है। वही अंडर 16 में निकिता रावत और अनुज को भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए चुना गया है।

अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बाजपुर। दोराहा व सुल्तानपुर पट्टी चौकी की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को 60 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। जिसमें ग्राम कनौरा निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र स्व .जसवंत सिंह को ग्राम कनौरा से किशनपुर उप्र बार्डर की ओर जाने वाले मार्ग पर एक खेत के किनारे से 30 लीटर कच्ची शराब समेत गिरफ्तार किया है। जबकि ग्राम महुआडाली निवासी गुरनाम सिंह पुत्र चांद सिंह को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ कोसी नदी के मानकी घाट के पास से पकड़ा है।

15 दिन के भीतर पानी की निकासी की व्यवस्था न हुई तो होगा आंदोलन

नहर कवरिंग के अव्यवस्थित कार्य से परेशान वार्ड 7 व 8 के निवासियों ने दी चेतावनी

संवाददाता, किच्छा

किच्छा में अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह से वार्ता करते वार्डवासी एवं स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचार: वार्ड में लेफ्ट पाहा नहर कवरिंग कार्य के चलते वार्ड वासियों को हो रही दिक्कतों व जल निकासी समस्या के निस्तारण की मांग को लेकर वार्ड स्थित स्कूली बच्चों एवं क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर जल्द कार्रवाई करने की मांग की। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 15 दिनों के भीतर समस्या का समाधान तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो नहर कवरिंग कार्य रोकने के लिए जन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी से वार्ता के बाद तमाम लोग उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन देकर समस्या का समाधान करने की मांग की। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के बाद नगर स्थित वार्ड नंबर 7 एवं 8 में बंडिया चौराहे से लेकर मुख्य बाजार स्थित पंत द्वार तक लेफ्ट पाहा नहर की कवरिंग का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते पानी की निकासी बाधित हो गई है। नहर कवरिंग कार्य के दौरान जल निकासी की व्यवस्था न होने से नालियों में जल भराव के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विगत दिवस बारिश के कारण गंदा पानी वार्ड की गलियों में एकत्र होने से स्थानीय लोगों को गंदे जल भराव के बीच से गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। निवर्तमान सभासद शोभित शर्मा के नेतृत्व में वार्ड स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के तमाम बच्चे एवं स्थानीय लोग नगर पालिका पहुंचे।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह से समस्या के समाधान की मांग की। पूर्व सभासद शोभित शर्मा ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि नहर कवरिंग के बाद घरों से निकलने वाले पानी को नहर में नहीं डालने दिया जाएगा, जिससे आने वाले समय में गंदे पानी की जल निकासी को लेकर क्षेत्र में भीषण समस्या उत्पन्न होना तय है। उन्होंने कहा कि नहर कवरिंग कार्य के साथ ही नहर के दोनों तरफ नाली का निर्माण कराकर क्षेत्रीय गंदे पानी एवं बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए। अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह ने जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया और जल निकासी की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। नगर पालिका से निकलने के बाद तमाम लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपते हुए समस्या से अवगत कराया। मौके पर पूर्व सभासद शोभित शर्मा के साथ पंकज वर्मा, पवन पांडे, राधेश्याम दीक्षित, विवेक पांडे, ओमप्रकाश, राजेश कुशवाहा, महेंद्र कुमार, रोहित कुमार, पप्पू राठौर, रिंकू, अजय सिंह, मुन्ना लाल आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने 4 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने गश्त के दौरान चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने सभी आरोपियों का आबकारी अधिनियम में चालान किया है।

कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान ढकिया गुलाबो स्थित एक स्कूल के पास से ढकिया गुलाबो निवासी बिट्टू सिंह को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 28 पाउच करीब 11 लीटर कच्ची शराब बरामद की। वहीं कुंडेश्वरी के ग्राम गुलजारपुर निवासी डोरी लाल पुत्र झून्नी लाल को अवैध कच्ची शराब की बिक्री करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने करीब 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

उधर, आईटीआई पुलिस के एसआई अनिल उपाध्याय ने चेकिंग के दौरान ग्राम मद्यढैया देवी में गुप्ता पावर केविल फैक्ट्री के तिराहे से सुमित पुत्र सूरज सिंह निवासी ग्राम कटैया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 60 पाउच कच्ची शराब बरामद की। वही एसआई प्रकाश बिष्ट ने गश्त के दौरान लोहियापुल बार्डर से परमानन्दपुर वाली सड़क पर ग्राम छोटी बरखेड़ी निवासी बलवीर सिंह पुत्र जसवंत सिंह को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस से पुलिस ने 47 पाउच कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने सभी आरोपियों का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

लखपति दीदी योजना से मजबूत होंगी महिलाएं

बाजपुर में लखपति दीदी सम्मेलन का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि खिलेंद्र चौधरी।

संवाददाता, बाजपुर

सम्मेलन

▸▸ ब्लॉक सभागार में आयोजित हुआ लखपति दीदी सम्मेलन

अमृत विचार: भाजपा महिला मोर्चा जिला काशीपुर द्वारा जिला अध्यक्ष उमा जोशी की अध्यक्षता में शुक्रवार को लखपति दीदी सम्मेलन का आयोजन खंड विकास कार्यालय सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए शुरू की गई लखपति दीदी योजना को महिलाओं के लिए बड़ा कदम बताया।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रभारी रश्मि रस्तोगी ने महिलाओं के लिए हर क्षेत्र में संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा सरकार को महिलाओं का सच्चा हितैषी बताया। भाजपा जिलाध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि महिलाओं को लखपति और आत्मनिर्भर बनाना सरकार का लक्ष्य है। महिलाओं को दिए गए आवास, ब्याज रहित ऋण महिलाओं की आजीविका बढ़ाने के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन चंद्रिका ने किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, जिला महामंत्री कल्पना, मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल, जिला मंत्री कविता नेगी, कंचन सिंह, उर्मिला कांडपाल, बबली, सविता शर्मा, संदीप कौर, अनु चोपड़ा, रिंकी आदि महिलाएं मौजूद रहीं।

उधमसिंह नगर ए क्वार्टर फाइनल में

संवाददाता, किच्छा

जीत के बाद खुशी जाहिर करते विजयी टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उत्तराखंड के तत्वावधान में जिला इकाई क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उधम सिंह नगर द्वारा आयोजित अंतर्जनपदीय क्रिकेट लीग का नवां मैच अल्मोड़ा और उधमसिंह नगर ए टीम के मध्य खेला गया। उधमसिंह नगर ए की टीम ने मैच जीत कर प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

उधमसिंह नगर ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 198 रन 5 विकेट खोकर बनाए। जिसमें आदित्य सरना ने 69, नीतीश जोशी ने 48, दिनेश पवार ने 30 रनों का योगदान दिया। अल्मोड़ा की ओर से दीपक ने दो, राकेश उप्रेती व विजय सिंह ने एक-एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अल्मोड़ा की पूरी टीम 8 विकेट पर 109 रन बनाकर आउट हो गई। टीम खिलाड़ी प्रिंस राय 35, दीपक रौतेला ने 21 रनों का योगदान दिया। उधमसिंह नगर ए की तरफ से आदित्य राना, प्रत्यूष राज पांडे और कविता मिश्रा ने 2-2 और नाजिम ने एक विकेट लिया।

उधमसिंह नगर ए की टीम चार मैचों में 8 अंक प्राप्त कर टूर्नामेंट के शीर्ष पर पहुंच गई। मैच के दौरान राजेंद्र कुमार और अमन प्रसाद ने अंपायर तथा ऑनलाइन स्कोरिंग विदिशा कर ने की। आयोजक समिति ने बताया कि अंतर जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का नॉकआउट राउंड देहरादून में खेला जाएगा।

पति समेत आठ के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बेटी के पति समेत आठ लोगों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वार्ड नंबर-10 जुलहान जसपुर निवासी भूप सिंह पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रीता की शादी 3 दिसंबर 2015 को वार्ड नंबर-चार गांधीनगर बाजपुर निवासी कुलदीप पुत्र छोटेलाल के साथ की थी। आरोप है कि बेटी के ससुराल वाले कम दहेज लाने के ताने देकर बेटी को प्रताड़ित करने लगे।26 जनवरी की देर रात 8:50 बजे बेटी रीता ने अपने भाई अवनीश कुमार को फोन कर पति व अन्य ससुरालियों पर मारपीट करने की जानकारी दी। कुछ देर बाद दामाद कुलदीप ने भी फोन कर रीता को जसपुर लेकर आने की बात कही, लेकिन नहीं आया। अगले दिन 27 जनवरी की दोपहर रीता के फांसी लगाकर जान देने की खबर मायके वालों के पास पहुंची भूप सिंह के अनुसार पुत्री रीता के चेहरे पर चोट के निशान थे। जिससे साफ है कि उसकी हत्या की है। पुलिस ने पति कुलदीप, ससुर छोटेलाल, सास सोमवती, ननद रिंकी, अनुष्का, नंदोई विनोद, देवर प्रदीप, शिवम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने 6 वारंटी किए गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

कोतवाली में गिरफ्तार वारंटियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 6 वारंटी गिरफ्तार किए हैं। पुलिस ने सभी का चालान कर कोर्ट में पेश किया है।

ऑपरेशन क्रैक डाउन के कोतवाली पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर वारंटी ग्राम रम्पुरा कुंडेश्वरी निवासी बलदेव सिंह पुत्र भजन सिंह, गोरख सिंह पुत्र दलीप सिंह, ग्राम लक्ष्मीपुर कुंडेश्वरी निवासी जरनैल सिंह पुत्र स्व. तारा सिंह, ग्राम कुंडेश्वरी निवासी गजेंद्र सिंह उर्फ गज्जू पुत्र मलूक सिंह, ग्राम जुड़का नं. 2 कुंडेश्वरी निवासी सोनू उर्फ वीरेंद्र पुत्र जगवीर व ग्राम लक्ष्मीपुर कुंडेश्वरी निवासी भजन सिंह पुत्र रतन सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी एसआई विनोद जोशी, हेड कांस्टेबल किशोर रहे।

कोर्ट से जारी वारंट पर दो लोगों को किया गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर अलग-अलग मामलों के दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। जिनकों पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। ऑपरेशन क्रेकडाउन के तहत आईटीआई थाना पुलिस ने धारा 138 एनआई एक्ट के वांछित आरोपी एसडीएम कोर्ट पाकीजा कॉलोनी जसपुर खुर्द निवासी सरताज पुत्र रईस अहमद गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने धारा 135 विद्युत अधिनियम में वारंटी टावर कालोनी हेमपुर इस्माइल निवासी हरदीप सिंह पुत्र बलदेव सिंह को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस टीम में एसआई जीवन सिंह चौहान, प्रकाश सिंह बिष्ट कांस्टेबल उमेश तोमक्याल व दीपक जोशी शामिल रहे।

किच्छा में आयोजित शिविर में उपचार करतीं डॉ. सिमरन कौर। ● अमृत विचार

शिविर में 194 लोगों का स्वास्थ्य जांचा, दवाएं दीं

किच्छा। उत्तराखंड होम्योपैथी विभाग के निदेशक डॉ. जीएस फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश चंद जोशी के दिशा-निर्देशन में निकटवर्ती ग्राम पक्की खमरिया में सीएससी किच्छा की होम्योपैथी प्रभारी डॉ. सिमरनजीत कौर के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 194 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराते हुए निशुल्क दवाएं प्राप्त कीं। ग्राम पक्की खमरिया में आयोजित शिविर में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय किच्छा की प्रभारी डॉ. सिमरनजीत कौर ने ग्रामीणों को डेंगू, चिकनगुनिया, अन्य संक्रामक बीमारियों के बारे में जानकारी दी और बीमारियों से बचने के उपाय बताए। डॉ. सिमरनजीत ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर किच्छा अंतर्गत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर आम जनता को जागरूक करने के साथ ही दवा का वितरण किया जा रहा है।

राणा प्रताप के 10 बच्चे चयनित

संवाददाता, खटीमा

राणा प्रताप इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा में चयनित बच्चे।

अमृत विचार: राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद देहरादून द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा के शिक्षा सत्र का प्रवेश परीक्षा का परीक्षाफल घोषित हो गया है। जिसमें राणा प्रताप इण्टर कॉलेज कक्षा आठ में अध्ययनरत 10 छात्र /छात्राओं ने सफलता हासिल की है।

₹राष्ट्रीय साधन सह योग्यता परीक्षा₹ में राणा प्रताप इंटर कॉलेज के सफल होने वाले बच्चों में अनीस सिंह राणा, अनूप चंद, आर्यन, आयशा, भूमिका पोखरिया, हर्षित सिंह असवाल, सुमति गुप्ता, सृष्टि गुप्ता, उत्कर्षा मठपाल, वंश अग्रवाल शामिल रहे। जिन्हें नवीं से 12वीं कक्षा तक शिक्षा प्रात करने को शासन की ओर से प्रतिमाह 1500/- की धनराशि मिलेगी। प्रधानाचार्य रवीन्द्र प्रकाश पंत एवं प्रबंध समिति और अध्यापकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर संजय कार्की, हरीश मठपाल, देवकी नंदन परगांई, ललित मोहन जोशी, डीएस राजपूत, डीसी गहतोड़ी, सतेन्द्र कंडारी, सुनीता गंगवार, रजनी कुमारी, रश्मि सिंह, हेमलता काण्डपाल, चन्द्रिका छेत्री , महेश जोशी , विरेन्द्र पोखरिया, किशोर शर्मा, कृष्णा काण्डपाल, भूपेंद्र बेलाल, अभिषेक पासवान आदि उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधान से मारपीट में दंपति पर मुकदमा दर्ज

बाजपुर। ग्राम बन्नाखेड़ा की ग्राम प्रधान प्रियंका व स्वजनों के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने नामजद दंपति के विरुद्ध एससी-एसटी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम प्रधान पति प्रमोद कुमार ने पुलिस को बताया कि 31 जनवरी की सायं पड़ोस में रहने वाली ममता चौरसिया व उसका पति नरेश चौरसिया लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस गए और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने के साथ ही गाली-गलौज करते हुए हमलावर हो गए। इसमें पत्नी प्रियंका (ग्राम प्रधान), माता आशा देवी व प्रमोद कुमार घायल हो गए। शोर-शराबा सुन लोगों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर में नामजद ममता चौरसिया व उसके पति नरेश चौरसिया के विरुद्ध धारा 324, 452, 504, 506 आईपीसी तथा 3(1)(द), 3(1)(ध) एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया है।

गिरफ्तार सटोरिए के साथ बांसफोड़ान चौकी पुलिस। ● अमृत विचार

दुकान की आड़ में खिला रहा था सट्टा, पुलिस ने धरा

काशीपुर। पुलिस ने गश्त के दौरान जूस की दुकान की आड़ में बैठे एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने हजारों रुपये की नकदी सहित सट्टे की पर्चियां व सट्टे की डायरी बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बासफोड़ान चौकी पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर ने सट्टे की सूचना दी। जिसके अनुसार पुलिस ने चुंगी चैराहे पर एक जूस की दुकान की आड़ में एक संदिग्ध व्यक्ति को बैठे देखा। जिसके पास भीड़ लगी हुई थी। पुलिस को देख भी तितर बितर हो गई। वहीं वह संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टे की पर्चियां, डायरी व 7130 रुपये नकद बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम महेशपुरा निवासी उमर उर्फ गुड्डू बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई सुनील सुतेडी, कांस्टेबल अनिल कुमार, अमरदीप व कैलाश रहे।

आयोजन राजकीय कन्या इंटर कालेज में आयोजित किया गया था एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर संपन्न

संवाददाता, बाजपुर

बाजपुर जीजीआईसी में एनएसएस शिविर के समापन पर छात्राओं के साथ अतिथि एवं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार: राजकीय कन्या इंटर कालेज में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा, प्रधानाचार्या मीता बोस, समाजसेविका मुन्नी छवाण, समाजसेवक जीवन सिंह सैनी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया।

शुक्रवार को शिविर के समापन समारोह में कार्यक्रम प्रभारी शशिबाला ने आख्या प्रस्तुत की। जिसमें मतदाता जागरूकता रैली निकालने, सफाई अभियान चलाने व ग्राम एनएनटोपा में चलाए साक्षरता, स्वच्छता जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रधानाचार्या मीता बोस ने शिविर में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए स्वयंसेविकाओं से इसे आत्मसात करने की बात कही। जिला समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा ने इस शिविर को व्यवस्थित शिविर बताते हुए सभी स्वयंसेविकाओं के कार्यों को सराहा। मुन्नी छवाण ने योजना के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शशि जोशी व गीता रावत ने किया। इससे पहले एनएसएस की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों को समृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर इंदिरा पांडेय, परमजीत कौर, सुनीता डोवाल, विमला रावत, पूजा अग्रवाल, अर्चना सिंह, सरिता, विमला रावल, अंजली, नितेश, सुजाता, प्रीति, तरुना जोशी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रही।

फसलों में स्प्रे को ड्रोन की मांग

बैठक

▸▸ प्रगतिशील कृषक उत्पादक संगठन समिति की बैठक

संवाददाता, काशीपुर

प्रगतिशील कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति की बैठक में भाग लेते किसान।

अमृत विचार: प्रगतिशील कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति की मासिक बैठक में किसानों से संबंधित कई समस्याओं पर चर्चा की गई। समिति के बाजपुर रोड स्थित कार्यालय पर अध्यक्ष बलकार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसानों को फसलों में स्प्रे के लिए मार्च तक ड्रोन देने की मांग प्रशासन से की गई। किसानों का कहना है कि ड्रोन से स्प्रे करने पर समय और पैसा दोनों की बचत होगी।

बैठक में अध्यक्ष बलकार सिंह ने बताया कि एफपीओ में मिनी सरसों तेल प्लांट लगाया जाना है, जिसकी प्रक्रिया शासन से चल रही है। वही सरकार से एफपीओ के संचालन के लिए भूमि उपलब्ध कराने के साथ ही कृषि यंत्र पेस्टीसाइड, खाद अन्य उत्पाद प्रोसेसिंग प्लांट के लिए सरकार से भूमि उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। कहा कि एफपीओ का कार्य क्षेत्र बढ़ने, करों को ध्यान में रखते हुए ब्लॉक के बाहर स्थित दुकानों में से दो-या तीन दुकानें उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। बैठक में उपाध्यक्ष जसवीर सिंह सैनी, कुंवरपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, योगेश कुमार, धर्मवीर अरोरा, श्वेता अरोरा, कुलदीप सिंह, सीईओ सनमीत कौर बाजवा, प्रमिला आदि मौजूद रहे।

समागम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया गुरुवाणी का रसपान , लंगर भी छका

संत बाबा दर्शन सिंह कुल्ली वालों की याद में गुरुद्वारा साहिब अजीतपुर में हुआ समागम

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : संत बाबा दर्शन सिंह कुल्ली वालों की याद में 44वां तीन दिवसीय समागम गुरुद्वारा साहिब अजीतपुर में संत बाबा गुरदेव सिंह व स्थानीय मुख्य सेवादार बाबा तारा सिंह की देख-रेख में शुरू हुआ था। जिसमें दूसरे दिन भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग कर गुरुवाणी का रसपान किया।

शुक्रवार को आयोजित समागम में भाई दर्शन सिंह ने कीर्तन करते हुए कहा कि जन परोपकारी आए, जी, दान, देह, भक्ति लायो हर सौ लेन मिलाए... अर्थात संत महात्मा परोपकार के लिए अपने आप को न्यौछावर कर देते हैं उनका मकसद सबको वाणी से जोड़ने का होता है। अजीत सिंह रेहड़ के ढाढी जत्थे ने गुरुवाणी का यशगान करते हुए कहा कि कल काती राजे कसाई धर्म पंख कर उड़ रहिया... अर्थात आज राजा कसाई होता जा रहा है, धर्म पंख लगा उड़ रहा है, इंसाफ होता कहीं नजर नहीं आ रहा है। अमृतसर पंजाब से आए भाई हरपाल सिंह ढंड के ढाढी जत्थे ने नत्था सिंह चौधरी द्वारा महताब सिंह के पुत्र की जान बचाने के लिए किए गए बलिदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बाबा गुरदेव सिंह द्वारा समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया।

समागम में सर्वप्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, ग्राम प्रधान हरमन सिंह, जोध सिंह, गुरमीत सिंह, कुलवंत सिंह चड्डा, मंगल सिंह, गुरजीत सिंह, निर्मल सिंह, निशान सिंह, बीर सिंह, नारायण सिंह, बलविंदर सिंह आदि मौजूद थे। वहीं समागम के दौरान हजारों लोगों द्वारा लंगर का प्रसाद ग्रहण किया गया। इस दौरान आस-पास के लगभग सात गांवों के लोग समागम में एकत्र हुए थे। सभी श्रद्धालुओं ने लंगर भी छका।

बाजपुर में समागम के दौरान हरमिंदर सिंह ढिल्लो को सम्मानित करते बाबा गुरदेव सिंह।

सभी धर्मों का सम्मान करता है सिख धर्म

बाजपुर : संत बाबा गुरुदेव सिंह ने कहा कि सिख धर्म शब्द गुरु से जोड़ने वाला है। यहां सभी धर्मों का सम्मान है और किसी को भी मनाही नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबा गुरुनानक देव जी महाराज के कोई गुरु नहीं थे। उन्होंने वाणी और वाणे के साथ पूरे संसार को जोड़ने का कार्य किया। कुरीतियों को खत्म किया, लेकिन आज का मानव फिर से भ्रमजाल में फंसता जा रहा है और शब्द गुरु से दूर हो रहा है। हमारा प्रयास लोगों को वाणी से जोड़ने का है, समागम लोगों को जुड़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

गांधीनगर में श्रीमद्भागवत कथा का किया शुभारंभ

संवाददाता, शांतिपुरी/बिंदुखत्ता

अमृत विचारः बिंदुखत्ता के गांधीनगर द्वितीय में साप्ताहिक श्रीमद् देवी भागवत कथा का भव्य शुभारंभ मुख्य यजमान नारायण सिंह शाह, उनकी पत्नी भावना देवी के नेतृत्व में श्री गणेश पूजन, पंचदेव पूजन, ईष्ट देव पूजन, भूमि पूजन एवं व्यास पूजन के साथ शुरू हुआ।

शुक्रवार को कथा के प्रथम दिन व्यास पंडित हंस भाई मिश्रा ने भागवत कथा महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद् देवी भागवत कथा करने एवं सुनने मात्र से न केवल संपूर्ण वातावरण शुद्ध होता है। बल्कि मोक्ष प्राप्ति एवं मनवांछित फलों की प्राप्ति भी होती है। उन्होंने कहा कि राधा कृष्ण और मां भगवती के गुणगान करने से मनुष्य के सभी पाप एवं कष्ट स्वत ही समूल नष्ट हो जाते हैं और उन्हें अपने हर कार्य में सफलता एवं सिद्धियां प्राप्त होती हैं। इस दौरान पं ललित मोहन देवराड़ी, नंदाबल्लभ देवराड़ी, महेश चंद जोशी, गणेश पंत, नवीन पांडे, रतन सिंह शाह नरेंद्र सिंह शाह, हरेंद्र सिंह शाह, विमला देवी, मंजू देवी, लीला देवी, शांति देवी, योगेश शाह, अशीष शाह, नेहा शाह, दक्ष शाह, गणेश शाह, दलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

बिंदुखत्ता के गांधीनगर में श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन करते व्यास पंडित हंस भाई मिश्रा।

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्त वन दरोगा को विदाई देते अधिकारी-कर्मचारी व अन्य। ● अमृत विचार

वन दरोगा अकबर अली को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

जसपुर : वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त वन दरोगा को विदाई दी। उत्तराखण्ड सीमा से सटी यूपी की टाइगर रिजर्व अमानगढ़ रेंज में विदाई समारोह का आयोजन कर वन दरोगा अकबर अली के सेवानिवृत्त होने पर विभाग अधिकारियों व कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। स्टॉफ की ओर से उन्हें स्मृति चिह्न व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी खुशबू उपाध्याय ने वन दरोगा के रूप में अकबर अली की कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी की सराहना की। सेवानिवृत्त वन दरोगा ने स्टॉफ के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। सामाजिक कार्यों में बढ़कर भागीदारी के लिए विभिन्न संगठनों की ओर से भी उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर जसपुर विधायक आदेश सिंह चौहान, प्रभागीय वन अधिकारी बिजनौर अरुण कुमार सिंह, उप प्रभागीय वन अधिकारी अंशुमन मित्तल, वन रक्षक नईम अहमद, विपिन, मंसूर मालिक, अफरोज मालिक आदि मौजूद रहे।

जनता के लिए निराशाजनक है अंतरिम बजटः बंटी

किच्छा : अखिल भारतीय राहुल गांधी बिग्रेड के पूर्व प्रदेश सचिव एवं युवा कांग्रेसी नेता भूपेंद्र पपनेजा उर्फ बंटी ने केंद्र सरकार के बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार का बजट जमीनी वास्तविकता से दूर केवल चुनावी बजट है। जारी बयान में पपनेजा ने कहा कि गरीबी और बेरोजगारी की मार झेल रही जनता को राहत देने की दिशा में केंद्र सरकार ने कोई प्रयास नहीं दिखाया तथा लुभावने वादे कर जनता को मात्र गुमराह करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आयकर मतदाताओं को उम्मीद थी कि बजट में आयकर की छूट को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन उनके हाथ भी निराशा लगी है। पपनेजा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की बात करने वाली केंद्र की भाजपा सरकार ने महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई नीति स्पष्ट नहीं की, जिससे साफ प्रतीत होता है कि केंद्र सरकार का यह बजट चुनाव के दृष्टिगत दिखावा है तथा जनता को लुभावने वादे कर भाजपा अपनी चुनावी नैया को पार करने का सपना देख रही है।

जल्द ही भारत विश्व गुरु बनने की राह परः मक्कड़

गदरपुर : मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बजट को किसानों और सभी वर्गों के लिए बहुत अच्छा बताया। जल्द ही देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरु बन जाएगा। शुक्रवार को मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिलीप मक्कड़ ने नगर में प्रेस वार्ता के दौरान कहा। कि वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा संसद में जो अंतिरम बजट पेश किया है वह सभी के लिए लाभकारी है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के लोगों को 2 करोड़ घर अगले 5 साल में मिल जाएंगे। कहा कि एक करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली रूफटॉप सोलर योजना के जरिए मिलेगी। कहा जो कांग्रेस 70 साल में नहीं कर सकी नरेंद्र मोदी ने 10 साल में करके दिखा दिया है। इस मौके पर मोदी विकास मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिलीप मक्कड़ शुभम हरजीत सिंह शामिल थे।

भाजयुमो नेता प्रसन्नजीत शाह को पितृ शोक

दिनेशपुर : भाजयुमो जिला महामंत्री प्रसन्नजीत शाह के पिता प्रतिष्ठित व्यापारी व समाजसेवी प्रणव शाह (75) का निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार थे। परिजनों ने उन्हें हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बुधवार को छोटे बेटे प्रतीक शाह के शादी समारोह के दौरान उन्हें घर ले आए थे। बेटे की शादी संपन्न होने के बाद अर्धरात्रि में उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन के कारण प्रीतिभोज सहित समस्त वैवाहिक कार्यक्रम रद कर दिया गया। निधन का समाचार सुनते ही उनके निवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शोक व्यक्त करने वालों में विधायक अरविंद पाण्डेय, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, नपं पूर्व अध्यक्ष कावल सिंह विर्क व सीमा सरकार, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग आदि शामिल रहे।

कार्यशाला का शुभारंभ करते जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा व गोपाल कोछड़।

भाजपा की बैठक में चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

बाजपुर : शुक्रवार को सिंचाई विभाग अतिथिगृह में गांव चलो अभियान के तहत भाजपा बाजपुर मंडल की बैठक हुई। इसका शुभारंभ जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोछड़, भाजपा नेता राजेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। गुंजन सुखीजा ने आगामी चुनाव को लेकर चर्चा की। सभा में सभी शक्ति केंद्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर भाजपा नेता विमल शर्मा, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, जिला महामंत्री सुदेश चौहान, जिला उपाध्यक्ष कमल भट्ट, जिला मंत्री विकास गुप्ता, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा उमा जोशी, जिला मंत्री भाजयुमो मयंक शर्मा, मंडल महामंत्री वीरेंद्र बिष्ट, नरेंद्र चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष अमित चौहान, कन्नू जोशी, कृष्ण जोशी, चंद्रिका फोगाट, पूजा जिंदल, जगराज देवसरना आदि मौजूद रहे।

कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान मौजूद आईजीएल कंपनी के पदाधिकारी।

आईजीएल ने जरूरतमंदों को बांटे एक हजार कंबल

काशीपुर : इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड (आईजीएल) काशीपुर ने ठंड से बचाने के लिए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किये। इस दौरान कंपनी ने विभिन्न गांवो में एक हजार से अधिक कंबल बांटे। आईजीएल के अधिशासी निदेशक आलोक सिंघल, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी राकेश कुमार के निर्देशानुसार सहायक महाप्रबंधक (प्रशासन) विक्रांत चौधरी के नेतृत्व में काशीपुर के दूरस्थ क्षेत्र शंकरपुरी, हिम्मतपुर, जैतपुर घोसी, दभौरा मुस्तकम, नंदरामपुर, बरखेड़ी, भाटीखेड़ा, चौखंडी इत्यादि ग्रामों में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्षद, ग्राम प्रधान व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में ठंड के प्रकोप से राहत देने लिए एक हजार से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर आईजीएल मैनेजमेंट सहित सभी विभागाध्यक्षों ने सफल वितरण कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सुनीत कपिला हेड डिस्टलरी, सुनीत पूठिया हेड आईटी, आरसी उपाध्याय प्रबंधक लाइजिनिंग, सिक्योरिटी हेड चंदन सिंह, सचिन गुप्ता, शरद शर्मा, दीपक भट्ट सहित उपस्थित रहे।

राजकीय शिक्षक संघ की गदरपुर ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचारः राजकीय शिक्षक संघ गदरपुर की बैठक में ब्लॉक कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शुक्रवार को अटल उत्कृष्ट स्व. चित्तरंजन राहा राजकीय इंटर कॉलेज में राजकीय शिक्षक संघ ब्लॉक गदरपुर की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष बंशीधर पांडेय की अध्यक्षता में हुई। ब्लॉक अध्यक्ष बंशीधर पांडेय ने कहा कि कार्यकारिणी को ब्लॉक स्तर पर मज़बूत करने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया जाना जरूरी है। ताकि भविष्य में एकजुटता के साथ संगठन व शिक्षकों के हित में कार्य हो सके। विचार विमर्श करने के बाद सर्वसम्मति से डॉ.आशुतोष त्रिपाठी व सुरेश प्रजापति को संरक्षक, राजेन्द्र सिंह को कोषाध्यक्ष, दौलत सिंह कुंवर को संगठन मंत्री, मिथिलेश खुल्बे को मीडिया प्रभारी, मो. जुल्फिकार अली, मोहन राम, जाकिर हुसैन व विनोद शर्मा को प्रवक्ता नियुक्त किया गया।ब्लॉक अध्यक्ष पांडेय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती एवं शिक्षकों के हितों की रक्षा के साथ-साथ विद्यालय के समस्त बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु सभी शिक्षक वचनबद्ध है। सभी शिक्षक अपने कार्य को निष्ठा से पूर्ण कराएं। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक महामंत्री मनोज राय उर्फ मुन्ना ने किया। इस मौके पर उर्वशी गंगवार, मुकेश वर्मा, सुमनलता गंगवार, परवेज़ आलम, सुभाष चन्द्र शुक्ला, राजकुमार, मनोज पांडे आदि थे।

राजकीय शिक्षक संघ ब्लॉक कार्यकारिणी गदरपुर के नवनियुक्त पदाधिकारी।

कंपनी से लोहा चुराने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचारः सिडकुल की एक इंजीनियरिंग कंपनी के ही दो कर्मचारियों द्वारा लोहा चुराने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। चेकिंग के दौरान गार्ड ने बाइक सवार दोनों आरोपियों को दबोच लिया और भारी मात्रा में लोहा बरामद किए। पुलिस ने कंपनी के एचआर मैनेजर की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सिडकुल की मैसर्स एएलएफ इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के एचआर मैनेजर हिमांशु तिवारी ने बताया कि एक फरवरी की दोपहर तीन बजे कारखाने से 45 किलो लोहा स्क्रैप चुराते हुए बाइक संख्या यूके-06 बीजी-7221 पर सवार दो युवकों गेट चेकिंग के दौरान सुरक्षा गार्ड ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार भागने की कोशिश करने लगे। मगर गार्डों ने घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़ लिया और बाइक के पीछे रखे एक कट्टे में 45 किलो लोहा स्क्रैप बरामद किया।

पूछताछ में आरोपी कर्मचारी ने अपना नाम सतीश पाल और प्रताप सिंह बताया। शिकायतकर्ता ने बताया कि दोनों ही आरोपी कंपनी के ही कर्मचारी हैं और चोरी छिपे कारखाने से लोहा स्क्रैप चुराकर भागने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को चौंकी लेकर आई। जहां पुलिस ने एचआर मैनेजर की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

शिविर में चलाया सफाई अभियान

खटीमा, अमृत विचार : अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन बच्चों ने विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। थारू इंटर कॉलेज में छात्रों के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत बच्चों ने विद्यालय परिसर के साथ-साथ राजीव गांधी नवोदय विद्यालय परिसर में भी सफाई अभियान चलाया।

इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी रामजी वर्मा ने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता और उनके दायित्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला ने बच्चों को विस्तार से बताया कि किस प्रकार से तापमान ज्ञात किया जाता है और वर्षा मापक यंत्र से वर्षा किस प्रकार से नापी जाती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आरके कटियार, संतोष कुमार, हरपाल सिंह, प्रमोद सिंह राणा आदि मौजूद थे।

समाचार पत्र अभिकर्ता जेठी के पुत्र का निधन

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचारः झनकट के एक समाचार पत्र के अभिकर्ता चंद्र सिंह जेठी के इकलौते पुत्र आनंद जेठी (34) का निधन हो गया। वह अलवर राजस्थान में निजी कंपनी में सेवारत थे। युवा पुत्र की मौत से परिवार में मातम पसरा है। शुक्रवार को बनबसा के शारदा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। जहां ताऊ दीवान सिंह जेठी ने चिता को मुखाग्नि दी।

आनंद जेठी। ● फाइल

इस अवसर पर होशियार सिंह, सुंदर सिंह, ललित सिंह, राजेश, गोविंद सिंह, भुवन सिंह कठायत आदि थे। इधर विधायक भुवन कापड़ी, नानकमता विधायक गोपाल सिंह राणा, रमेश जोशी, एससीएसटी आयोग अध्यक्ष लीलावती राणा, डॉ. प्रेम सिंह राणा, राजवीर सिंह, एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट, सीओ वीर सिंह, तहसीलदार हिमांशु जोशी, मीना जेठी, हीरा सिंह जेठी ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी। वहीं पत्रकारों ने शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान राजेश छावड़ा, राजेंद्र सिंह मिताड़ी, हरीश मेहरा, हीरा राजपूत ओमप्रकाश मौर्य, प्रवीन कोहली, दीपक फुलेरा, असद जावेद, स्वतंत्र प्रकाश आजाद, अनीस अहमद, सूरज गुंसाई, खड़क सिंह गैड़ा रहे।

सांई के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

काशीपुर, अमृत विचारः खेलो इंडिया यूथ गेम्स में तीन स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीतकर आए खिलाड़ियों का साई में स्वागत किया गया।

शुक्रवार को रामनगर रोड स्थित स्टेडियम में भारतीय खेल प्राधिकरण सांई से प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों का खेलो इंडिया यूथ गेम्स में उम्दा प्रदर्शन करने और मेडल जीतने पर स्वागत व सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज योगेश पवार ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं दिवाकर ने कांस्य पदक हासिल किया। साथ ही टैलेंट हंट के 63.5 किलो भार वर्ग में यश कुमार व निखिल भंडारी ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नेशनल में गोल्ड मेडल हासिल किया है।

नई कमेटी के दावे पर जताई आपत्ति

ज्ञापन सौंपने के लिए एसडीएम कार्यालय में एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार : हजरत सैयद कालू शहीद रहमतुल्लाह अलैह की मजार की प्रबंध कमेटी को लेकर नई कमेटी के दावे पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। उन्होंने इसके विरोध में उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन भेजा।

ज्ञापन में कहा गया है कि नई सात सदस्यीय प्रबंधन समिति ने वक्फ को गुमराह करके नई कमेटी का गठन किया है। ग्रामीणों ने सात सदस्यीय नई कमेटी को निरस्त करके स्थानीय जनता द्वारा प्रस्तावित नई कमेटी बनाने की मांग की।

ज्ञापन देने वालों में सादिक हुसैन, मो.अली, अख्तर हुसैन, इमरान, शाहरूख, साहिल, इमरान, साजिद, गुलाम नबी, लाल सिंह, नईम अहमद आदि रहे।

शिविर | जसपुर के पंडित पूर्णानन्द तिवारी इण्टर कॉलेज में नि :शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

600 छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की

जसपुर के पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज में छात्राओं का नेत्र परीक्षण करती डॉक्टरों की टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचारः निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 600 छात्र-छात्राओं के नेत्रों का परीक्षण किया गया। शुक्रवार को जसपुर के पंडित पूर्णानन्द तिवारी इण्टर कॉलेज में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन कार्बेट राउण्ड क्लब ने किया। जिसमें कॉलेज के 600 छात्र-छात्राओं के नेत्रों का परीक्षण किया गया।

शिविर की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रदीप गोयल ने की। नेत्र परीक्षण टीम में डॉ. कनिका सर्राफ, डॉ. साबिर अहमद, डॉ. अनस एवं डॉ. अमन शामिल रहे। इस अवसर पर क्लब के चेयरमैन विनोद रावल व वाइस चेयरमैन सिद्धार्थ मोहन सिंघल, उप प्रधानाचार्य सुनील कुमार, योगेन्द्र कुमार, दीप कुमार, कु. रेशमा सिद्दीकी, प्रीति चौहान आदि मौजूद रहे।

शिविर में 104 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

बाजपुर : उत्तराखंड होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं निदेशक डॉ. जीएल फिरमाल एवं जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार निशुल्क आउटरीच होम्योपैथिक शिविर का आयोजन वार्ड नंबर-पांच स्थित आगनबाड़ी केंद्र केशवनगर प्रथम में किया गया। शिविर में संक्रामक रोगों के विरुद्ध जागरूकता एवं लाइफ स्टाइल मोडिफिकेशन अभियान के बारे में जानकारी दी गई। आयुष हेल्थ वैलनेस सेंटर बाजपुर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. शिखा सम्मल केंद्र में पंजीकृत बच्चों सहित 104 लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उचित परामर्श दिया गया।

युवक पर किया हमला 6 के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता, सितारगंज

अमृत विचारः जिला बदर आरोपित ने साथियों संग मिलकर स्कूटी सवार युवक पर धारदार हथियारों और तमंचे से हमला कर दिया। युवक को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने छह आरोपितों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

बरेली के ग्राम ईश्वरपुर थाना शीशगढ़ निवासी जयदीप सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 31 जनवरी को उसका भाई मनदीप सिंह स्कूटी से आमखेड़ा सितारगंज जा रहा था। किच्छा रोड के ग्राम कटंगरी मोड पर दो वाहनों में सवार हमलावरों ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद आरोपितों ने तलवार, डंडे से मारपीट कर मनदीप सिंह को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जयदीप सिंह का आरोप है कि एक हमलावर ने उसके भाई मनदीप सिंह पर तमंचे से फायर भी किया। आरोपियों ने मनदीप सिंह के गले से सोने की चेन भी लूट ली। आरोप है कि हमलावर मनदीप सिंह को मरा समझ कर छोड़कर चले गए। घायल को जब होश आया और उसने सिमरनजीत सिंह को फोन कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने गगनदीप सिंह रतनपुरिया निवासी रतनपुर, एश्वीर सिंह निवासी मनकरा बहेड़ी, बॉबी ग्राम फरदिया बहेड़ी, विपिन निवासी किच्छा, लवप्रीत सिंह लब्बू ग्राम हलदुआ समेत 6 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

संपादकीय

अशांत हिंद महासागर क्षेत्र

हिंद महासागर क्षेत्र अशांत हो गया है, पश्चिम एशिया में युद्ध की गूंज भारत के आसपास के जल क्षेत्रों में भी देखने को मिल रही है जिसमें व्यापारिक जहाजों पर हमलों में वृद्धि और जहाजों के अपहरण का प्रयास भी शामिल है। माना जा रहा है कि गाजा में इजराइल के सैन्य हमलों के जवाब में मालवाहक जहाजों पर हमले किए जा रहे हैं। समुद्री डकैती, गाजा युद्ध और बढ़ती चीनी शक्ति नौसेना की क्षमताओं को बढ़ा रही है। भारत को अपने भू-राजनीतिक हितों की रक्षा करने और चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला करने के लिए अपनी नौसैनिक क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता है। ध्यान रहे हूती विद्रोहियों द्वारा निशाना बनाए गए जहाजों की सहायता करने या छोटे जहाजों के अपहरण को रोकने के लिए भारतीय नौसेना को बार-बार बुलाया गया है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि भारतीय नौसेना की इकाइयां जिबूती, अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्वी तट में तैनात की जा रहीं हैं। पिछले दिनों नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकड़ने वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया है। इससे पहले भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने सोमाली समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछुआरों को बचाया था।

समुद्री डाकुओं ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया था। अब समय आ गया है कि भारत अपनी नौसैनिक क्षमताओं में बढ़ोतरी के साथ व्यापारिक बेड़े के निर्माण की आवश्यकता पर बारीकी से विचार करे। इसके लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता तक पहुंच हासिल करने के लिए जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे और साझेदारी को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। हालांकि भारत विदेशी सहयोगियों की मदद से समुद्री विमान और वाहक हासिल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में 132 युद्धपोत, 143 विमान और 130 हेलीकॉप्टर हैं। देश ने अब 2 लाख करोड़ रुपये के 68 युद्धपोतों और जहाजों का ऑर्डर दिया है। आने वाले वर्षों में, भारत को स्वदेशी रूप से तैयार किए गए नौसैनिक उपकरणों में से आठ कार्वेट, नौ पनडुब्बियां और पांच सर्वेक्षण जहाज भी हासिल करने की बात कही जा रही है। भारत निर्माण की धीमी गति, पुराने जहाजों के तेजी से सेवामुक्त होने और बजट की कमी से भी त्रस्त है। क्षेत्रीय जल क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच चीन की ताकत का बढ़ना तय है। ऐसे में समुद्री क्षेत्र में भविष्य की चुनौतियों से पार पाने के लिए भारत को अपने विदेशी भागीदारों से मजबूत समर्थन की आवश्यकता होगी।

रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ।

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया।

वाल्मीकि-विरचित रामायण में अनुस्यूत श्रीराम के उदात्त चरित्र तथा उनके द्वारा पारिवारिक-सामाजिक मर्यादाओं के पालन हेतु कठोरतम कष्ट उठाने का यह काव्यमय आख्यान धर्म, जाति, भाषा तथा क्षेत्र की सीमाओं को तोड़ कर भारत ही नहीं, एशिया के कोने-कोने में लोकप्रिय हो गया। मंगोलिया से लेकर चीन व जापान होते हुए कंबोडिया, थाईलैंड (बैंकाक), इंडोनेशिया तथा मलयेशिया तक कोई ऐसा देश नहीं, जहां इस महाकाव्य की कथाएं संबंधित देश की संस्कृति, लोककथाओं एवं इतिहास का अविच्छिन्न अंग बनकर पुष्पित-पल्लवित न हुई हों। अन्याय के विरुद्ध श्रीराम का संघर्ष, निर्बल वर्गों से उनकी आत्मीयता तथा नैतिक आदर्शों के लिए बड़ा से बड़ा त्याग करने की उनकी तत्परता ने उन्हें भारत ही नहीं, पूरे एशिया का अद्वितीय लोकनायक बना दिया। भारत एवं एशिया के मनीषी कवियों ने विगत दो हजार वर्षों के अंतराल में अपनी-अपनी भाषा में रामकथा लिखी। फ़ादर कामिल बुल्के के आकलन के अनुसार केवल भारत में पाठांतर सहित 300 रामाख्यान उपलब्ध हैं। संभवतः इसी के मद्देनज़र तुलसीदास जी को कहना पड़ा था- नानाभांति राम अवतारा। रामायन सत कोटि अपारा॥/कलप भेद हरिचरित सुहाए। भाँति अनेक मुनीसन्ह गाये॥ (रामचरितमानस, बालकांड, 32: 3-4)

वस्तुतः बौद्ध और जैन मत के प्रचारकों के सम्मुख रामकथा एवं सीता व राम के उदात्त चरित्र की व्यापक लोकप्रियता एक गंभीर चुनौती बनकर उपस्थित हुई। इसका प्रत्याख्यान लगभग असंभव था। इसकी काट में बौद्धों और जैनों ने रामकथा को चित्र-विचित्र आख्यानों से संवलित कर श्रीराम के चरित्र का बौद्धीकरण / जैनीकरण कर दिया और उन्हें बौद्ध / जैन महानायक के रूप में प्रस्तुत किया।

बौद्धों द्वारा जातक-कथाओं के भंडार में 'दशरथ जातक' नाम से रामकथा का एक विचित्र और अधूरा पाठ रच दिया गया (अनुमानतः तीसरी-चौथी शताब्दी)। इसके अनुसार वाराणसी के राजा दशरथ के सोलह हज़ार रानियां थीं। बड़ी रानी से उन्हें 'राम पंडित' और 'लक्खनकुमार' नाम के दो पुत्र और 'सीता देवी' नाम की एक पुत्री प्राप्त हुई। पहली रानी के देहांत के बाद दूसरी रानी से 'भरत'

जैसी कि अपेक्षा थी, दशरथ जातक में गढ़ लिया गया कि वस्तुतः गौतम बुद्ध ही राम हैं, यशोधरा ही सीता हैं, दशरथ शुद्धोदन हैं और भरत हैं बुद्ध के शिष्य आनन्द। दो अन्य बौद्ध जातक कथाओं- 'अनामकं जातकं' और 'दशरथ कथानकं' में भी राम को बोधिसत्व के रूप में प्रस्तुत किया गया।

बौद्ध इस 'दशरथ जातक' को चीन ले गए। चीन से यह कथा जापान पहुंची। कुछ संस्कृत-ग्रंथों के अनुवादों को मिलाकर जापान में बारहवीं शताब्दी में 'होबूत्शुशू' नामक रामकथा लिखी गई जिसमें श्रीराम का नाम 'तथागत शाक्यमुनि' रखा गया। इसमें शाक्यमुनि के घर आए एक साधु ने उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। वह साधु वस्तुतः एक राक्षस था। इसके बाद इसमें जटायु की कथा और राम की वानरों के साथ मैत्री स्थापित करने से मिलती-जुलती कथाएं आती हैं।

एक दूसरे जापानी रामायण में श्रवणकुमार की कथा का अनुकरण करते हुए सेमू नाम का चरित्र गढ़ा गया। कैरा देश के राजा का बाण लगने से सेमू की मृत्यु हो जाती है। उसके अंधे माता-पिता इंद्र से प्रार्थना करते हैं कि यदि उनका पुत्र बुद्ध, धम्म और संघ के अनुसार आचरण करता रहा हो तो वह पुनर्जीवित हो जाए! इंद्र उसे जीवित कर देते हैं, माता पिता की आंखें भी ठीक हो जाती हैं। वे कैरा देश के राजा को सीख देते हैं कि भविष्य में शिकार के रूप में वे कभी हिंसा न करें!

जैनों द्वारा रची गई रामकथाएं कम दिलचस्प नहीं हैं। श्वेतांबर विमलसूरि के 'पद्मचरित' और दिगंबर गुणभद्र के 'उत्तर पुराण' में राम, लक्ष्मण, यहां तक कि रावण भी जैन धर्मानुयायी हैं। जैनियों ने राम का नाम 'पद्म' रखा है। राम (पद्म) चूँकि अहिंसक हैं, रावण को मारने का दायित्व लक्ष्मण उठाते हैं जिसके फलस्वरूप उन्हें नर्क जाना पड़ता है।

उड़िया रामायण के लेखक बलरामदास तो राम, लक्ष्मण, सीता को वनवास के दौरान जगन्नाथ-सुभद्रा-बलराम के सामने ला खड़ा करते हैं। कथा में राम-सीता वगैरह की लंका से वापसी के समय पुष्पक विमान से उड़िया तीर्थों का भी दर्शन करा देते हैं। इस रामायण में यह भी उल्लेख है कि राम की वानरी सेना में कोणार्क के भी बंदर गए थे। उड़िया रामायण के सोलहवीं शती के आरम्भ में, रामचरितमानस की रचना (1574-76) से पहले लिखे जाने का संकेत मिलता है।

कृत्तिवास-कृत बंगला रामायण के अनुसार राम के बाणों से विक्षुब्ध होकर रावण ने दुर्गा का स्मरण किया। देवी रावण को गोद में लेकर बैठ गईं। यह देखकर राम ने युद्ध बंद कर दिया और बिल्व वृक्ष के नीचे बैठकर देवी की आराधना में लग गए। पूजा हेतु हनुमान द्वारा लाए गये 108 नीलकमलों में से देवी ने एक कमल चुरा लिया। राम उस कमल के स्थान पर अपने कमल-रूपी नेत्र को बाण से निकाल कर चढ़ाने चले। इस पर देवी ने प्रसन्न होकर उन्हें विजय का वरदान दिया।

सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की प्रसिद्ध लंबी कविता 'राम की शक्तिपूजा' का कथ्य कृत्तिवास रामायण के उपरोक्त प्रसंग पर ही आधारित है। सर्वविदित है कि निराला के रचनात्मक जीवन का शुरुआती दौर बंगाल में बीता था।

बौद्धों और जैनियों द्वारा रामकथा के मूल स्वरूप में बदलाव का तो निहित उद्देश्य था, किंतु कालिदास के समय (भारतीय मत-पहली शताब्दी ई.पू. तथा पाश्चात्य मत चौथी-पांचवी शताब्दी) के पहले से सक्रिय नारी और शूद्र-विरोधी प्रक्षेपकों ने वाल्मीकीय रामायण में सातवां काण्ड (उत्तरकांड) जोड़ दिया था। ऐसा प्रतीत होता है, श्रीराम के चरित्र को लांक्षित करने के उद्देश्य से ही उत्तरकांड में सीता-निर्वासन और शंबूक वध के प्रसंग जोड़े गए। इन प्रसंगो को इतनी स्वीकृति मिली कि ये भारत के समुद्री व्यापारियों के माध्यम से कंबोडिया पहुंच गए और वहां की रामकथा 'रामकेर्ति' में सम्मिलित हो गये।

तुलसी के रामचरितमानस में श्रीराम द्वारा निषादराज गुह को गले लगाने, शबरी के जूठे बेर खाने, वन्यजातियों के प्रति सद्भाव रखने तथा वानर-भालुओं की मित्रता एवं सहयोग से दक्षिण और मध्य भारत में अन्यायी एवं निरंकुश रावण के वर्चस्व को समाप्त करते हैं। किंतु तुलसीदास का युगांतरकारी योगदान वाल्मीकीय रामायण के अपने गहन अध्ययन से उत्तरकांड (और बालकांड के भी) आधारहीन प्रक्षिप्त को प्रक्षिप्त के रूप में पहचानने और अपने रामचरितमानस को इससे मुक्त करने में निहित है। उन्होंने वाल्मीकीय रामायण के (प्रक्षिप्त) उत्तरकाण्ड से कोई प्रसंग नहीं लिया और उसका अधिकांश ज्ञान-भक्ति निरूपण को समर्पित कर दिया। इस तरह उन्होंने युगानुरूप ज्ञान (दर्शन) द्वारा मोक्षप्राप्ति के विचार के ऊपर सर्वसुलभ भक्ति मार्ग को प्रतिष्ठित किया और पराजय बोध के अंधकार में डूबे हिंदू-समाज को आध्यात्मिक समानता एवं रामभक्ति का सुलभ साधन प्रदानकर उसमें नवीन आशा का संचार किया।

भारतीय इतिहास, संस्कृति और समाज को तुलसीदास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान इसमें निहित था कि उन्होंने वाल्मीकि रामायण की रचना के बाद से अनेकानेक कवियों द्वारा रामकथा के साथ किए गए अनर्गल प्रयोगों और निहित स्वार्थ वश उसमें किए गए प्रक्षेपों को दरकिनार कर अपनी वस्तुपरक संत-दृष्टि, असाधारण विद्वत्ता तथा अपूर्व काव्यमेधा से श्रीरामचरितमानस-जैसा अद्भुत महाकाव्य दिया जो अवधी की क्षेत्रीय बोली में होने के बावजूद उत्तर भारत का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ साबित हुआ। आज हमारे बीच राम की लोकनायक और महामानव की जो छवि विद्यमान है वह मुख्यतः तुलसी की और उसमें भी उनके हर दृष्टि से उत्कृष्ट प्रबंध काव्य रामचरितमानस की देन है।

यह सर्वविदित तथ्य है कि फ़िजी, ब्रिटिश गायना, ट्रिनिडाड और टोबैगो तथा मारिशस जैसे ब्रिटिश उपनिवेशों में भारत से 'गिरिमिटिया' मज़दूर बनकर जानेवाले अपने साथ रामचरितमानस की प्रतियां ज़रूर ले गए थे। फलस्वरूप इन देशों में रामचरितमानस तथा उसकी भाषा अवधी का प्रभूत प्रचार-प्रसार हुआ। रामचरितमानस में निहित धार्मिक-सांस्कृतिक परिदृश्य ने इन मज़दूरों की भावी पीढ़ियों को भारत और भारतीयता में दीक्षित किया। आज वे कई अर्थों में भारत-निवासियों से अधिक भारतीय हैं।

प्रसंगवश

भ्रष्टाचार तेरे रूप अनेक

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

मैं किसी बड़े राजनेता के भ्रष्टाचार की नहीं अपितु निचले स्तर के राजकीय कर्मचारियों के नैतिक पतन की एक कहानी सुना रहा हूं। 25 जनवरी को बलिया जनपद के मनियर इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुए सामूहिक विवाह में 568 जोड़ों का विवाह हुआ था।

सामाजिक समरसता एवं सर्वधर्म समभाव बढ़ाने हेतु गरीब कन्याओं, विधवाओं, तलाकशुदा, परित्यक्ताओं के विवाह हेतु उप्र में यह योजना लागू की गई है जिसमें राज्य सरकार प्रत्येक जोड़े के विवाह पर 51000 रुपए खर्च करती है जिसमें से 35000 रुपए जीवनयापन हेतु उस कन्या के खाते में 10000 रुपए उसको उपहार आदि देने में तथा 6000 रुपए उसके विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाने का प्रावधान है।

इस सामूहिक विवाह के आयोजन में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर जांच के आदेश दिए गए। जांच में पहले केवल दो गांव के 25 लाभार्थियों का सत्यापन किया गया है जिसमें से 8 लाभार्थी अपात्र पाए गए। अपात्रों में कुछ की शादी पहले ही हो चुकी थी तथा कुछ अभी भी अविवाहित हैं। नवीनतम जानकारी के अनुसार कुल 245 जोड़े अपात्र पाए गए और एक करोड़ पचीस लाख रुपए का गबन हुआ। इस प्रकरण में एडीओ समाज कल्याण व अन्य के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर एडीओ को निलंबित कर दिया गया है।

यह उस योजना का हाल है जिसे गरीबों के हित में लागू किए जाने की बात जोर-शोर से कही जाती है। यह एक योजना के एक आयोजन का किस्सा है, समाज के हित में चल रही न जाने कितनी योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहीं हैं और करदाताओं का धन बर्बाद हो रहा है। पुनः इतने बड़े आयोजन का धन मात्र एक एडीओ हजम कर गया, यह स्वीकार्य नहीं है। इसमें और भी मगरमच्छ शामिल रहे होंगे जिनका भी चेहरा बेनकाब होना चाहिए। इस समारोह के पर्यवेक्षण अधिकारियों पर भी शिथिल पर्यवेक्षण के लिए दंडात्मक कार्यवाही अपेक्षित है। प्रदेश सरकार धार्मिक पुनरुद्धार के साथ-साथ यदि अपने सेवकों के ऐसे कृत्यों पर भी ध्यान दे तो ऐसे घोटालों में अवश्य कमी आएगी एवं गरीब पात्रों को उनका वाजिब धन मिला करेगा।

दो नोबेल विजेताओं की दास्तां

के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। उन पर विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है।

दो बांग्लाभाषी हैं। दोनों नोबेल विजेता। महान अर्थशास्त्री हैं। एक पड़ोसी गणराज्य बांग्लादेशी। दूसरे पश्चिम बंगाल के। ढाका और कोलकाता के ये दोनों अपनी सरकारों से सताए हुए हैं, मगर अमर्त्य सेन कांग्रेसी सरकार के बहुत बड़े लाभार्थी रहे। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के चहेते भी। आजकल उनके दिन बिगड़े हैं। उधर प्रो. मोहम्मद यूनुस राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री बेगम शेख हसीना से पीड़ित किए गए।

पहले इस बांग्लादेशी की चर्चा कर लें। पश्चिम देशों में 85 वर्षीय प्रो. यूनुस को ग्रामीण बैंकों की श्रृंखला बनाने के कारण "गरीबों का बैंक" कहते हैं, मगर आवामी लीग की प्रधानमंत्री हसीना उन्हें "निर्धनों का रक्त-पिपासु" बताती हैं। उन्हें दुश्मन मानती हैं। शेख हसीना को इस नवउदारवादी अर्थनीति से घृणा थी। शेख हसीना की सरकार ने ग्रामीण बैंक और यूनुस के खिलाफ अभियान चलाया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया : "उनकी हरकतें 2007 में श्री यूनुस की उस घोषणा का प्रतिशोध प्रतीत होती हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि वह सार्वजनिक पद की तलाश करेंगे, भले ही वह अपनी योजनाओं पर कभी अमल नहीं कर सके"। टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार यूनुस के खिलाफ उनके फैसले में एक अन्य कारक ने योगदान दिया : नोबेल शांति पुरस्कार। हसीना ने सोचा था कि नॉर्वेजियन नोबेल शांति पुरस्कार समिति उन्हें 1997 में शांति संधि, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स (सीएचटी) पर हस्ताक्षर करने के लिए पुरस्कार में देगी। अटॉर्नी जनरल महबूबे आलम ने 9 मार्च को सरकार का रुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा : "प्रधानमंत्री शेख हसीना को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए था।" उन्होंने नोबेल समिति के विवेक को चुनौती दी।

प्रो. यूनुस की ईमानदारी साबित हो गई जब 11 जनवरी 2007 को सेना जनरल मोईन यू अहमद ने तख्तापलट किया। इस बीच खालिदा जिया का कार्यकाल समाप्त होने के बाद देश का चौथा मुख्य सलाहकार बनने का उनका अनुरोध प्रो. यूनुस ने ठुकरा दिया था। हालांकि यूनुस ने इस पद के लिए जनरल फखरुद्दीन अहमद को चुनने का सुझाव दिया। फखरुद्दीन ने 11 जनवरी 2007 को पदभार संभाला और अपने पहले ही दिन यह स्पष्ट कर दिया कि उनका इरादा न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था करना है, बल्कि भ्रष्टाचार को साफ करना भी है। खालिदा और हसीना ने जहां फखरुद्दीन की आलोचना की और दावा किया कि भ्रष्टाचार को साफ करना उनका काम नहीं है। वहीं यूनुस ने संतोष व्यक्त किया। इस वैश्विक स्तर के अर्थशास्त्री को तंग करने में प्रधानमंत्री हसीना ने ग्रामीण बैंक के पद से उन्हें हटा दिया। हालांकि बैंक के नौ निदेशकों ने लाखों कर्जदारों और बाइस हजार कार्मिकों ने प्रो. यूनुस का समर्थन किया था। नब्बे लाख उधारकर्ताओं ने भी उनका साथ दिया था। फिर भी गरीबों के मसीहा कहलाने वाले प्रो. यूनुस पर सत्तालोलुप प्रधानमंत्री के अवांछनीय हमले होते रहे। अब गौर करें भारतीय बंगभाषी नोबेल विजेता बंगभाषी प्रो. अमृत सेन पर। मामला बड़ा मामूली है। उन पर रविंद्रनाथ टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती विश्वविद्यालय में सवा एक एकड़ जमीन हथियाने का आरोप है। सेन इसे अपनी जमीन बताते हैं, जो उन्हें उपहार में मिली थी। इसी बीच प्रो. सेन ने ऐलान कर डाला कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। बस ममता दीदी ने जवाब में कहा यदि विश्वविद्यालय ने जमीन वापस ली तो मुख्यमंत्री वीरभूम जिले के शांति निकेतन में धरने पर बैठ जाएंगी। अर्थात् इस केंद्र सरकार द्वारा संचालित शिक्षा केंद्र में राज्य पुलिस को तैनात कर देंगी। भारतीय सेना बनाम बंगाल पुलिस का मुठभेड़ तय है। अमर्त्य सेन अकूत संपत्ति के स्वामी हैं। फिर भी सवा एकड़ जमीन के मालिकाना हक से सटे हुए हैं। वे भारत रत्न भी पा चुके हैं। उन्हें कांग्रेसी प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह ने ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय का प्रथम चांसलर नामित किया था तो प्रो. सेन ने ऐवज में सरदार मनमोहन सिंह की दोनों बेटी डॉ. उपिंदर कौर तथा उनकी सहेली डॉ. नवजोत लहरी को नालंदा विश्वविद्यालय में नियुक्त कर डाला था।

भूतपूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने नालंदा विश्वविद्यालय को पुनर्जीवित करने का सपना देखा और बिहार सरकार को दिखाया। राज्य सरकार ने हामी भरी तो वे पहले विजिटर भी बने। अमर्त्य सेन को भी विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा गया। हालांकि सेन के कुछ विवादास्पद निर्णय के विरोध में तत्कालीन राष्ट्रपति कलाम ने उस विश्वविद्यालय से खुद को अलग कर लिया था।

सोशल फोरम

डिग्रीधारी हैं पर शिक्षित नहीं

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है।

विज्ञान में कट्टरता के लिए जगह नहीं होती। हर वैज्ञानिक अपनी यात्रा यहां से शुरू करता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है। ऐसा नहीं कि विज्ञान के गुण सिर्फ विज्ञान की दुनिया के लोगों के लिए हैं, आम लोगों के लिए नहीं। किसी भी शिक्षा का अर्थ है कि विज्ञान को साथ लेकर चलना, क्योंकि जो सचमुच शिक्षित हैं, वह जानता है कि वह सर्वज्ञ नहीं है और जो मालूम नहीं है उसे जानना है। दुर्भाग्यवश आज के अधिकांश शिक्षितों में अहंकार और स्वार्थ ज्यादा है। इसलिए कूपमंडूकता भी ज्यादा है। वे वस्तुतः डिग्रीधारी और हुनरमंद हैं, शिक्षित नहीं।

एक अन्य तथ्य है, कठोर धार्मिक वातावरण विज्ञान को स्वतंत्र ढंग से पनपने नहीं देता। आज वैज्ञानिक तरीके से बड़े पैमाने पर अज्ञानता का निर्माण एक उद्योग बन चुका है। लोग मोबाइल चलाने में, तकनीकी बुद्धिवाद में आगे हैं, लेकिन जीवन में बुद्धिपरकता का न्यूनतम उपयोग करते हैं। क्योंकि वे वस्तुतः डिग्रीधारी अशिक्षित हैं। देखा जा सकता है कि विज्ञान ने एक समय कई रहस्यों से पर्दा हटाया था। उदाहरण के तौर पर सांप के काटने या किसी बीमारी पर अब आदमी झाड़-फूंक की जगह डॉक्टर के पास जाना चाहता है। वह सूर्यग्रहण को राहु का ग्रास न मानकर एक प्राकृतिक लीला के रूप में देखता है और भयभीत होने की जगह आनंद उठाता है।

कई अपशकुनों और वर्जनाओं की अब परवाह नहीं की जाती। सेक्स के मामलों में पकड़े जाने के कारण बाबाओं से इधर कुछ मोहभंग हुआ है। कई चमत्कारों से पर्दा उठा है। फिर भी समाज में अंधविश्वास, तंत्र-मंत्र, ग्रह-शांति, धर्मवेशधारी भविष्य वक्ताओं पर विश्वास और दबंग बाबाओं-महंतों का आज पहले से ज्यादा प्रभाव है।

–फेसबुक वॉल से

द्वंद्व और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का, व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है।

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो। अंतर्द्वंद्व हो, वर्ग संघर्ष हो, जाति संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो। वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फैलती हैं, वैसे ही व्यक्ति स्वार्थ और समष्टि हित का द्वंद्व, समायोजन विभिन्न देश काल में विभिन्न रूप ले लेता है।

एक व्यक्ति स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है। एक व्यक्ति स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है, तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति स्वार्थ एक समूह में संगठित है। इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं, हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनैतिक दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं। वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं, भले ही वे उसे समष्टि हित का आवरण देते हैं। समष्टि हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता। कल नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था-हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है, सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं।

बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका? सेठों का व्यापारियों का। अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है। इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है। रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है, जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं। उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते। संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है। यूएनओ समष्टि हित का प्रतीक है, लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। समष्टि हित व्यापक होता है, मनुष्य मात्र के हित का साधक। मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है, समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है, जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्वहित है। यह वह भाव है, जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिंतन है। बुद्ध, महावीर, ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा में मृदुल कूटनीति की भूमिका

डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

मृदुल कूटनीति (सॉफ्ट कूटनीति) ऐसी विधा है जिससे राष्ट्र अपने नीतियों, कार्यक्रमों, कार्यों, प्रभाव और प्रकृति के आधार पर वैश्विक अनुसमर्थन और वैश्विक विधिक शक्ति अर्जित करते है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के विज्ञान में सॉफ्ट कूटनीति इतनी उपादेयता है कि इसके द्वारा शक्ति संतुलन (तराजू की स्थिति बराबर हो) को स्थापित किया जाता है। यह किसी राष्ट्र को सैनिक शक्ति, धमकी, राजनीतिक दबाव एवं व्यापारिक प्रतिबंध का प्रयोग किए बिना उसके राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करती है एवं राष्ट्रीय हितों को प्राप्त करने में प्रबल सहयोगी की भूमिका में होती है।

राजनीतिक शब्दावली में कहा जा सकता है कि राष्ट्र की मृदुल कूटनीति राष्ट्रीय हितों के पूर्ति करने में सहयोगी होती है। मृदुल कूटनीति में वे सभी उपाय और गतिविधियां संयोजित हैं, जो देश की सीमाओं और असैनिक समाज/नागरिक समाज को सुरक्षित करता है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और संबंधों में मृदुल कूटनीति की लोकप्रियता बढ़ी है। मृदुल कूटनीति का आशय किसी देश द्वारा बाध्यता या भुगतान के स्थान पर अपने प्रति आकर्षण/ सम्मोहन के द्वारा इच्छित वस्तु को प्राप्त करने के राजनीतिक कौशल से है। मृदुल कूटनीति की केंद्रीय भूमिका अपने प्रति दूसरे राष्ट्र आकर्षण है जिससे दूसरे राष्ट्र प्रभावित होकर राष्ट्र (देश) का अनुसरण करते हैं और राजनीतिक नेतृत्व की बातों का सम्मान और गंभीरता से उसकी राय को की कद्र करते हैं। मृदुल कूटनीति संसाधनों के समुचित अनुप्रयोग करने की राजनयिक कला और शासकीय व्यवहार है। भारत एक प्राचीन संस्कृति है जिसकी गहरी जड़ें इतिहास में हैं। भारत की ऐतिहासिक प्राचीन सभ्यता मानवीय सभ्यता के विकास में गंभीर भूमिका प्रदान करती है। भारत में एक लंबी सांस्कृतिक परंपरा है, जो शांति, अहिंसा, सहनशीलता, सौहार्द, धैर्य, विभिन्न संस्कृतियों के बीच सद्भावना, भौतिक और आध्यात्मिक समृद्धि में संतुलित आयाम, व्यक्ति और प्रकृति के बीच संतुलन के आदर्शों, मूल्यों और परंपराओं पर जोर देती है। अहिंसा भारत के स्वतंत्रता संघर्ष/संग्राम का मुख्य साधन रहा है। गांधीजी स्वतंत्रता जैसे साध्य को प्राप्त करने में अहिंसा रूपी साधन का प्रबल प्रयुक्तधर्मी थे। गांधीजी वैश्विक इतिहास में प्रतिष्ठित जन नेताओं में से एक है।

लोकतंत्र, लोकतांत्रिक संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्य के सफलता में भारत की मृदुल कूटनीति की उपादेयता महत्वपूर्ण है। भारत वैश्विक स्तर का सबसे बृहद लोकतंत्र है और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की मातृका/जननी है। भारत विकासशील देशों को लोकतांत्रिक तरीके से सत्ता परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित करता है और कई देशों के लिए एक आदर्श प्रतिरूप प्रस्तुत किया है और कर रहा है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि भारत की मृदुल कूटनीति के द्वारा एक विकसित राष्ट्र बनाना है तथा भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं पर्यावरण समस्या का निवारण और सुशासन को बढ़ावा देना है। इसलिए मृदुल कूटनीति की अभूतपूर्व प्रासंगिकता है।

एक नजर

मत्स्य पालन किसानों को विपणन में दी जाएगी मदद

अल्मोड़ा : मत्स्य विभाग अब ट्राउट मछलियों का उत्पादन करने वाले किसानों को उनके विपणन में मदद करेगा। सहायक निदेयाक मत्स्य अल्मोड़ा रितेश चंद्र ने बताया कि बागेश्वर जिले में ट्राउट मछलियों का उत्पादन काफी अधिक मात्रा में हो रहा है, किंतु उत्पादन के अनुरूप मांग ना होने के कारण किसानों को विपणन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सहायक निदेशक ने बताया कि बागेश्वर जिले के स्थानीय बाजारों में विक्रय के बाद भी उनके उत्पाद अवशेष बच रहे हैं। जिसे देखते हुए अब सरकार ने ऐसे जनपदों को ट्राउट मछली के पड़ोसी जिलों में विपणन की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि इस प्रजाति कर मछली में उच्च गुणवत्ता युक्त प्रोटीन, विटामिन, खनिज तत्व और ओमेगा फेटी एसिड पाया जाता है। जिस कारण पर्यटकों में इसकी अत्यधिक मांग होती है। उन्होंने बताया कि सरकार के इस फैसले के बाद अल्मोड़ा जिले के रिसोर्ट, होटल व रेस्टोरेंट स्वामियों समेत फुटकर विक्रेता इनके लिए सहायक मत्स्य विभाग के कार्यालय में अपनी मांग उपलब्ध करा सकते हैं।

वर्कशॉप में लगी आग कारों के टायर जले

बागेश्वर : ताकुला मोटर मार्ग स्थित एक वर्कशॉप में गुरुवार रात को आग लग गई। तुनेरा गधेरे के समीप मोहनी वर्कशॉप में आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन प्रभारी जीएस रावत के नेतृत्व में टीम वहां पहुंची तथा आग बुझाने के प्रयास प्रारंभ कर दिए। आग के कारण वर्कशॉप में रखा कार का सामान, टायर आदि जल चुके थे जिससे वर्कशॉप मालिक सुनील कुमार को लगभग 10 लाख से अधिक के नुकसान का अनुमान है। यदि अग्निशमन विभाग की ओर से तुरंत आग पर काबू नहीं पाया जाता तो पास के रेस्टोरेंट व कार पार्किंग में आग फैल सकती थी, जिससे बढ़ी दुर्घटना हो सकती थी। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा।

जालली-नागार्जुन मार्ग न बनने पर रोष

ग्रामीणों ने तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन, अनशन की चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के द्वाराहाट विकास खंड में जालली-नागार्जुन मोटर मार्ग का निर्माण न होने से स्थानीय लोगों में खासा आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा कि वह लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग पर कोई गौर नहीं किया जा रहा। जिस कारण ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा।

मोटर मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण द्वाराहाट की तहसीलदार लीना चंद्रा से मिले। ग्रामीणों ने जालली-नागार्जुन मोटर मार्ग पर डामरीकरण ना होने व सड़क के आधी अधूरी होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी अल्मोड़ा को ज्ञापन भी भेजा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि जालली नागार्जुन मोटर मार्ग के दो किलोमीटर के क्षेत्र पर अब तक डामरीकरण नहीं हो पाया है, जबकि बाराखाम से ईड़ा गांव के बिरोली तोक तक चार किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए कई बार मांग करने पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

ग्रामीणों ने कहा कि इन दोनों सड़कों के लिए विधायक मदन सिंह बिष्ट भी कई बार लोक निर्माण विभाग को पत्र लिख चुके हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी ग्रामीणों की इस मांग पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिस कारण ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर मार्च प्रथम सप्ताह तक इन सड़कों का निर्माण कार्य शुरू नहीं करवाया गया तो ग्रामीण क्रमिक व आमरण अनशन करने पर विवश होंगे। ज्ञापन में ग्राम प्रधान ईड़ा मनोज रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य शोभा रावत, ग्राम प्रधान हेमा देवी, महेश सिंह, महेश आर्या, प्रधान हेमा, प्रकाश आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

द्वाराहाट में सड़क की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

भाजपा प्रदेश प्रभारी की टिप्पणी पर भड़के कांग्रेसी

संवाददाता, अल्मोड़ा

कहा
- प्रदेश प्रभारी को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए
- ऐसा नहीं करने पर मोर्चा खोलने की बात कही

अमृत विचार : कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इंडिया गठबंधन के खिलाफ भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम की अपमानजनक टिप्पणी पर कड़ा आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा इस समय सत्ता के मद में चूर है और भाजपा के नेताओं में नैतिकता नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी को अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए। ऐसा ना करने पर कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी व भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात भी कही है।

जिले के सल्ट विकास खंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नारायण सिंह रावत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को बचाने के लिए कांग्रेस आगे रही है, और आगे भी रहेगी, लेकिन वहीं भाजपा देश को गरीबी की तरफ धकेल रही है और लगातार लोकतंत्र को कुचलने की साजिश रच रही है। कांग्रेस के सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासिचव घनानंद शर्मा ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और भाजपा नेताओं की अनर्गल बयानबाजी के खिलाफ कांग्रेस पार्टी शीघ्र मोर्चा खोलेगी और आम आदमी तक भाजपा के दोहरे चरित्र की जानकारी पहुंचाएगी। बैठक में देवेंद्र रावत, हरेंद्र सिंह, साहिल रावत, दयाकृष्ण भट्ट, बिशन दत्त शर्मा, इंद्र नेगी, जितेंद्र रावत, मंगल सिंह, सुरेंद्र, रमेश सिंह, केशर सिंह, जगत सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंचायत सदस्यों को जीडीपी कार्ययोजना की दी गई जानकारी

अल्मोड़ा, अमृत विचार : ग्रामीण समाज कल्याण समिति की ओर से शुक्रवार को भैसियाछाना ब्लॉक सभागार में एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में पंचायत सदस्यों को सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण समेत नौ थीमों पर जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण शिविर में मास्टर ट्रेनर गोपाल चौहान ने सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, जीपीडीपी कार्य योजना बनाने के विधि, आदर्श ग्राम पंचायत, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरा भरा गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे युक्त गांव, अनाज बैंक आदि की जानकारी दी गई।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी हेम चंद्र कांडपाल, कृपाल सिंह बिष्ट, तारा चंद आर्या, चंद्र सिंह मेहरा, सुनीता देवी, सोना देवी, मंजू देवी, प्रेमा देवी, मनोज बोरा, पुष्पा जोशी, प्रीति डोभाल, गुंजन शर्मा जोशी आदि मौजूद रहे।

बारिश के बाद हिमपात नहीं होने से लोग निराश

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : मौसम के बदलते मिजाज के बीच क्षेत्र में लगातार दो दिन मौसम खराब रहा। हल्की बरसात के बाद तापमान में काफी गिरावट आ गई। लोग आस लगा रहे थे कि बढ़ती ठंड और रिमझिम बारिश के बाद हिमपात होगा, लेकिन शुक्रवार को धूप निकल आने व हिमपात न होने से लोगों में मायूसी साफ देखी गई।

क्षेत्र में कड़ाके की ठंड से लोग बेहाल हैं। गौरतलब है कि दिसंबर में क्षेत्र में वर्षा नहीं होने से दोपहर में तापमान में बढ़ोत्तरी रही। सुबह-शाम सर्द हवा के कारण ठंड से तापमान में गिरावट आ गई, 31 जनवरी को अचानक मौसम ने करवट लेते हुए पूरे क्षेत्र को अपने आगोश में ले लिया। लगातार रिमझिम बारिश से तापमान में काफी गिरावट आ गई थी। गिरते तापमान को देखते हुए लोगों का कयास था कि फरवरी में वर्ष का पहला हिमपात होगा, लेकिन अचानक दो दिन बाद शुक्रवार को मौसम साफ हो गया।

सूअर के हमले में ग्रामीण घायल

बागेश्वर, अमृत विचार: गरुड़ के दूरस्थ गांव मजकोट में जंगली सूअर ने हमला करके एक ग्रामीण को घायल कर दिया। मजकोट निवासी 37 वर्षीय महादेव गिरी शुक्रवार सुबह अपनी गोशाला में थे। तभी जंगली सूअर ने उन पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर उसे भगाया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैजनाथ लाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने सुअरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। इधर वन क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र सिंह ने घायल का हालचाल जाना तथा उसे पांच हजार की आर्थिक सहायता दी।

डिप्लोमा इंजीनियर बोले, उपेक्षा बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, अल्मोड़ा

प्रदर्शन
- सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप, आंदोलन की चेतावनी
- मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी रखने की बात कही

अमृत विचार : शुक्रवार को भी अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध जता रहे डिप्लोमा इंजीनियरों में आक्रोश व्याप्त रहा। कर्मचारियों ने बाहों में काले फीते बांधकर विरोध जताया और अपनी मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी भी की। लोक निर्माण विभाग के डिप्लोमा इंजीनियर पिछले पांच दिनों से अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार पर हैं।

डिप्लोमा इंजीनियरों ने कहा वह लंबे समय से सहायक अभियंता के रिक्त पदों पर अपर सहायक अभियंताओं की पदोन्नति करने, 2018 में भर्ती हुए कार्मिकों का स्थायीकरण किए जाने, कार्यस्थल पर मेट बेलदार की नियुक्ति करने तथा 55 साल की आयु पूरी कर चुके कार्मिकों का ऐच्छिक तबादला करने समेत सभी मांगों पर कार्यवाही करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों पर कोई गौर नहीं कर रही है। जिस कारण अब इंजीनियर्स अपने आप को उपेक्षित महसूस करने लगे हैं। इंजीनियरों ने कहा है कि वह किसी भी कीमत पर अपनी उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगे और मांग पूरी होने तक संघर्ष जारी रखेंगे। कार्य बहिष्कार में खंडीय अध्यक्ष हेमंत पाठक, गणेश जोशी, गोविंद नाथ, हरीश जोशी, हेम चंद्र पंत, कैलाश रौतेला, आलोक ओली, सुरेश पौडियाल, रवि आदि मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में प्रदर्शन करते डिप्लोमा इंजीनियर। ● अमृत विचार

केंद्र का बजट निराशाजनक और गरीब विरोधी : प्रदीप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट को गरीब विरोधी व बेहद निराशाजनक करार दिया। टम्टा ने कहा कि केंद्र के इस बजट से आम आदमी को कोई फायदा पहुंचने वाला नहीं है।

अल्मोड़ा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में कुछ भी खास नहीं है। बल्कि गरीबों, किसानों व आम तबके समेत समूचे उत्तराखंड की इसमें घोर उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के परिपेक्ष में तो बजट ने लोगों की अपेक्षाओं के साथ खिलवाड़ किया है। ग्रीन बोनस सहित हिमालयी राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा देने जैसे अहम मामले पर वित्त मंत्री ने मौन साध लिया।

टनकपुर- बागेश्वर रेल लाइन के लिए भी कोई वित्तीय प्रावधान नहीं किया गया है। टम्टा ने कहा कि रोजगार के मामले में भी बजट में कोई खास बात नहीं आई है, जबकि देश में 20 से 24 आयुवर्ग के युवाओं की बेरोजगारी दर 40 फीसदी से पार हो चुकी है। शिक्षा का बजट घटा दिया है। इस दौरान विधायक मनोज तिवारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज व नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी मौजूद रहे।

अल्मोड़ा में पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा। ● अमृत विचार

डॉ. शमशेर सिंह बिष्ट की जयंती पर होगी गोष्ठी

अल्मोड़ा, अमृत विचार : उत्तराखंड लोकवाहिनी ने शुक्रवार को अल्मोड़ा में एक बैठक का आयोजन किया। इसमें वाहिनी के सदस्यों ने प्रसिद्ध आंदोलनकारी स्व. डॉ. शमशेर सिंह बिष्ट की जयंती पर चार फरवरी को विचार गोष्ठी करने का निर्णय लिया है। गोष्ठी में उत्तराखंड में वर्तमान में लोक परिदृश्य, भू-कानून तथा मूल निवास के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। गोष्ठी में राज्य के विविध विषयों पर विचार विमर्श के साथ ही डॉ .शमशेर सिंह बिष्ट के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर भी प्रकाश डाला जाएगा। बैठक में उत्तराखंड संघर्ष वाहिनी की ओर से 40 वर्ष पूर्व किए गए नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन पर भी प्रकाश डाला। साथ ही इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की गई की आंदोलन आज भी प्रासंगिक है। बैठक में वाहिनी के वरिष्ठ नेता जगत रौतेला, जंगबहादुर थापा, रेवती बिष्ट, पूरन चंद्र तिवारी, बिशन दत्त जोशी, अजयमित्र सिंह बिष्ट, दयाकृष्ण कांडपाल, अजय मेहता आदि शामिल रहे।

आबादी में आया तेंदुआ सीसीटीवी में हुआ कैद

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जंगलों को छोड़ अब तेंदुए लगातार आबादी वाले इलाकों का रुख करने लगे हैं। जिला मुख्यालय के धारानौला बाजार में कई दिनों से रात के समय तेंदुआ चहलकदमी करता दिखाई दे रहा है। मोहल्ले में घूम रहे इस तेंदुए के सीसीटीवी में रिकार्ड होने के बाद जहां धारानौला मोहल्ले में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं अब लोग शाम होते ही घरों में दुबकने को मजबूर हैं, लेकिन स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी वन विभाग ने यहां पिंजरा नहीं लगाया है।

धारानौला क्षेत्र के लोगों ने बताया कि यहां टैक्सी व बस स्टेंड के आसपास कई रोज से एक तेंदुआ रात में विचरण कर रहा है, जो एक स्थानीय व्यक्ति के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो चुका है। धारानौला क्षेत्र घनी आबादी वाला क्षेत्र है। ऐसे में तेंदुए की मौजूदगी से क्षेत्रवासियों में दहशत है और उनमें खतरे की आशंका बनी है। लोगों का कहना है कि कभी भी तेंदुआ किसी पर भी धावा बोल सकता है। इस खतरे से चिंतित क्षेत्र के कई लोगों ने कहा कि समय समय पर यह तेंदुआ विचरण करते देखा गया है और बार-बार इस बात की लिखित सूचना वन विभाग को दी जा चुकी है। स्थानीय लोगों ने विभाग के आला अधिकारियों से पिंजरा तेंदुए को पकड़ने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के लोग इसके भय से मुक्त हो सकें। स्थानी निवासी मनोज सनवाल, मनोज बिष्ट, दीप जोशी, पूरन, हर्षवर्धन कर्नाटक, राजू जोशी व आनंद सांगा आदि ने कहा कि अगर वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए शीघ्र कोई कार्रवाई नहीं की तो क्षेत्र के लोग सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।

धारानौला क्षेत्र में सीसीटीवी में कैद तेंदुआ।

वर्ग पहेली-331

बाएं से दाएं

2. जिसे तोड़ा-फोड़ा न जा सके, अखंड, अटूट।

6. 1. (पुराण) वाजश्रवा ऋषि का पुत्र जिसने मृत्युदेव से ब्रह्मज्ञान प्राप्त किया था 2. आग, अग्नि।

8. कोई चीज़ दांत से खींच-खींचकर या लगभग नोंचकर खाना, चिचोड़ना

4. पुश्तैनी, पैतृक, अच्छे कुल या वंश का।

5. 1. बार-बार पलक गिराना 2. आंखों को खोलना और बंद करना, पलकें उठाना और गिराना।

7. 1. एक प्रकार की बेल जिसमें सेम जैसी फलियां लगती हैं, कौंछ 2. उक्त बेल का फली जिसको छूने से खुजली होती है।

ऊपर से नीचे

1. 1. हलका स्पर्श, संपर्क 2. कोमल अनुभूति।

3. पिता, बाप।

■	1	■	■	■	■
■	2		3		■
■		■		■	■
4	■	■		■	5
6		7		■	
	■		■	■	
	■	8			

वर्ग पहेली - 330 का हल

1 ल	ह	ल	हा	■	2 रो
भ	■	■	■	■	ज़ा
नी	■	3 जो	■	4 जा	■
■	5 म	हा	भा	ग	■
6 ग	ग	री	■	र	■
■	रि	■	■	ण	■
■	7 बी	ए	ड	■	■

सुडोकू -48

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6		9		1			
9		3		2			5	
				7		3		
5			8			7		
		4						1
		2			6			5
				6				9
	1			8		4	7	
			4		7		1	

सुडोकू - 47 का हल

7	6	1	9	5	4	2	8	3
2	3	9	6	1	8	5	7	4
4	5	8	3	2	7	1	9	6
5	9	7	1	4	6	3	2	8
1	8	6	7	3	2	4	5	9
3	4	2	8	9	5	6	1	7
9	7	5	4	6	1	8	3	2
8	1	4	2	7	3	9	6	5
6	2	3	5	8	9	7	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-अष्टमी 17 .20 तक तत्पश्चात नवमी।

मेष : आज घर वालों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से बहुत ज्यादा प्रसन्न रहेंगे। सुख और विलासिता का भरपूर लाभ उठाने वाले हैं। कार्यक्षेत्र में मनोनुकूल परिणाम मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष : आज आपको पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। व्यवसाय में आप अतिरिक्त निवेश करने का विचार बनाएंगे। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। ई-कॉमर्स से जुड़े लोगों की अत्यधिक व्यस्तता रहने वाली है।

मिथुन : आज कारोबार की बिगड़ती स्थितियों को अपनी बुद्धिमत्ता से संभाल लेंगे। दोस्तों के साथ किसी योजना पर चर्चा करेंगे। संतान को लेकर आपको गर्व का अनुभव होगा। आपका चित्त काफी प्रसन्न रहेगा। प्रेम संबंधों में नवीनता और ताजगी का एहसास होगा।

कर्क : आज नवीन परियोजना पर त्वरित कार्यान्वयन कर सकते हैं। पुराना ऋण आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। आपको आलस्य से आपको बचना चाहिए। कारोबार में व्यस्तता बढ़ने वाली है।

सिंह : आज का दिन भोग विलास में बीतेगा। सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहेंगे। लाभदायक सौदे मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी कार्यों की बाधा दूर होगी। नए संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

कन्या : आज व्यापार में आप काफी ध्यान देंगे। घरेलू काम-काज में आप काफी रुचि लेंगे। निवेश लाभकारी सिद्ध होंगे। अपने हितों को लेकर काफी जागरूक रहेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपको अपनी माता का ध्यान रखना चाहिए।

तुला : आज कामकाज की स्थितियों को दोबारा संवारने का प्रयास करेंगे। इंटरव्यू आदि में सम्मिलित हो रहे हैं तो सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आयात-निर्यात से जुड़े कारोबार में लाभ मिलेगा। करियर में वृद्धि देखने को मिलेगी।

वृश्चिक : आज दान-धर्म के कार्यों से पीछे न हटें। किसी को धन उधार न दें। जॉब को लेकर कुछ चिंता बढ़ेगी। मानसिक रूप से आपको मजबूत रहना चाहिए। जमा पूंजी को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी। आपको बॉस से उलझने से बचना चाहिए।

धनु : आज प्रेमी जन आपके बहुत निकट आ सकता है। भावुक होकर निर्णय न लें। आप धार्मिक गतिविधियों में सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी पर भी सीधे-सीधे विश्वास करना ठीक नहीं होगा।

मकर : आज जॉब को लेकर तनाव दूर होने की संभावना है। नया व्यापार शुरू करने के दिन काफी अच्छा है। मैनेजमेंट से जुड़े कार्यों में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। स्वादिष्ट पकवानों का भरपूर आनंद लेंगे।

कुंभ : आज धार्मिक यात्राओं में जाने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। अधिकारियों के साथ आपको व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। माता-पिता की सेहत का विशेष ख्याल रखना होगा। जॉब में अतिरिक्त कार्य का दबाव हो सकता है।

मीन : आज आपको स्वाध्याय करने में अपना समय व्यतीत करना चाहिए। प्रेमी के प्रति अत्यधिक भावुक होना दुख का कारण बन सकता है। परिवार के लोगों के व्यवहार से निराश हो सकते हैं। आप धन को लेकर परेशान हो सकते हैं।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-06 .51-07 .35, 07 .35-08 .19 तक।

दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शिशिर।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-विशाखा पूर्ण रात्रि तक।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- जागृति — सुबह : 10 .00
- सीता और गीता — रात : 07 .00

SONY MAX
- अतरंगी रे — सुबह : 10 .22
- अफवाह — रात : 07 .00

SONY PIX
- कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 09 .42
- एस्केप रूम — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- एनेमी — सुबह : 10 .30
- जीरो — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- गहराइयां — दोपहर : 01 .04
- धनवान — रात : 07 .32

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी रात को आसमान की तरफ देखते हुए बोली वो कौन सी चीज है, जिसे तुम हर दिन देख तो सकते हो, लेकि न तोड़ नहीं सकते?
पति- छोड़ो न मैं नहीं बताऊंगा।
पत्नी- बताओ न प्लीज...
पति- रहने दे
पत्नी-बताओ न !
पति- तेरा मुंह।

पप्पू ने एक राह चलती लड़की से कहा आपने पहचाना मुझे?
लड़की- नहीं, आप कौन हैं?
पप्पू- मैं वही हूं, जिसे आपने कल भी नहीं पहचाना था।

चंपावत के मरीजों को जांच के लिए अब नहीं लगानी पड़ेगी दूसरे जिले की दौड़, मुख्यमंत्री धामी का प्रयास लाया रंग

जिला अस्पताल में हो सकेगा अब सीटी स्कैन

देवेन्द्र चन्द देवा, चंपावत

चंपावत का जिला अस्पताल। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जनपद चंपावत के लोगों के लिए अच्छी खबर है कि जल्द ही जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की व्यवस्था शुरू होने जा रही है। अब यहां के लोगों को परीक्षण के लिए पड़ोसी जिला ऊधम सिंह नगर या अन्य क्षेत्र की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा क्षेत्र चंपावत होने के कारण यह व्यवस्था शीघ्र ही शुरू होने जा रही है। बताया जाता है की धनराशि उपलब्ध न होने के कारण अस्पताल में निर्धारित किलोवाट का बिजली संयोजन मशीन होने के बावजूद नहीं हो पा रहा था।

शासन स्तर से जिला अस्पताल को धनराशि उपलब्ध होने पर लोगों को एक माह में सीटी (कंप्यूटराइज्ड टोमोग्राफी) स्कैन के परीक्षण की सौगात मिल जाएगी। इसकी सबसे बड़ी अड़चन पहली फरवरी को दूर हो गई है। अड़चन थी उच्च क्षमता के बिजली के संयोजन के लिए बजट न मिल पाना। कमोवेश अब इसके लिए रकम शासन ने दे दी है, जिले के लोगों को सीटी स्कैन की व्यवस्था जिला अस्पताल में न होने के कारण उन्हें जनपद उधमसिंह नगर या अन्य स्थानों में जाना पड़ता था, जिससे ना सिर्फ समय की बर्बादी होती थी बल्कि उन्हें अतिरिक्त धनराशि भी व्यय करनी पड़ती थी। इधर जिला अस्पताल के जानकार सूत्र बताते हैं कि सीटी स्कैन की सुविधा के लिए निर्माण से संबंधित कार्य पिछले वर्ष दिसंबर में पूरा हो गया था। इसके अलावा अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन भी चार माह पहले आ चुकी थी, लेकिन शासन स्तर से धनराशि उपलब्ध न होने के कारण यहां के लोगों को इस मशीन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इधर जिले के लोगों ने मुख्यमंत्री के इस प्रयास की सराहना करते हुए उनका आभार जताया है।

> 52 लाख रुपये की राशि शासन से अवमुक्त होने पर अब शीघ्र ही इस राशि को ऊर्जा निगम को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। जिला अस्पताल में एक माह से कम समय में 200 किलोवाट क्षमता का संयोजन लगा दिया जाएगा। फरवरी के अंत तक काम पूरा कर मार्च से बकायदा सीटी स्कैन परीक्षण किए जाने का कार्य सुचारु हो जाएगा। अब लोगों को सीटी स्कैन परीक्षण के लिए निजी अस्पताल या दूसरे जिले के चक्कर नहीं लगाने होंगे। **–डॉ. केके अग्रवाल**, मुख्य चिकित्साधिकारी, चंपावत

राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

संवाददाता, बागेश्वर

प्रदर्शन
- डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन, शिक्षक को शीघ्र विद्यालय से हटाने व कार्यों की जांच की मांग की

अमृत विचार : राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। गुस्साए लोगों ने शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। बता दें कि राउमावि बैसानी के शिक्षक बहादुर सिंह कुंवर को सम्मान मिलने के साथ ही दो वर्ष का सेवा विस्तार मिला है। इस पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। उन्होंने डीएम से उसके स्थानांतरण किए जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षक बहादुर सिंह कुंवर विद्यालय में पढ़ाई का कार्य ठीक से नहीं करते हैं। वह कभी कभी ही स्कूल में आते हैं व ग्रामीणों व स्टाफ के साथ अभद्रता करते हैं। आरोप लगाया कि शिक्षक भोजन माता को भी गलत सलाह देते हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इनकी सेवानिवृत्ति की तिथि 31 जनवरी थी परंतु सम्मान मिलने के कारण उन्हें दो साल का सेवा विस्तार दिया गया है। ग्रामीणों ने मांग की कि उक्त शिक्षक को शीघ्र इस विद्यालय से हटाया जाय तथा उनके कार्यों की जांच की जाय।

ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में भी उनकी शिकायत विधायक व उच्चाधिकारियों से की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। प्रदर्शन के दौरान चेतावनी दी कि अगर शीघ्र मांग नहीं मानी तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में रेखा देवी, कांतुली देवी, ईष्वर सिंह, पदम राम, नीमा देवी, राधा देवी, पूरन चंद्र, प्रताप राम समेत कई ग्राम प्रधानों के हस्ताक्षर हैं।

एक नजर

त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

टनकपुर। प्रदेश में की त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव का कार्यकाल 2 वर्ष और बढ़ाने के साथ एक राज्य एक चुनाव फार्मूला लागू किए जाने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में पंचायती प्रतिनिधियों ने उप जिलाधिकारी आकाश जोशी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। श्री पूर्णागिरि ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष दीपक प्रकाश चन्द के नेतृत्व में टनकपुर और बनबसा क्षेत्र के पंचायती प्रतिनिधि तहसील पहुंचे जहां उन्होंने एसडीएम आकाश जोशी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबंधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव वर्ष 2019 में गठित हुआ था। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान राधिका चन्द, मोहनी चन्द, जगदीश प्रसाद, पूजा महर, आयशा खातून, रमीला आर्य, सुमन चन्द, नरी राम, पूजा जोशी, बीडीसी सदस्य गीता सेठी समेत तमाम पंचायती प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सात को होगी कार्यशाला

टनकपुर। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय हल्द्वानी की ओर से 7 फरवरी को नगर पालिका परिषद टनकपुर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में कार्यशाला का आयोजन जा रहा। यह जानकारी देते हुए महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र दीपक मुरारी ने बताया कि आयोजित कार्यशाला में स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी। महाप्रबंधक ने कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों को स्वयं या प्रतिनिधि के माध्यम से प्रतिभाग करने को कहा।

पहाड़ को नशे से बचाने के लिए भरी हुंकार

नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन की 40वीं वर्षगांठ पर बसभीड़ा में माफियाराज के खिलाफ एकजुट होने का संकल्प लिया

संवाददाता, अल्मोड़ा

चौखुटिया के बसभीड़ा में नशे के खिलाफ रैली निकालते पीसी तिवारी व अन्य लोग। ● अमृत विचार

अमृत विचार : नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन की 40वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को क्षेत्र के लोगों ने चौखुटिया विकास खंड के बसभीड़ा से हुंकार भरी। इस दौरान आंदोलन के संयोजक पीसी तिवारी के नेतृत्व में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और हर तरह के माफियाराज के खिलाफ संगठित होकर संघर्ष करने का संकल्प भी लिया गया।

नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन की वर्षगांठ पर चौखुटिया के बसभीड़ा में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया। इसको संबोधित कर आंदोलन के संयोजक पीसी तिवारी ने कहा कि आज बेरोजगारी व अनिश्चित भविष्य युवाओं को अवसाद व नशे की ओर धकेल रही है, इसलिए सरकार को रोजगार को मौलिक अधिकार बनाने की पहल करनी चाहिए। तिवारी ने उत्तराखंड में फल फूल रहे नशे के बढ़ते व्यापार पर गहरी चिंता व्यक्त कर इसे उत्तराखंड राज्य की अस्मिता व अवधारणा के लिए घातक बताया। उन्होंने कहा कि नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन आज भी 40 वर्ष पूर्ण होने पर भी अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। आज उत्तराखंड राज्य की अस्मिता और उसकी अवधारणा को वोट बैंक की राजनीति ने हाशिये पर धकेल दिया है, जो आने वाले पीढ़ियों के लिए शुभ नहीं है।

राज्य में बढ़ते पलायन, बेरोजगारी, लचर शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उन्होंने केंद्र व राज्य सरकारों की नीतियों को दोषी ठहराते हुए व्यापक जनआंदोलन की बात कही। उन्होंने कहा कि एक ओर राज्य सरकार जहां समान नागरिकता लागू करने के लिए प्रतिबद्ध दिखा रही है, लेकिन समान शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, भू कानून और मूल निवास जैसे प्रश्न आज भी सरकार की जवाबदेही का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में समान नागरिकता जैसे जुमलों का कोई महत्व नहीं है। ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मण सिंह मनराल ने कहा कि नशा नहीं रोजगार दो आंदोलन की लगातार निरंतरता सामाजिक बदलाव को एक नई दिशा दे रही है। इस आयोजन में स्थानीय तथा विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने हिस्सेदारी की है जो काफी सराहनीय है।

ज्वलंत समस्याओं पर सामूहिक विचार विमर्श पर सहमति

कार्यक्रम के दौरान नशे और रोजगार के सवाल पर गंभीर चिंतन मनन के साथ उत्तराखंड की ज्वलंत समस्याओं पर सामूहिक विचार विमर्श का क्रम निरंतर जारी रखने पर आम सहमति व्यक्त की गई। गोष्ठी के अंत में एक रैली का भी आोजन किया गया। कार्यक्रम में बालादत तिवाड़ी, उदय किरौला, आनंदी वर्मा, मोहन किरौला, मधुबाला कांडपाल, आनंद किरौला, माधो सिंह बिष्ट, रामसिंह, त्रिलोक सिंह, महेश फुलारा, जमन सिह, प्रकाश जोशी, डिगंबर नेगी, भावना पांडे, दिनेश उपाध्याय, हेम पांडे, यतीश जोशी, डा. लक्ष्मण मनराल, जगदीश ममगई, नारायण सिंह, परमानंद कांडपाल, धीरज तिवाड़ी, गोपाल राम, मनोज पंत, किरन आर्या, राजू गिरि, दीपांशु पांडे, राकेश कुमार, भानु, सुमित, मंजू देवी, रुकमा देवी आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति को व्यवहार में उतारें शिक्षक

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा के तत्वावधान में गणित, अंग्रेजी तथा अर्थशास्त्र विषय के प्रवक्ताओं का छह दिवसीय सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण जारी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिक्षकों का आह्वान किया कि वह प्रशिक्षण में सीखे गए मूल्यों को कक्षाओं तक ले जाएं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर प्राचार्य ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त गतिविधियों को व्यावहारिक जीवन में अपनाएं। जिला संसाधन विभाग के विभागध्यक्ष गोपाल सिंह गैड़ा ने कहा कि शिक्षकों को अपने विषय में निपुणता हासिल करनी चाहिए। गैड़ा ने शिक्षकों को तनाव प्रबंधन व हैप्पीनैस कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। सेवारत विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता डा. बीसी पांडे ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों की कार्य कुशलता में वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को समझने व व्यावहारिक धरातल पर उतारने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। डा.दीपा जलाल ने आनंदम व गाइडेंस काउंसलिंग की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति और क्रिटिकल थिंकिंग पर कक्षा कक्ष में की जाने वाले गतिविधियों की चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य संदर्भदाता महेश चंद्र पांडे, नरेंद्र पाल सिंह, धर्मवीर सिंह, राकेश खत्री, मो.रियाज, धर्मपाल सिंह, एमएस भंडारी, डा. प्रकाश पंत, जीएस गैड़ा, ललित मोहन पांडे, हेमचंद जोशी, सरिता पांडे, अशोक बनकोटी, दिनेश चंद पपनै, विनोद चंद लोहनी, प्रेरणा गुरुरानी, हरेंद्र सिंह बिष्ट, बनवारी लाल समेत अनेक सेवारत शिक्षक मौजूद रहे।

डायट में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

पावर चैनल का पानी होगा डाइवर्ट

संवाददाता, टनकपुर

एनएचपीसी के पावर चैनल में हो रहे रिसाव को बंद करने का हो रहा कार्य।

अमृत विचार : टनकपुर जल विद्युत परियोजना के एनएचपीसी पावर चैनल में करीब आधा दर्जन स्थानों पर जल रिसाव को बंद करने के लिए एनएचपीसी प्रबंधन तेजी से कार्य कर रहा है। गोताखोरों के द्वारा पारदर्शी कैमरे की मदद से जल रिसाव स्थल को चयनित कर उसे बंद करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

गांव सैलानीगोठ के नई बस्ती क्षेत्र में जल रिसाव होने से अभी भी गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। वहीं दूसरी ओर एसडीएम आकाश जोशी ने ग्राम पंचायत सैलानीगोठ के प्रधान को भेजे पत्र में कहा है कि एनएचपीसी के पावर चैनल के सिल्ट इजेक्टर से जल्दी ही मुख्य शारदा नदी को पानी छोड़ा जाएगा इसको देखते हुए उन्होंने गांव के जानवरों और बच्चों को शारदा तट पर ना भेजने की सलाह दी है। इधर एनएचपीसी प्रबंधन पावर चैनल में जगह-जगह हो रहे जल रिसाव को रोकने में जुट गई है। मालूम हो कि मंगलवार की रात्रि को टनकपुर से करीब 5 किलोमीटर दूर एनएचपीसी पावर चैनल के सैलानीगोठ गांव से लगे नई बस्ती क्षेत्र में करीब आधा दर्जन स्थानों पर जल रिसाव होने लगा। बताया जाता है कि इससे पहले भी पावर चैनल से जल रिसाव हो चुका है। इधर एनएचपीसी के महाप्रबंधक राजिल व्यास ने बताया कि पावर चैनल के कई हिस्सों में हो रहे जल रिसाव को बंद किए जाने का कार्य युद्ध सर पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पारदर्शी कैमरे के सहारे से विशेषज्ञ गोताखोरों द्वारा रिसाव हुए स्थान को देखकर उसे बंद करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां हो रहे जल रिसाव से विद्युत उत्पादन कार्य प्रभावित नहीं हो रहा है।

विद्युत सब स्टेशन बनाने की मांग पूरी

लोहाघाट, अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने क्षेत्रीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए पुल्ला खेतसारी में विद्युत सब स्टेशन की मांग पूरी की है जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा 10 नाली जमीन भी उपलब्ध करा दी गई है। इस सब स्टेशन के बनने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और सुदृढ़ हो जाएगी।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने पंचेश्वर रोड खिड़ी से धौनी शिलिंग मोटर मार्ग के निर्माण के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान की है। साढ़े पांच किलोमीटर लंबी इस सड़क के लिए 4,82 88,000 रुपये की स्वीकृति भी मिल चुकी है। मालूम हो कि क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य प्रीति पाठक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहित पाठक द्वारा उक्त मांगों के लिए लगातार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पहल की जा रही थी। दोनों मांगें पूरी होने पर क्षेत्रीय लोगों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया है।

बच्चों में विज्ञान के प्रति उत्सुकता होनी चाहिए

सौगात
- आदर्श इंटर कालेज हवालबाग में स्टैम लैब का संचालन शुरू
- बच्चों के साथ प्रश्नों के जरिये संवाद स्थापित किया

संवाददाता, अल्मोड़ा

हवालबाग में स्टैम लैब का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिला मुख्यालय के राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग में साइंस टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथमेटिक्स व स्टेम लैब संचालित हो चुकी है। यह लैब बच्चों में विज्ञान की रुचि जागृत करने में कारगर साबित होगी और बच्चों की वैज्ञानिक सोच को मूर्त रूप देगी।

लैब का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र आर्या, डायट प्राचार्य जीजी गोस्वामी, प्रधानाचार्य डा. कपिल नयाल व डायट प्रवक्ता गोपाल सिंह गैड़ा ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। लैब में भौतिकी, रसायन विज्ञान व जीव विज्ञान से संबंधित कई मॉडल तथा डू इट युवरसेल्फ किट्स स्थापित की गई हैं, ताकि विद्यार्थी हैंडस ऑन के माध्यम से स्वयं प्रयोग कर विज्ञान में रुचि जागृत कर सकें। लैब के शुभारंभ के मौके पर ही रोल मॉडल इंटरेक्शन के तहत विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. अनुराधा भारती ने विद्यार्थियों को सही करियर चुनने एवं विज्ञान के क्षेत्र में आगे आने के लिए कई जरूरी बातें बताईं। उन्होंने बच्चों के साथ प्रश्नों के जरिये संवाद स्थापित किया एवं विज्ञान के क्षेत्र में मौजूद कई अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. कपिल नयाल ने बताया कि अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन द्वारा स्थापित स्टेम लैब केवल इसी विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं बल्कि पूरे समुदाय के विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने इन्नोवेटिव विचारों को इस लैब के माध्यम से मूर्त रूप दे सकते हैं। इस मौके पर अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन के एकेडमिक कोऑर्डिनेटर रमाकांत शर्मा, कंसलटेंट हितेश बिरोड़िया, प्रमोद कुमार ने भी विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन संजय पांडे व रमाकांत शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मनोज पाठक, सुरेश कर्नाटक, भगवत सिंह बगडवाल, गंगा मेहरा, सुनीता बोरा, योगिता तिवारी, हिमांती टम्टा व भावना वर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। जबकि गंगा मेहरा, टीडी भट्ट, प्रदीप सलाल, निर्मल कुमार पंत, सुनीता बोरा, सुमन पाठक, मोनिका जोशी, कविता जोशी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

उत्तराखंड

इंटिग्रेटेड प्लान के साथ कार्य करें: राधा रतूड़ी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार: राज्य में परियोजनाओं के निर्माण के संदर्भ में संसाधनों के अपव्यय को समाप्त करने दृष्टिगत मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने व्यय वित्त समिति (ईएफसी) की बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों को सभी प्रोजेक्ट्स के निर्माण के दौरान इंटिग्रेटेड प्लान के साथ कार्य करने की हिदायत दी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्पष्ट किया है कि परियोजनाओं के विकास के दौरान मानव संसाधन, भवन, उपकरणों तथा प्रोजेक्ट्स के आउटकम पर एकीकृत समझ के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने गोपेश्वर एवं रुड़की के डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में बनने वाले 50 बैड के क्रिटिकल केयर ब्लॉक की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग को सख्त हिदायत दी है कि हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की दृष्टि से राज्य में नए निर्माणों से भी अधिक वर्तमान अस्पतालों, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं को मजबूत करने एवं सुधारने की जरूरत है। मुख्य सचिव ने इस सम्बन्ध में संसाधनों के अपव्यय को रोकते हुए वर्तमान स्वास्थ्य सेवाओं को तत्परता से सुधारने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को सचिवालय में 5 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की ईएफसी (व्यय वित्त समिति) की बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने मानसखण्ड योजना के तहत नैनीताल में मां नयना देवी मन्दिर के सौन्दर्यीकरण एवं सुधारीकरण की समीक्षा करते हुए यहां पर पार्किंग के विस्तारीकरण, मंदिर के निकट फ्रीजिंग जोन बनाने तथा योजनाबद्ध विकास कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि 1101.62 लाख रुपये की लागत से संचालित होने वाले इस प्रोजेक्ट के तहत 1 वर्ष के भीतर मंदिर परिसर के विकास एवं सौन्दर्यीकरण, यूटिलिटि शिफिटंग, मंदिर परिसर के समीप पार्किंग स्थल को स्टैक पार्किंग में बदलकर उच्चीकृत किया जाएगा। इसमें मंदिर परिसर के आस पास की दुकानों का रिसेटलमेंट तथा पैदल पथ का सौन्दर्यीकरण भी किया जाना है।

इसके साथ ही मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मानसखण्ड योजना के तहत चम्पावत में देवीधूरा बाराही देवी मंदिर के सौन्दर्यीकरण की समीक्षा कर मन्दिर निर्माण, परिक्रमा मार्ग, प्रवेश द्वार, गहरवालखाम एवं आन्तरिक विद्युतीकरण के कार्य को निर्धारित समय सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि 18 माह में पूरा होने वाले इस प्रोजेक्ट की लागत 1253.28 लाख रूपये है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने 4042.90 लाख से संचालित होने वाले ऋषिकेश शहर के तहत मुनि की रेति, ढालवाला तथा तपोवन क्षेत्र के ड्रैनेज प्लान (जल निकासी) को जल्द पूरा करने निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंदवर्धन, सचिव डा.आर राजेश कुमार, सचिन कुर्वे सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अतिक्रमण हटाकर वसूला जुर्माना

देहरादून, अमृत विचार: अतिक्रमणमुक्त अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को घटांघर-दिलाराम चौक, विजय कालोनी, हाथीबड़कला, कमला पैलेस शिमला बाईपास, मेहूवाला आदि स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया। नगर निगम ने 53 चालान कर रुपये 36400 के अर्थदंड की कार्रवाई की। पुलिस ने 36 चालान कर 11000 का अर्थदंड वसूला। इसी प्रकार आरटीओ द्वारा लगभग 15 चालान कर रुपये 7500 के अर्थदंड की कार्रवाई की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाकर फुटपाथ, सड़कों को अतिक्रमणमुक्त करें।

उत्तरांचल प्रेस क्लब देहरादून के लिए चार एसी भेंट करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी।

प्रेस क्लब को चार एसी दिए

देहरादून, अमृत विचार : कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून स्थित उत्तरांचल प्रेस क्लब को शुक्रवार को चार एसी भेंट किये। कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अध्यक्ष अजय राणा और क्लब के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर पीएनबी के एजीएम अजीत उपाध्याय, सर्कल हेड विराज डोगरा, मैनेजर सर्वेश सिंह, उत्तराखंड न्यूज कैमरामेन एसोसियेशन के अध्यक्ष राजेश बड़थ्वाल, उपाध्यक्ष रश्मि खत्री, सचिव मंगेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष दरबान सिंह सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

देव भूमि से समान कानून की शुरुआत सुखद : भट्ट

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- सभी दलों को सकारात्मक चर्चा कर इसे सर्वसम्मति से पास करने की जरूरत

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने यूसीसी कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री को ड्राफ्ट सौंपे जाने पर प्रसन्नता जताकर प्रदेशवासियों की तरफ से समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता से किया अपना एक और वादा पूरा करने जा रही है।

हमें उम्मीद है कि सदन से यह कानून सर्वसम्मति से पास हो और एक समान नागरिक कानून की देवभूमि से शुरुआत हो। चुनावी लाभ के आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने अपील कि कांग्रेस भी सदन में इसे पास करने में सहयोग कर इसका चुनावी लाभ ले सकती है। भट्ट ने कहा कि देश में समान नागरिक संहिता पार्टी की वैचारिक एवं सैद्धांतिक प्रतिबद्धता है। यही वजह है कि अपनी स्थापना से ही राजनैतिक नफा नुकसान को दरकिनार कर पार्टी लगातार इसको लागू करने को लेकर जनजागरण और अन्य प्रयास करती आई है।

यही वजह है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विगत विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सरकार आने पर यूसीसी लागू करने का वादा किया था, जिसके बाद कैबिनेट की पहली बैठक में ड्राफ्ट कमेटी का गठन किया था, 43 से अधिक जनसंवाद कार्यक्रमों, 72 समिति सदस्यों की अध्ययन बैठकों, वेब पोर्टल समेत सभी माध्यमों से कुल 2.33 लाख से अधिक सुझावों के आधार पर आखिरकार प्रदेश को अपना सामान नागरिक कानून का ड्राफ्ट मिल गया है। मुख्यमंत्री धामी ने भरोसा दिलाया है कि आगामी सत्र में इसे पेश किया जाएगा। अब चंद दिनों का इंतजार है जब देवभूमि के सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होगा।

उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से अपील की है कि दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर उत्तराखंडवासियों की भावना को ध्यान रखकर बने इस कानून पर सकारात्मक चर्चा करें, क्योंकि हमारा मानना है कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप समान नागरिक संहिता व्यवस्था की शुरुआत के लिए देवभूमि से बेहतर कोई अन्य राज्य नहीं हो सकता है।

उन्होंने विपक्ष के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि जो किसी कारणवश सुझाव नहीं दे पाए थे या जिनके लिए राजनीति से अधिक जनता की भावनाएं महत्व रखती हैं वे अभी भी अपनी पार्टी के विधायकों पर सदन में अपने सकारात्मक सुझाव रखने का दबाव बना सकते हैं।

कांग्रेस के पास भी सुनहरा मौका है

चुनावी लाभ के लिए यूसीसी लाने के आरोपों पर पलटवार कर कहा, कांग्रेस के पास भी सुनहरा मौका है कि जब सदन में कानून आए तो उस पर सकारात्मक ढंग से चर्चा करें। साथ सर्वसमिति से उसे पास करने में अपनी सहभागिता देकर उसका चुनावी लाभ ले। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस नेताओं को सलाह दी कि आलाकमान का हुकुम बजाने के बजाय थोड़ा देवभूमि की भावनाओं के प्रति दायित्व का भी निर्वहन भी करें। ताकि सर्वसम्मति से यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बने।

विपक्ष के तमाम आरोपों को दरकिनार किया

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने विपक्ष के तमाम आरोपों को दरकिनार कर कहा कि भाजपा जनता के लिए, जनता के मुद्दों पर राजनीति करती है, इसीलिए एक देश एक कानून के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आजादी के शुरुआती दिनों में तो कांग्रेस और अन्य पार्टी के नेताओं ने भी इस मुद्दे का समर्थन किया था, लेकिन एक वर्ग को खुश करने के लिए तुष्टिकरण नीति अपनाई लेकिन यूसीसी नही अपनाया।

रिटर्निंग अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचारः लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने सहायक रिटर्निंग अधिकारी/उप जिलाधिकारियों के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शाम को वर्चुअल माध्यम से बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी सहायक रिर्टनिंग अधिकारी एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारी अपने-अपने दायित्वों कों भलीभांति समझ लें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विभिन्न एप्प की जानकारी रखें साथ ही आईडी एवं अभिलेखों के सम्बन्ध में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि विभिन्न एप्प पर प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण एवं समयावधि का ध्यान रखने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देशित किया सभी एआरओ अपने क्षेत्र में पोलिंग बूथ का निरीक्षण करें तथा यदि कहीं पर बदलाव किये जाने हैं, उसकी कारण सहित संस्तुति भेजें।

वर्चुअल बैठक में मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी झरना कमठान, उप जिलाधिकारी दीपक सैनी, उप जिलाधिकारी चकराता हरिगिरि गोस्वामी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश योगेश मेहरा आदि जुड़े रहे।

रिश्वत लेते अमीन व अनुसेवक को धरा

देहरादून, अमृत विचार : हरिद्वार के लक्सर तहसील में तैनात संग्रह अमीन व अनुसेवक को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए विजिलेंस टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

शिकायतकर्ता ने सतर्कता अधिष्ठान के टोल फ्री नंबर 1064 पर शिकायत कर बताया था कि अपने नाम से टेंपो ट्रैवलर व पत्नी के नाम से मिनी बस में ली थी जिसको करीब 3-4 साल पहले बेच दिया था। विक्रय दस्तावेज भूलवश आग में जल गए थे। इस वजह से उन्हें यह नहीं पता चल पा रहा था कि उन्होंने वाहन किसे बेचा। दोनों वाहनों की वसूली संबंध में जारी आरसी को परिवहन विभाग को वापस करने, जेल भेजने से बचाने के एवज में संग्रह अमीन रवि पाल ने रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता रिश्वत नहीं देना चाहता था। शिकायत के आधार पर ट्रैप टीम का गठन किया गया है। शुक्रवार को जब शिकायतकर्ता बालावाली तिराहा पहुंचा।

शिक्षकों के पद भरवाने शिक्षा मंत्री से मिले कैड़ा

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : भीमताल विधान सभा क्षेत्र के विधायक राम सिंह कैड़ा ने शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से मुलाकात कर कहा कि क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल में शिक्षकों के कई पद रिक्त चल रहे हैं।

लगातार भीमताल विधानसभा क्षेत्र से शिक्षकों का स्थानातरण किया जा रहा है, उनके स्थान पर शिक्षकों को नहीं भेजा गया है। जिस कारण कई प्राथमिक विद्यालयों व जूनियर हाईस्कूलों व इंटर कालेजों में शिक्षकों के पद रिक्त चल रहे हैं। कई प्राथमिक विद्यालय केवल एक-एक शिक्षा मित्रों के सहारे चल रहे हैं। जिस कारण छात्र-छात्राओं को पठन पठान में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही विधायक कैड़ा ने कहा कि भीमताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। ग्रामीणों को इलाज के लिए हल्द्वानी व नैनीताल जाना पड़ता है विधायक ने भीमताल क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधा की बेहतर बनाने की मांग की।

शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत से मुलाकात करते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

3177 बसावटें मुख्य मार्ग से जुड़ेंगीं: महाराज

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देशों के क्रम में ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड की ओर से प्रस्तावित "मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना' के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य के ऐसे गांव, तोक जिनकी आबादी 250 तक है, को संयोजित किया जायेगा।

यह बात प्रदेश के लोकनिर्माण, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, पंचायतीराज, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने शुक्रवार को जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की लगभग 2035 बसावटें (6276 किमी.) मुख्य मोटर मार्ग से संयोजित नहीं हैं तथा कच्चे मार्गों से संयोजित 1142 बसावटें (3638 किमी.) ऐसी हैं जो ग्रामीण सड़कों के मानकों के अनुसार नहीं बने हैं। इस प्रकार कुल 3177 बसावटों (9914 किमी.) को मुख्य मार्ग से संयोजित करने हेतु कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है। ग्रामीण निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि योजना का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली ऐसी आबादी जो पीएमजीएसवाई या अन्य योजनाओं से वंचित रह गई हैं, को इस योजना से संयोजन का लाभ प्रदान करना है। असंयोजित बसावटों का चयन जिला स्तर पर जिले के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जायेगा। जनपद में संयोजन से वंचित पात्र ग्रामों, बसावटों की पहचान के लिए जनपद के प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। समिति द्वारा जनपद में प्राथमिकता या अवरोही क्रम में ग्रामों की जनसंख्या के अनुसार परियोजनाओं के चयन की संस्तुति की जायेगी। विभाग द्वारा जनपदों से प्राप्त प्रस्तावों को संकलित कर बजट की उपलब्धता के अनुरूप शासन को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि परियोजनाओं के प्रथम चरण हेतु राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान की जायेगी एवं द्वितीय चरण के कार्यों का वित्त पोषण नाबार्ड के माध्यम से किया जायेगा। सड़क के निर्माण तल की चौड़ाई 5.20 मीटर होगी तथा कैरिज-वे की न्यूनतम चौड़ाई 3.00 मीटर रखी जायेगी। सड़कों के निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण सामान्यतः 7.00 मीटर चौड़ाई में किया जायेगा।

उत्पादों को मुख्य बाजार तक पहुंचाने में आसानी होगी

योजना के अन्तर्गत ग्रामीण सड़कों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर काश्तकारों द्वारा उत्पादित उत्पादों को मुख्य बाजारों तक पहुंचाने में आसानी होगी, जिससे उन्हें उत्पादों का सही मूल्य मिल सकेगा, जिससे प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि होगी एवं उनकी आर्थिकी में सुधार होगा। स्थानीय उत्पादों के अनुसार लघु एवं कुटीर उद्योगों का विकास होगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार का सृजन होगा जिससे पलायन पर रोक लगेगी। ग्रामीण निर्माण मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक सेवाओं जैसे स्कूल, अस्पताल, पंचायत घर एवं अन्य जन सुविधा केन्द्रों आदि तक सुगम पहुंच होगी। सड़क की सुविधा विकसित होने से पर्यटन से सम्बन्धित गतिविधियों का विकास होगा। आकस्मिकता या आपदा की स्थिति में सड़क संयोजकता उपलब्ध होने से राहत एवं बचाव कार्यों में आसानी होगी।

देहरादून के मैक्स अस्पताल में शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के स्वास्थ्य का हालचाल जानते भाजपा के दिग्गज नेता व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी। इस दौरान नानकमत्ता के विधायक गोपाल राणा भी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश

धर्मांतरण कानून का पालन किए बिना अंतरधार्मिक विवाह अवैध

विधि संवाददाता, प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरधार्मिक विवाह के मामले में कहा कि उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धारा 8 और 9 के प्रावधानों का पालन किए बिना जो विवाह किया गया हो, उसे वैध नहीं माना जा सकता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की एकल पीठ ने निकिता नजराना और अन्य की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। कोर्ट ने आगे कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 1 (3) के अनुसार 2021 के अधिनियम के लागू होने के बाद यानी 27 नवंबर 2020 के बाद कोई भी अंतर धार्मिक विवाह होता है तो पक्षकारों को अधिनियम की उक्त धारा 8 और 9 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। अधिनियम की धारा 8 में बताया गया है कि जो व्यक्ति अपने धर्म को परिवर्तित करना चाहता है उसे जिला मजिस्ट्रेट या अपर जिला मजिस्ट्रेट को कम से कम 60 दिन पहले इस संबंध में एक घोषणा पत्र देना होगा कि धर्मांतरण का निर्णय उसका अपना है। वह किसी दबाव में या कार्य नहीं कर रहा है जबकि उक्त अधिनियम की धारा 9 धर्मांतरण के बाद की घोषणा से संबंधित है। एक अंतर्धार्मिक जोड़े द्वारा संरक्षण याचिका कोर्ट में दाखिल की गई, जिसमें लड़की पहले मुस्लिम धर्म से थी और वर्ष 2017 में उसने हिंदू धर्म अपना लिया और लड़का हिंदू धर्म से है। दोनों ने इसी वर्ष 2 जनवरी 2024 को शादी कर ली।

नई याचिका दाखिल करने की स्वतंत्रता दी

याची के अधिवक्ता का तर्क है कि लड़की का धर्मांतरण प्रमाण पत्र 2017 में जारी किया गया था, जब उक्त अधिनियम अस्तित्व में नहीं था। अत: इस अधिनियम के प्रावधान वर्तमान मामले में लागू नहीं होते हैं। हालांकि कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि याचीगण का विवाह अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद हुआ है। अत: याचियों को अधिनियम के प्रावधानों का पालन करना चाहिए था। अंत में कोर्ट ने याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि याचियों को उक्त अधिनियम की धारा 8 और 9 का अनुपालन सुनिश्चित करने के बाद एक नई याचिका दाखिल करने की स्वतंत्रता दी।

कोर्ट ने महंत गिरि का आडियो टेप किया तलब

प्रयागराज। बाघंबरी गद्दी मठ तथा संगम स्थित लेटे हुए हनुमान जी के महंत नरेंद्र गिरी के आत्महत्या मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई में दूसरे गवाह श्रीमहंत रवींद्र पुरी जिला अदालत में हाजिर हुए। उनकी गवाही दर्ज हुई। अदालत ने महंत नरेंद्र गिरि का जारी आडियो टेप तलब किया है, जिससे गवाह से आवाज की पहचान कराई जा सके। वादी मुकदमा अमर गिरि पिछली कई तारीखों पर अदालत में गवाही देने के लिए हाजिर नहीं हो रहे थे।

मादा तेंदुए का नाले के नजदीक मिला शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ हादसे में मरने की आशंका, उम्र करीब तीन माह

अमृत विचार : जंगल के नजदीक भूड़ा सरैंदा गांव में नाले के नजदीक मादा तेंदुआ (शावक) का शव मिला है। उसकी किसी वाहन की टक्कर से मौत की आशंका जताई गई है। सूचना मिलने पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पड़ताल की। तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

गजरौला क्षेत्र का ग्राम भूड़ा सरैंदा जंगल से सटा हुआ है। आए दिन आबादी के नजदीक जंगल से निकले वन्यजीवों की दस्तक बनी रहती है। खेतों में भी कई बार बाघ व तेंदुए दिखाई दिए हैं। शुक्रवार शाम को ग्रामीण खेतों की तरफ जा रहे थे कि रास्ते में नाले के पास एक मादा तेंदुए का शव पड़ा था। जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस मार्ग से वाहनों की आवाजाही भी लगी रहती है। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। डिप्टी रेंजर शेर सिंह, वन दरोगा नवीन सिंह बोरा, गौरव कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का मुआयना किया गया। इसके बाद शव को टीम कब्जे में लेकर चली गई। मादा तेंदुए की उम्र करीब तीन माह बताई जा रही है। सामाजिक वानिकी के डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल का कहना है कि सूचना मिलने पर सामाजिक वानिकी की टीम मौके पर गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

साल के पहले दिन बरखेड़ा में मिला था शव : साल की शुरुआत में एक जनवरी को भी एक तेंदुए की वाहन की टक्कर से मौत हो गई थी। जंगल से दूर बरखेड़ा थाना क्षेत्र के जारकलिया गांव में सड़क पर तेंदुए का शव मिला था। टीम ने पहुंचकर जानकारी की थी। किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर लगने से उसकी मौत हुई थी।

मस्जिद की जमीन पर वसूली मामले में जांच के आदेश

लखनऊ, अमृत विचार : अयोध्या की वक्फ मस्जिद खजूर वाली में मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष और सचिव ने शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की अनुमति लिए बगैर वक्फ सम्पत्ति पर दुकानों का निर्माण कराया और उन्हें धन उगाही कर आवंटित कर दिया। इस मामले की शिकायत मिलने पर बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने जांच के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार मस्जिद खजूर वाली के अध्यक्ष और सचिव ने अपने सगे-संबंधियों के नाम पर दुकानें एलाट कर दीं और मिलने वाला पैसा अपने बैंक खातों में जमा करवा लिया। बोर्ड अध्यक्ष के मुताबिक़ यह वक्फ एक्ट के खिलाफ किया गया काम है।

उन्होंने बताया कि बोर्ड की टीम स्थलीय जांच के लिए अयोध्या (फ़ैजाबाद) जायेगी। जांच रिपोर्ट में अगर शिकायत सही पाई जाती है तो दोषियों के खिलाफ वक्फ एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करवाकर मस्जिद को हुए नुक्सान की वसूली की जायेगी।

पानी निकासी को खोदे गए गड्ढे में डूबा बच्चा

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ पिता ने ही खोदा था गड्ढा, अब डेढ़ वर्षीय बच्चे का सता रहा गम

अमृत विचार : गुप्ता कालोनी क्षेत्र के गांव पुनर्भूग्रंट निवासी श्रवण कुमार ने पानी की निकासी के लिए अपने मकान के आगे करीब ढाई फिट गहरा गड्ढा खोदा था, ताकि घर से निकलने वाले पानी की निकासी सही से होती रहे लेकिन शुक्रवार सुबह उसी गड्ढे में डूबने से श्रवण कुमार के डेढ़ वर्षीय बेटे मानस की मौत हो गई।

हृदय विदारक घटना ने श्रवण कुमार को झकझोर दिया है। श्रवण कुमार के मन को सबसे ज्यादा यही बात गमजदा कर रही है कि उसी के खोदे गड्ढे में उसके इकलौते पुत्र की जान चली गई। मां-बाप के साथ बड़ी दोनों बहनें भी रो-रोकर बेहाल हैं। डेढ़ वर्षीय पुत्र मानस शुक्रवार की सुबह घर के बाहर खेल रहा था। तभी खेलते खेलते वह मकान के बाहर ढाई फिट गहरे खोदे गए पानी भरे गड्ढे में गिर गया। उसमें डूबने की वजह से उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद अन्य बच्चों ने उसे गड्ढे के पानी में पड़ा देखा तो शोर मचाया। परिवार के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और मानस को गड्ढे से बाहर निकाला लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। मानस की सांसें थम चुकी थीं। मानस दो बहनों में मां-बाप का इकलौता बेटा था। पड़ोसियों ने बताया कि जिस गड्ढे में मानस की डूबने से मौत हुई। उस गड्ढे को उसी के पिता श्रवण ने खोदा था। बेटे की मौत होने के बाद श्रवण इसी बात को लेकर गमजदा है। रोते हुए कह रहा था कि उसे नहीं मालूम था कि पानी निकासी के लिए वह जिस गड्ढे को खोद रहा है, वह एक दिन उसके बेटे की मौत का कारण बन जाएगा। दरअसल, गांव पुनर्भूग्रंट की स्थिति दयनीय है। यहां पक्की नालियां नहीं हैं।

कारनामा — मृत शिक्षकों के परिवार की मदद करती है टीचर्स सेल्फ केयर टीम, श्रद्धांजलि कार्यक्रम के लिए की गई उगाही

50 लाख की मदद के बदले में 50-50 हजार रुपये वसूले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) की ओर से दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को 50 लाख की मदद की जाती है। इस मदद के बदले 50-50 हजार रुपये उगाही करने का आरोप लगा है। यह पैसा मृत शिक्षकों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित कार्यक्रम के लिए लिया गया। मृत शिक्षकों के परिजनों ने इस पर गहरी निराशा जताई है। वहीं संगठन के संस्थापक ने पदाधिकारियों को रुपये वापस लौटाने के निर्देश दिए हैं।

28 जनवरी को कोरोना व अन्य कारणों से दिवंगत हुए शिक्षकों को श्रद्धांजलि देने के लिए राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें जिले के छह दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को बुलाया गया था। कार्यक्रम में टीएससीटी के पदाधिकारियों ने मृतकों के परिजनों की मदद के लिए हर वक्त तत्पर रहने का संकल्प जताया। तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को दी गई 50 लाख की मदद का 10 फीसदी हिस्सा भी देना पड़ा होगा। यह पैसा कार्यक्रम के आयोजन के नाम पर लिया गया था।

टीएससीटी संस्थापक ने रुपये वापस करने को कहा : टीम के संस्थापक विवेकानंद ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों को जल्द से जल्द पीड़ित परिवारों से लिए गए पैसे वापस करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीम शिक्षकों के आर्थिक सहयोग से पीड़ित परिवारों की मदद करती है। इसके लिए पीड़ित परिवारों से धनराशि लिया जाना अनुचित है। यह कार्यक्रम के दिन तक उनकी जानकारी में नहीं था। पीड़ित परिवारों से धनराशि लेने के लिए कोई प्रावधान नहीं है। बहरहाल इस मामले में देर शाम तक टीएससीटी के कई जिला स्तरीय पदाधिकारियों को फोन किया गया लेकिन किसी ने फोन नहीं रिसीव किया।

दबा दी गई पीड़ित परिवारों की आवाज : श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे मृत शिक्षकों के परिवार के सदस्यों ने बताया कि पदाधिकारियों की ओर से सम्मानित करने के लिए उनसे धनराशि मांगी जा रही थी। इस बात से वे हैरान थे लेकिन पदाधिकारियों के दबाव देने पर धनराशि उन्हें दे दी।

कार्यक्रम के दौरान दिवंगत शिक्षकों के परिजनों ने यह बात रखनी चाही तो उनकी आवाज दबा दी गई। पीड़िता महिमा दीक्षित ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से 50 हजार रुपये दिए थे। यह पैसा मृत शिक्षकों को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित कार्यक्रम के लिए लिया गया। मृत शिक्षकों के परिजनों ने इस पर गहरी निराशा जताई है। वहीं संगठन के संस्थापक ने पदाधिकारियों को रुपये वापस लौटाने के निर्देश दिए हैं।

टीचर्स सेल्फ केयर टीम को बताया विश्वासघाती

यूपी जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डा. विनोद कुमार शर्मा ने टीएससीटी के जिला स्तरीय पदाधिकारियों को विश्वासघाती बताते हुए कहा कि हजारों शिक्षकों व परिवारों के इस टीम के प्रति भावनात्मक रिश्ते जुड़े हैं। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा के लिए सभी कि भावनाओं को रौंद दिया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि पीड़ित परिवारों से धन उगाही अमानवीय है। संगठन दिवंगत परिवारों के साथ के साथ जुड़ा है। जो भी धनराशि ली गई है उसे हर हाल में वापस कराया जाएगा। महानिदेशक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

शर्मनाक

▸▸ मृत शिक्षकों के परिजनों ने इस पर गहरी निराशा जताई

▸▸ पदाधिकारियों को रुपये वापस लौटाने के निर्देश दिए

आठ साल के बच्चे संग कुकर्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में आठ साल के बच्चे को एक युवक बहलाफुसला कर प्लाट में ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। बच्चे के दादा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है।

थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनका आठ साल का पोता दो दिन पहले मस्जिद के पास खेल रहा था। उसे आसिफ उर्फ लुल्लू बहला-फुसलाकर प्लॉट में ले गया और कुकर्म किया। जब बच्चा वापस आया तो वह बहुत डरा और सहमा हुआ था। परिजनों ने बच्चे से पूछा तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। फिर कुछ देर बाद बच्चे को शांत करके प्यार से पूछा तो उसने पूरी बात बताई। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

गांधी उद्यान में अश्लील हरकतें करते प्रेमी युगल

बरेली, अमृत विचार : गांधी उद्यान में प्रेमी युगल अश्लील हरकतें कर रहे थे। इसकी शिकायत एक व्यक्ति ने एक्स पर पोस्ट करके बरेली पुलिस से की। महिला पुलिस कर्मी और चीता मोबाइल पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और युवक और युवती को पकड़ लिया। महिला पुलिस कर्मी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हिमांशु पटेल ने एक्स पर पोस्ट की कि गांधी उद्यान में एक युवक और युवती अश्लील हरकतें कर रहे हैं। उन्होंने घटना का वीडियो भी शेयर किया। इसके बाद कोतवाली मुख्य महिला आरक्षी नीलू कुमारी, आरक्षी गुलशन कुमारी और चीता मोबाइल के आरक्षी राजन कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस को गांधी उद्यान में टहल रहे लोगों ने बताया कि फांउटेन एरिया में एक लड़का और लड़की अश्लील हरकतें कर रहे हैं। इससे वहां से गुजरने वाले लोग शर्मसार हो रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक और युवती को पकड़ लिया। युवक बीसलपुर का अरमान और युवती बारादरी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। महिला मुख्य आरक्षी नीलू कुमारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। युवती के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है।

पिता के इलाज को जुटाए डेढ़ लाख रुपये पत्नी ले गई मायके

पीलीभीत। कोर्ट के आदेश पर जहानाबाद पुलिस ने ग्राम बगवा निवासी रामऔतार की ओर से अमानत में खयानत, मारपीट और धमकाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है, जिसमें ग्राम मैदना निवासी बबली, लीलावती, गया प्रसाद, प्रदीप कुमार और ग्राम इस्लामनगर निवासी सब्बे को आरोपी बनाया है। पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी आरोपी बबली से 12 साल पहले हुई थी, जिससे उसे तीन बच्चे हैं। 14 मई 2023 को पीड़ित के पिता हरचरनलाल बीमार हो गए थे। तबीयत अधिक बिगड़ने पर मां कलावती की मदद से पिता को इलाज कराने के लिए नवाबगंज गए थे। वहां पर डॉक्टर को दिखाया फिर रुपये का इंतजाम करने में लग गए।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1130 बोल्ड 1115 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1580, जय जवान 1435, सचिन 1420, सूरज 1460, अवसर 1500, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छांटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9900-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14000, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12100, अरहर पटका मोटा 12600, अरहर कोरा मोटा 12900, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4030, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3990, बहेड़ी (नई) 4090 रुपये।

भारत बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

नरेंद्र मोदी ने भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी को किया संबोधित, कहा-देश तेजी से आगे बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और उनकी सरकार के तीसरे कार्यकाल में यह निश्चित रूप से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। इस साल अप्रैल-मई में आम चुनाव होने वाले हैं।

प्रधानमंत्री ने यहां 'भारत मोबिलिटी' वैश्विक प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए ट्रक और टैक्सी चालकों के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पहले चरण में 1,000 आधुनिक विश्राम गृह बनाये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा-हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनना निश्चित है। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले करीब 10 साल में 12 करोड़ वाहन बिके थे। लेकिन 2014 के बाद से देश में 21 करोड़ से अधिक वाहन बेचे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले करीब 2,000 इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे थे जबकि अब 12 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में यात्री वाहनों के मामले में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया।

उन्होंने कहा-हम समुद्र और पहाड़ों को चुनौती देते हुए रिकॉर्ड समय में 'इंजीनियरिंग करिश्मा' तैयार कर रहे हैं। अटल सुरंग से लेकर अटल सेतु तक, भारत का ढांचागत विकास नए रिकॉर्ड बना रहा है। पिछले 10 साल में, 75 नये हवाई अड्डे बनाये गये हैं। लगभग चार लाख ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं। उन्होंने उद्योग जगत से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कच्चे माल का उपयोग करके बैटरी बनाने के लिए अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने को भी कहा।

अगले वित्त वर्ष में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव: अजय सेठ

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने शुक्रवार को कहा कि अंतरिम बजट में गैर-मुद्रास्फीतिकारी प्रस्तावों से अगले वित्त वर्ष में लगातार चौथे साल 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी। हालांकि सेठ ने बातचीत में भू-राजनीतिक तनाव से बाहरी जोखिम पैदा होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि अगले साल करीब सात प्रतिशत की वृद्धि दर काफी हद तक संभव है। भारतीय अर्थव्यवस्था महामारी-प्रभावित 2020-21 में 5.8 प्रतिशत सिकुड़ने के बाद अगले वर्ष 9.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वर्ष 2022-23 में यह 7.2 प्रतिशत रही और चालू वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत होने का अनुमान है।

अब एफिल टॉवर के लिए कीजिए यूपीआई के जरिए भुगतान

मुंबई। पेरिस के एफिल टॉवर को देखने आने वाले पर्यटक अब भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए इस प्रतिष्ठित स्मारक की अपनी यात्रा बुक कर सकेंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनपीसीआई ने कहा कि उसकी शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स (एनआईपीएल) ने फ्रांस की ई-कॉमर्स और भुगतान कंपनी लायरा के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत फ्रांस में यूपीआई भुगतान व्यवस्था को स्वीकार किया जाएगा और इसकी शुरुआत एफिल टॉवर से हो रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, भारतीय पर्यटक अब यूपीआई का उपयोग करके ऑनलाइन टिकट खरीदकर एफिल टॉवर की अपनी यात्रा बुक कर सकते हैं।

पेटीएम ऐप 29 फरवरी के बाद भी हमेशा की तरह काम करता रहेगा: विजय शेखर

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पेटीएम के फाउंडर और सीईओ ने दी जानकारी

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने शुक्रवार को कहा डिजिटल भुगतान एवं सेवा ऐप पेटीएम काम कर रहा है और 29 फरवरी के बाद भी यह हमेशा की तरह काम करता रहेगा। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) के संस्थापक एवं सीईओ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि कंपनी पूर्ण अनुपालन के साथ देश की सेवा करने को प्रतिबद्ध है।

शर्मा ने कहा-पेटीएम इस्तेमाल करने वाले सभी लोगों के लिए... आपका पसंदीदा ऐप काम कर रहा है और 29 फरवरी के बाद भी इसी तरह काम करता रहेगा। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है, अनुषंगी कंपनी के रूप में नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का बुधवार को निर्देश दिया था। इसके बाद से कंपनी के शेयर में लगातार गिरावट आ रही है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	74,000
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,850
गिन्नी (प्रति नग)	48,300-48,500

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,400
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,250
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500

बरेली

सोना जेवरात पक्के	64,300
सोना जेवरात गिन्नी	63,300
चांदी पक्की	728 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	64,500
चांदी आभूषण	73,900।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 84-86 मसूरी 68 1121 बासमती 97-99, **दाल दलहन**-काला चना 96-116 साबुत चना दाल 63-64 मूंग साबुत 94 राजमा 177-200 दाल उड़द 98-115 साबुत मसूर दाल 72 मसूर दाल 71-72 उड़द साबुत 100-116 काबुली चना 115-165 अरहर साबुत 110-112 अरहर दाल 128 लोबिया/करमानी 80-81 सोयाबीन 40-42 मूंगफली 74-77 मटर (सूखी) 55-61 मक्का 25 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये।

केवाईसी के लिए अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा न करें

मुंबई, एजेंसी

▸▸ आरबीआई ने धोखाधड़ी के प्रति किया आगाह

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जनता को केवाईसी अद्यतनीकरण के नाम पर धोखाधड़ी के प्रति आगाह किया और अज्ञात इकाइयों के साथ दस्तावेज साझा नहीं करने की सलाह दी।

अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) अद्यतनीकरण के नाम पर ग्राहकों के धोखाधड़ी का शिकार होने की लगातार घटनाओं और रिपोर्टों के मद्देनजर आरबीआई ने जनता से नुकसान को रोकने और ऐसी दुर्भावनापूर्ण प्रथाओं से खुद को सुरक्षित रखने के लिए सावधानी बरतने और उचित देखभाल करने का आग्रह किया। केंद्रीय बैंक पहले भी इस तरह की धोखाधड़ी को लेकर जनता को आगाह कर चुका है। आरबीआई ने कहा, "केवाईसी दस्तावेज या उनकी प्रतियां अज्ञात या गैर-सत्यापित व्यक्तियों या संगठनों के साथ साझा न करें।" बैंक ने कहा कि खाता लॉगिन क्रेडेंशियल, कार्ड की जानकारी, पिन, पासवर्ड, ओटीपी भी किसी के साथ साझा न करें।

शेयरों में लौटी तेजी, निफ्टी ने नया शिखर छुआ

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 440 अंक और निफ्टी भी 21 हजार के पार

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और टीसीएस में लिवाली आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी लौट आई। सेंसेक्स 440 अंक चढ़ गया जबकि निफ्टी कारोबार के दौरान अपने नए शिखर को छूने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 440.33 अंक यानी 0.61 प्रतिशत चढ़कर 72,085.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,444.1 अंक यानी दो प्रतिशत तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 156.35 अंक यानी 0.72 प्रतिशत बढ़कर 21,853.80 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान निफ्टी एक समय 429.35 अंक तक चढ़कर 22,126.80 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, विप्रो, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

निवेशकों की पूंजी 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को अबतक के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति 3.34 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 3,34,413.44 करोड़ रुपये चढ़कर 3,82,76,857.79 करोड़ रुपये के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

राष्ट्रीय

अलग राष्ट्र की टिप्पणी को लेकर रास में हंगामा

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद डीके सुरेश के वक्तव्य पर सत्तारूढ़ भाजपा ने की माफी की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के एक सांसद की ओर से कथित तौर पर दक्षिणी राज्यों के लिए 'एक अलग राष्ट्र' की मांग उठाए जाने के मुद्दे पर राज्यसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ और सत्ताधारी पक्ष ने इस बयान को देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता पर हमला करार देते हुए कांग्रेस से स्पष्टीकरण और माफी की मांग की। कांग्रेस ने साफ किया कि कांग्रेस देश की अखंडता के प्रति समर्पित है और इस तरह के किसी भी आह्वान को बर्दाश्त नहीं करेगी। सदन के नेता पीयूष गोयल ने शून्यकाल आरंभ होते ही इस मुद्दे को उठाया जिस पर विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर कोई भी देश को तोड़ने की बात करेगा तो कांग्रेस पार्टी उसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

सभापति जगदीप धनखड़ ने उच्च सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए और उसके बाद गोयल को बोलने का मौका दिया। गोयल ने कहा कि प्रमुख विपक्षी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता और कांग्रेस शासित राज्य के एक उपमुख्यमंत्री के भाई ने बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का वक्तव्य देने वाला कांग्रेस का सांसद भी है। कांग्रेस सांसद डीके सुरेश ने कथित तौर पर कहा कि अगर विभिन्न करों से एकत्रित धनराशि के वितरण के मामले में दक्षिणी राज्यों के साथ हो रहे अन्याय को दूर नहीं किया गया तो दक्षिणी राज्य एक अलग राष्ट्र की मांग करने को मजबूर होंगे।

हर मोर्चे पर केंद्र की असफल सरकार पूर्ववर्तियों पर दोष मढ़ती है : खरगे

केंद्र सरकार पर हर मोर्चे पर असफल रहने तथा पूर्ववर्ती सरकारों पर दोष मढ़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि न केवल युवाओं, किसानों से किए गए वादे अब तक अधूरे हैं बल्कि विपक्षी नेताओं के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का भी दुरुपयोग किया जा रहा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार यह कह चुके हैं कि पिछली सरकारों ने कई काम नहीं किए।

कांग्रेस नेता डीके सुरेश को सांसद बने रहने का कोई हक नहीं: रविशंकर

भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता डीके सुरेश को एक मिनट भी सांसद बने रहने का अधिकार नहीं है और साथ ही उसने आरोप लगाया कि वह खुलेआम भारत को तोड़ने की बात कर रहे हैं, जो कि देश की एकता व संप्रभुता की रक्षा करने की उनकी शपथ का उल्लंघन है। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा-क्या राजनीतिक लाभ के लिए देश की एकता और संप्रभुता की धज्जियां उड़ाई जाएंगी। उन्होंने खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा उनके सहयोगी दलों चुप्पी साधे रखने के लिए निशाना साधा।

ऑल इंडिया रेडियो के 3 पूर्व कर्मचारी भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार

एजल। मिजोरम की राजधानी एजील स्थित एक भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने ऑल इंडिया रेडियो, आइजोल स्टेशन के तीन पूर्व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार के एक मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराया। विशेष अदालत (भ्रष्टाचार निवारण) के विशेष न्यायाधीश एच टी सी लालरिंचना ने तत्कालीन सहायक निदेशक जोसांगजुआला, तत्कालीन कार्यक्रम कार्यकारी लालनुन्जिरी और तत्कालीन ऑल इंडिया रेडियो आइजोल स्टेशन के लोअर डिविजनल क्लर्क जूडी एच. लालमुआनपुई को आपराधिक साजिश से निपटने के लिए भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं आपराधिक विश्वासघात, जालसाजी, प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के अलावा, कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया।

तमिल अभिनेता विजय की राजनीति में एंट्री

चेन्नई, एजेंसी

▸▸ फिल्मों के शीर्ष सितारे ने बनाया राजनीतिक दल

▸▸ प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव पर नजर



तमिल फिल्मों के शीर्ष सितारे थलपति विजय ने फिल्म उद्योग की कई हस्तियों के राजनीति में आने के क्रम को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को राज्य में अपने राजनीतिक दल का ऐलान किया। वर्ष 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने यह कदम उठाया है। यहां एक बयान में, विजय (49) ने अपनी पार्टी 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का ऐलान करते हुए वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई जो कि 'प्रशासनिक ह्रास, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी राजनीति से भरी हुई है' और एकता में बाधा उत्पन्न करती है।

राज्य में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सफलता का अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए, अभिनेता से नेता बने विजय ने दावा किया कि तमिलनाडु के लोग बदलाव के लिए 'लालायित' हैं। उन्होंने कहा-मेरे नेतृत्व में, राजनीतिक पार्टी तमिझगा वेत्रि कषगम (टीवीके) की शुरूआत की गयी है। इसे पंजीकृत करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के पास आवेदन भी किया गया है। विजय ने कहा कि जब मौजूदा द्रमुक सरकार का कार्यकाल 2026 में समाप्त होगा तो उनकी पार्टी विधानसभा चुनावों में मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि उनका संगठन आगामी आम चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन करने की पेशकश करेगी। विजय पार्टी के अध्यक्ष होंगे।

सत्तारूढ़ द्रमुक एवं विपक्षी भाजपा ने अभिनेता को इस नयी शुरूआत के लिये शुभकामनाएं दी हैं। विजय के नाम से जाने जाने वाले 'थलपति' के उत्साही प्रशंसकों ने राजनीतिक दल की शुरूआत के उनके कदम का स्वागत किया और सड़कों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया। थलपति का अर्थ है जनरल या कमांडर, जबकि 'तमिझगा वेत्रि कषगम' का मोटे तौर पर अनुवाद ''तमिलनाडु विजय पार्टी'' है। पिछले कुछ समय से ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि विजय उस प्रदेश (तमिलनाडु) की राजनीति में प्रवेश करने के इच्छुक हैं।

एक नजर

हिरासत में मौत मामले में दो निलंबित

जम्मू। जम्मू में हिरासत में एक संदिग्ध की मौत के बाद एक पुलिस थाने के प्रभारी को हटा दिया गया है, जबकि दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट से भी घटना की मजिस्ट्रेट जांच शुरू करने का अनुरोध किया गया है। कठुआ जिले के नगरी इलाके के निवासी साहिल सैनी को 30 जनवरी को चोरी से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया गया था और चार दिन की पुलिस हिरासत के दौरान अगले ही दिन गांधीनगर पुलिस थाने में संदिग्ध परिस्थितियों में उसे मृत पाया गया था।

मुंबई के चेंबूर में लगी आग, नौ लोग झुलसे

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई उपनगर के चेंबूर इलाके में सिद्धार्थ कॉलोनी के पास गैस सिलिंडर रिसाव के कारण आग लगने से नौ लोग झुलस गये हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि अग्निशमन विभाग के सूत्रों के मुताबिक, आग गुरुवार रात 10:48 बजे लगी। हादसे में झुलसे छह लोगों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहीं सायन अस्पताल, मानेक अस्पताल और शताब्दी अस्पताल में एक-एक व्यक्ति को भर्ती कराया गया।

माता-पिता की असहमति के बाद शादी के वादे से मुकरना बलात्कार का अपराध नहीं

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय ने की टिप्पणी

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने कहा है कि यदि कोई पुरुष अपने परिवार के सहमत नहीं होने के कारण किसी महिला से शादी करने के अपने वादे से मुकर जाता है तो इसमें बलात्कार का अपराध नहीं बनता है। उच्च न्यायालय ने 31 वर्षीय एक व्यक्ति को उसके खिलाफ दर्ज मामले में बरी करते हुए यह टिप्पणी की। इस व्यक्ति के खिलाफ शादी के बहाने एक महिला से कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला दर्ज कराया गया था।

न्यायमूर्ति एम डब्ल्यू चंदवानी की एकल पीठ ने 30 जनवरी को दिए एक आदेश में कहा कि एक व्यक्ति ने केवल शादी के अपने वादे को तोड़ा है और महिला को उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए शादी का झांसा नहीं दिया था। अदालत ने कहा, ''वादा तोड़ने और झूठा वादा पूरा न करने के बीच अंतर है।'' वर्ष 2019 में 33 वर्षीय महिला ने नागपुर पुलिस के समक्ष दर्ज कराई गई प्राथमिकी में दावा किया था कि वह 2016 से उस व्यक्ति के साथ रिश्ते में थी और उसने शादी का वादा करने के बाद उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। जब महिला को पता चला कि उस व्यक्ति की किसी और से सगाई हो गई है तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। मामले में आरोपमुक्त करने के अनुरोध संबंधी याचिका में व्यक्ति ने कहा कि उसका महिला से शादी करने का पूरा इरादा था, लेकिन उसने प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और उससे कहा कि वह किसी और से शादी करेगी।

याचिका में कहा गया कि इस व्यक्ति के परिवार वालों ने भी इस रिश्ते को स्वीकार करने से मना कर दिया था, जिसके बाद वह दूसरी महिला से सगाई करने को तैयार हो गया। इसमें कहा गया है कि शिकायतकर्ता ने 2021 में किसी अन्य पुरुष से शादी कर ली थी। अदालत ने कहा कि महिला एक परिपक्व वयस्क हैं और कहा कि उसके द्वारा लगाए गए आरोप इस बात का संकेत नहीं देते कि उस व्यक्ति का उससे शादी करने का वादा झूठा था। अदालत ने कहा कि यह साबित करने के लिए कोई तथ्य नहीं है कि रिश्ते की शुरुआत के बाद से, इस व्यक्ति का महिला से शादी करने का कोई इरादा नहीं था और उसने केवल शारीरिक संबंध बनाने के लिए झूठा वादा किया था।

सामाजिक कार्यकर्ता मंदर के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के उल्लंघन का मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर और उसके गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के खिलाफ विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन का मामला दर्ज किया और शुक्रवार को इसके परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा था कि एफसीआरए की धारा तीन किसी पंजीकृत समाचार पत्र के संवाददाताओं, स्तंभकारों, कार्टूनिस्टों, संपादक, मालिक, मुद्रक, प्रकाशक द्वारा विदेशी अंशदान स्वीकार करने पर रोक लगाती है लेकिन मंदर समाचार पत्रों तथा वेब पोर्टलों में स्तंभ और लेख लिख रहे हैं। सीबीआई ने एफसीआरए के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन के लिए मंदर और 'सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज' (सीईएस) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मंदर पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य थे।

महुआ को बंगले से बेदखली के खिलाफ याचिका वापस लेने की मिली अनुमति

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा को संपदा निदेशालय द्वारा जारी बेदखली नोटिस को चुनौती देने वाली अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्हें आवंटित सरकारी आवास खाली करने के लिए कहा गया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उनके वकील ने कहा कि याचिका निरर्थक हो गई है क्योंकि वह पहले ही बंगला खाली कर चुकी हैं। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा-याचिकाकर्ता ने पहले ही कहा है कि उसने संबंधित आवास खाली कर दिया है। याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी ने एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित कर स्थापित किया विश्व कीर्तिमान

नई दिल्ली। सनातन धर्म एवं भारतीय संस्कृति की आधार स्तंभ गाय की विविध पक्षों पर इस वर्ष एक साथ 61 पुस्तक प्रकाशित हुई हैं, जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इसके चलते इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भेजा गया है। बता दें कि विश्व के इतिहास में आजतक एक साथ 61 किताबें कभी भी प्रकाशित नहीं हुई है। गौरतलब है कि प्रो. विवेकानंद तिवारी की 150 से ज्यादा पुस्तकें और 250 से ज्यादा शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि रामराज्य की परिकल्पना का आधार गाय है। वहीं अनेक संस्थाओं से डॉ. तिवारी को प्राप्त सम्मानों में भारत भारती सम्मान, मालवीय शिक्षा सम्मान विशेष हैं।

भाजपा और आरएसएस के लोग देश में फैला रहे नफरत

रांची, एजेंसी

▸▸ भारत जोड़ो-न्याय यात्रा के दौरान राहुल ने साधा निशाना

राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा आज बंगाल से निकलकर नसीपुर मोड होते हुए झारखंड में प्रवेश कर गई। नसीपुर मोड पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का शुभारंभ कराया गया। इसके बाद झारखंड में 13 जिलों से गुजर कर 804 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा की औपचारिक शुरुआत झारखंड में हो गई। नासीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग देश में नफरत और हिंसा फैला रहे हैं। जबकि 1 साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी उसे दौरान हम जिन राज्यों में नहीं पहुंच सके थे वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो-न्याय यात्रा शुरू की है।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा और आरएसएस के खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। आज देश में करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हो रहा है क्योंकि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी, गलत जीएसटी, छोटे व्यापारियों, उद्योगो के खिलाफ निर्णय लेकर उन्हें बर्बाद कर दिया।, इस देश में जो रोजगार की रीढ़ की हड्डी है उसे बीजेपी ने तोड़ दिया उसका नतीजा यह है कि आज इस देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी चाहते हैं की हिंदुस्तान के युवाओं को रोजगार न मिले और इस देश का पैसा चंद अरबपतियों के हाथों में हो। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय, आदिवासियों के खिलाफ अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग जहां भी नफरत का बाजार खोलते हैं। वहां कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन दल के लोग मोहब्बत की दुकान खोलते हैं। इस यात्रा में हम किसानों के मन की बात युवाओं के मन की बात महिलाओं के मन की बात आदिवासियों के मन की बात और आम जनों के मन की बात सुनना चाहते हैं हम अपने मन की बात नहीं करना चाहते और आपकी बातों को समझ कर सुनकर उसे पूरे देश के सामने लाना चाहते हैं।

घूमने नहीं... अच्छा टेनिस खेलने आए हैं : जीशान अली

इस्लामाबाद में पाकिस्तानी मीडिया के अटपटे सवालों पर बोले भारतीय डेविस कप टीम के कप्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली से शुक्रवार को पाकिस्तानी मीडिया ने कई अटपटे सवाल पूछे। जब उनसे पाकिस्तान में शॉपिंग और सैर-सपाटा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया कि वे यहां टेनिस खेलने आए हैं न कि घूमने।

दरअसल करीब 60 साल बाद भारतीय टीम डेविड कप खेलने के लिए पाकिस्तान गई। भारतीय टीम अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही गई है। शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में जीशान अली पाकिस्तानी मीडिया से मुखातिब हुए तो उनसे शॉपिंग के बारे में पूछे गया इस पर उन्होंने जब दिया कि हम कहीं बाहर नहीं गए हैं, उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है। भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे जीशान अली ने कहा कि खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।

पीटीएफ के हस्तक्षेप पर बदला सवालों का रुख

जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय श्रृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। पाकिस्तानी पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे, क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं जा सके थे। इस पर पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहा गया।

टीम के मन में बाहर न जा पाने की निराशा नहीं

जीशान ने कहा कि भारतीय टेनिस महासंघ की सुरक्षा चिंताओं के बीच यहां जो आतिथ्य सत्कार मिला वह शानदार है। खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की, इससे भांबरी भी सहमत थे। रामकुमार शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आए है। पाकिस्तान आने का फैसला भारत सरकार को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है।

नेपाल को हराकर भारत सेमीफाइनल में

ब्लूमफोंटेन, एजेंसी

सचिन दास और और कप्तान उदय सहारन की शतकीय पारी के बाद सौमी पांडे की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को अंडर-19 विश्वकप के सुपर सिक्स मुकाबले में नेपाल को 132 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

सचिन और उदय ने खेली शतकीय पारी सौमी पांडे ने झटके 4 विकेट

298 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नेपाल की दीपक बोहरा और अर्जुन कुमाल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी की। दीपक 22 और अर्जुन 26 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान देव खनाल सर्वाधिक 33 रन बनाकर पवेलियन लौटे, इसके बाद आकाश चांद 18, दुर्गेश गुप्ता 29 रन ने हार के अंतर को कम करने का प्रयास किया। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम नौ विकेट पर 165 रन ही बना सकी। भारत की ओर से सौमी पांडे ने 4 विकेट लिए। अर्शीन कुलकर्णी को दो विकेट मिले। राज लिंबानी, आराध्य शुक्ला और मुरुगन अभिषेक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

उदय और सचिन के बीच हुई रिकॉर्ड 215 रन की साझेदारी

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत की शुरुआत अच्छा नहीं रही। पांचवें ओवर में आदर्श सिंह 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आए प्रियांशु मोलिया भी 19 रन पर रनआउट हो गए। 14वें ओवर में अर्शीन कुलकर्णी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 3 विकेट गिरने के बाद कप्तान उदय सहारन और सचिन दास ने चौथे विकेट के लिए 215 रन की साझेदारी की। उदय ने 107 गेंदों में नौ चौकों की मदद से 100 रन बनाए। सचिन ने 101 गेंदों में 11 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 116 रनों की पारी खेली। मुशीर खान ने नाबाद नौ बनाए। भारतीय टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 297 रनों का स्कोर खड़ा किया।

यशस्वी के नाबाद 179, भारत ने बनाए 336 रन

आज भारत की स्कोर 500 तक पहुंचाने पर होगी नजर ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को दबाव में ला सके

विशाखापत्तनम, एजेंसी

यशस्वी जायसवाल की नाबाद 179 रन की पारी की बदौलत भारत ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन 6 विकेट के नुकसान पर 336 रन बनाए। यशस्वी जायसवाल का यह दूसरा टेस्ट शतक है। 10 टेस्ट पारी में उनके नाम दो शतक और दो अर्धशतक हो गए हैं।

यशस्वी ने पिछले साल कैरेबियाई सरजमीं पर टेस्ट पदार्पण करते हुए 171 रन बनाए थे। वहीं अन्य भारतीय बल्लेबाज मुफीद परिस्थितियों का फायदा नहीं उठा सके। स्टंप तक आर अश्विन पांच रन बनाकर दूसरे छोर पर यशस्वी जायसवाल का साथ निभा रहे थे। पहला अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट मैच खेल रहे इंग्लैंड के शोएब बशीर और रेहान अहमद ने 2-2 विकेट झटके, जबकि पदार्पण कर रहे रजत पाटीदार 72 गेंद में 32 रन बनाकर लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हो गए।

5 मैच की श्रृंखला में 0-1 से पिछड़ रही भारतीय टीम दूसरे दिन इस स्कोर को कम से कम 500 रन तक पहुंचाना चाहेगी ताकि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ऐसी पिच पर दबाव में ला सके जिस पर तीसरे दिन से उछाल आने की उम्मीद है।

6 विकेट गिर चुके हैं भारत के दूसरे टेस्ट मैच की पारी में पहले दिन

2-2 विकेट झटके इंग्लैंड के बशीर और रेहान ने

यशस्वी ने दूसरे सत्र में बदला पारी का रुख

यशस्वी जायसवाल ने दूसरे सत्र में आकर्षक स्ट्रोक्स खेलकर पारी का रुख ही बदल दिया, जिसमें भारत ने 32 ओवर में 122 रन जुटाए। श्रेयस अय्यर 59 गेंद में 27 रन बनाकर दोपहर के सत्र में आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। जायसवाल की पारी की सबसे खास बात उनकी सहजता से मैदानी और हवा में शॉट लगाना रही। टॉम हार्टले पर लांग आन में छक्का लगाकर अपने शतक तक पहुंचने से उनका बेखौफ रवैया साफ दिखाई दिया। जायसवाल ने अपनी पारी के शुरू में स्पिनरों के खिलाफ काफी कट शॉट खेले लेकिन दूसरे सत्र में उन्होंने ड्राइव और उठाकर लगाये गये शॉट से रन बनाए।

टॉम हार्टले के एक ओवर में जड़े तीन चौके

यशस्वी जायसवाल ने पहले दिन टॉ हार्टले को निशाना बनाया और 45वें ओवर में उनकी गेंदों पर लगातार तीन चौके जमाए। उन्होंने जो रूट की गेंद पर भी शानदार छक्का जड़कर अपने हौसले जाहिर कर दिए। जायसवाल ने अय्यर के साथ 90 रन की भागीदारी निभाई लेकिन अय्यर एक बार फिर शुरूआत का फायदा उठाने में असफल रहे। हार्टले की गेंद को कट करने का प्रयास में अय्यर स्टंप के पीछे बेन फोक्स को कैच दे बैठे। उनके आउट होने के बाद रजत पाटीदार उतरे और वह वह 27 रन के निजी स्कोर पर हार्टले का शिकार बने। भारत ने सपाट पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने धीमी शुरुआत की। पहले 16 ओवर में सिर्फ 40 रन बने। रोहित 18वें ओवर में आफ स्पिनर बशीर की गेंद पर ओली पोप को कैच दे बैठे। गिल को एंडरसन ने दूसरे स्पैल में विकेट के पीछे लपकवाया।

डब्ल्यूपीजीटी में हिताशी ने खत्म किया खिताबी सूखा



कोलकाता, एजेंसी। शानदार लय में चल रही हिताशी बख्शी ने एक अंडर 69 के कार्ड के साथ शुक्रवार को हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के तीसरे चारण को जीतकर 22 महीने के खिताबी सूखे को खत्म किया। हिताशी ने 2022 में तीन खिताब जीते थे लेकिन 2023 में वह एक भी सफलता हासिल नहीं कर सकी। हालांकि इस दौरान वह काफी समय तक चोटिल भी थी। उन्होंने अंतिम दौर में दो बर्डी के मुकाबले एक बोगी की जिससे उनका कुल स्कोर दो अंडर 208 रहा। हिताशी के अलावा केवल जैस्मिन शेखर ही इस दौर में 69 का कार्ड खेल सकी। वह कुल दो ओवर 212 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही। अनन्या गर्ग तीसरे जबकि रिद्धिमा दिलावड़ी चौथे स्थान पर रही।

खेल डायरी

मुक्केबाजीः अमित, इशनीत व सचिन सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाज अमित कुमार (63 .5 किग्रा) और इशमीत सिंह (75 किग्रा) ने जीत दर्ज करते हुए स्पेन के ला नुसिया में खेले जा रहे बॉक्साम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सचिन कुमार (80 किग्रा) गुरुवार को स्पेन के पाब्लो कॉय बर्नाल से वॉकओवर मिलने के बाद अंतिम चार चरण में पहुंच गए हैं। अमित ने मेक्सिको के मिगुएल एंजेल मार्टिनेज पर 3-2 के विभाजित फैसले में जीत हासिल की, जबकि प्रतिद्वंद्वी मुक्केबाज लाइट वेल्टरवेट वर्ग में पहले ही पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। अब अमित का सामना सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के रूसलान अब्दुलाएव से होगा। इशमीत ने क्वार्टरफाइनल में स्थानीय मुक्केबाज डिडाक लोपेज गोमेज को 4-1 से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई, जिसमें उनकी भिड़ंत पोलैंड के मिचाल जारलिंस्की से होगी। हालांकि बिलाल मोहम्मद, दीक्षयंत दहिया और रूबल सिंध ढांडा का क्वार्टरफाइनल में मिली हार के बाद सफर खत्म हो गया।

मर्सडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन

लंदन। लुईस हैमिल्टन ने मर्सडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटर स्पोर्ट्स जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सडीज के साथ करार दो साल के लिए बढ़ाया था लेकिन नए करार में उन्होंने रिलीज का प्रावधान रखा था, जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उनकी टीम ने कहा कि इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। उन्हें इस पर गर्व है। वह जब 13 साल के थे, तभी से मर्सडीज उनके जीवन का हिस्सा है। वह यहीं बड़े हुए और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था लेकिन उनके लिए यह जरूरी था। वह नई चुनौती लेकर काफी रोमांचित हैं। हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सडीज के साथ जीते हैं।



भारत ने सैफ अंडर-19 में भूटान को हराया

ढाका। पूजा के चार गोल की मदद से भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान को 10-0 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूजा ने मैच के 31वें, 58वां, 59वां और स्टॉपेज समय (90 चार मिनट) में गोल किए, जबकि शिवानी देवी (आठवां, 19वां और 36वां) भी गोल की हैट्रिक लगाने में सफल रही। भारत के लिए स्ट्राइकर सुलंजना राउल (53वें), मेनका लॉरेम्बम (61वें) और अरीना देवी (73वें) गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रही। गोलकीपर अनिका देवी और अरीना ने शुक्रवार को अपना जूनियर अंतर्राष्ट्रीय में पदार्पण किया। भारत अपना अगला मैच रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

फुटबॉल

तुर्की महिला कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगा भारत

नई दिल्ली। भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में तुर्की महिला कप में भाग लेगी। भारत के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार भिड़ेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जाएगा। भारत अपने अभियान का आगाज 21 फरवरी को एस्टोनिया के खिलाफ करेगा।

ड्रैग फ्लिकर की कमी महिला हॉकी के लिए चिंताजनक

भुवनेश्वर। मुख्य कोच यानेक शॉपमैन ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी को गोल में बदलने की खराब दर की असली वजह टीम में ड्रैग फ्लिक खिलाड़ियों की कमी है। देश में प्रतिभा विकास कार्यक्रमों में इस पर जोर दिए जाने की जरूरत है। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की नाकामी भारतीय महिला टीम के लिए पिछले कुछ समय से परेशानी का सबब बना हुआ है। इसके कारण टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। शॉपमैन ने चीन के खिलाफ भारत के एफआईएच प्रो लीग मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि शीर्ष 10 में किसी अन्य देश को देखें तो उनके पास 5 से 6 ड्रैग फ्लिकर हैं, जबकि हमारे पास ऐसा नहीं हैं। शॉपमैन ने कहा कि ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में टीम की विफलता से वह आहत है।

आर्यन-करन के शतक से यूपी का स्कोर 319

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप के लिए शुक्रवार से शुरू हुए चार दिवसीय मुकाबले में यूपी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए असम के खिलाफ पहले दिन 80 ओवर में दो विकेट खोकर 319 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

यूपी के विकेट कीपर आर्यन जुयाल और करन शर्मा ने शानदार शतक जड़े। आर्यन 234 गेंद पर 16 चौकों और एक छक्के की मदद से 162 रन बनाकर नाबाद हैं तो करन भी 108 रन बनाकर उनके साथ क्रीज पर डटे हैं। हालांकि आर्यन के साथ ओपनिंग करने उतरे समर्थ सिंह शून्य पर एलबीडब्ल्यू हो गए, जबकि प्रिंस यादव 46 रन बनाकर एलबीडब्ल्यू हुए। 79 रन पर दो विकेट गिरने के बाद आर्यन और करन ने असम के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। असम के गेंदबाज मुख्तार हुसैन और एम दत्ता को एक-एक विकेट मिला। अन्य कोई गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका।

ग्रीनपार्क में असम के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच का पहला दिन

भुवनेश्वर कुमार को टीम में नहीं मिली जगह

यूपी टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं मिली। प्रियम गर्ग और कार्तिक त्यागी जैसे स्टार खिलाड़ी भी टीम में नहीं थे, जबकि असम टीम में रियान पराग को स्थान नहीं मिला। अंक तालिका के लिहाज से यूपी टीम पांचवें तो असम की टीम आखिरी पायदान पर है। यूपी की टीम ने पिछले मैच में कप्तान नितीश राणा के शतक और बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन से मुंबई को हराया था।

अस्मिता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में

बैंकॉक, एजेंसी। भारत की अस्मिता चालिहा ने शुक्रवार को इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी वार्डोयो को हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मिथुन मंजूनाथ के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद के महिला युगल के अंतिम चरण में हारने के बाद चालिहा ही टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय बची हैं। चालिहा ने क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में प्रवेश किया था। उन्होंने मुकाबले में वार्डोयो को 21-14, 19-21, 21-13 से पराजित किया। अब वह सेमीफाइनल में चौथी वरीय थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग और चीनी ताइपे की वेन चि सु के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। त्रिशा और गायत्री की जोड़ी को इंडोनेशिया की फेब्रियाना द्वीपुजी कुसुमा और अमालिया काहाया प्राटिवी से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष एकल में मंजूनाथ को क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड के मार्क कालिजोऊ से 19-2, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

बैडमिंटन

इंग्लैंड लायन्स को भारत ए ने पहली पारी में 199 पर समेटा

अहमदाबाद, एजेंसी। तेज गेंदबाज आकाश दीप के चार और यश दयाल के दो विकेट की मदद से भारत ए ने इंग्लैंड लायन्स पर तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को मैच में शानदार वापसी की। इंग्लैंड लायन्स की पहली पारी को 199 रन पर समेटने के बाद भारत ने अपनी दूसरी पारी में 3 विकेट पर 148 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 141 रन की हो गई।

भारत की दूसरी पारी में तिलक वर्मा (46) दिन की आखिरी गेंद पर आउट होकर अर्धशतक से चूक गए, जबकि साई सुदर्शन 54 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। भारत की पहली पारी 192 रन पर सिमटी थी, जिसके बाद इंग्लैंड ने पहले दिन एक विकेट पर 98 रन बनाकर अपना दबदबा बनाया था लेकिन शुक्रवार को भारतीय तेज गेंदबाजों का दिन रहा। जहां आकाश और दयाल ने आपस में 7 विकेट साझा किए।

आकाशदीप ने 4 और यश दयाल ने 2 विकेट लेकर मैच में भारत की कराई शानदार वापसी

बॉलीवुड हलचल

मानव स्वभाव की उलझी भावनाओं का प्रतीक है कैकेयी

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में कैकेयी का किरदार निभाकर शिल्पा सकलानी बेहद रोमांचित है। इसमें शिल्पा सकलानी ने रानी कैकेयी की भूमिका निभायी है, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। शिल्पा सकलानी ने कहा कि रानी कैकेयी एक दुर्जेय किरदार है। वह एक ऐसी रानी हैं जो अपने पति से प्रेम करती हैं लेकिन वह मंथरा द्वारा पैदा की जा रही असुरक्षाओं से नहीं लड़ पाती और ऐसा विकल्प चुनती हैं जो उनके परिवार को तोड़ देता है। कैकेयी मानव स्वभाव की उलझी हुई भावनाओं का प्रतीक है और दर्शाती हैं कि दूसरों के उद्देश्यों के लिए असुरक्षाओं का उपयोग कैसे किया जा सकता है, और यह रामायण की सबसे बड़ी शिक्षाओं में से एक है। योद्धा, राजनयिक और सबसे पसंदीदा रानी, कैकेयी एक नकारात्मक किरदार के अलावा भी बहुत कुछ है।

फिल्म निरहुआ हाजिर हो का पहला लुक जारी

भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ की फिल्म निरहुआ हाजिर हो का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद और सह निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं, जबकि लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। निरहुआ ने बताया कि यह फिल्म जनता और सिस्टम के बीच की कहानी है। निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह एक नायक के संघर्ष की कहानी है जिसको हमने बड़े पैमाने पर बनाया है। इस फिल्म में निरहुआ के साथ-साथ तमाम कलाकारों ने अपना शत प्रतिशत योगदान दिया है। निरहुआ जमीन से जुड़े कलाकार हैं और उतने ही बेहतरीन इंसान भी हैं। उनकी यह खूबसूरती उनके अभिनय में भी नजर आती है।

देश प्रेम और गर्व की भावना जगाता है आर्टिकल 370 का गाना दुआ

अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फिल्म आर्टिकल 370 का पहला गाना दुआ रिलीज किया गया है। इस गाने को जुबिन नौटियाल और शाश्वत सचदेव ने स्वरबद्ध किया है। शाश्वत ने ही गाने का म्यूजिक तैयार किया है। गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं, जबकि फीमेल वॉइस प्रियांशी नायडू ने दी है। यामी गौतम ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार गाना सुना तो बेहद भावुक हो गई थी। गाने के बोल इतने दमदार हैं कि वह दिल को छू जाते हैं। साथ ही इसे गाने को कश्मीर के बहुत ही खूबसूरत इलाकों में शूट किया गया है, जो इसे और भी प्रभावी बनाता है। यह उन सभी लोगों के लिए समर्पित है जो निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करते हैं।

निर्देशक आदित्य सुहास जांभले ने कहा कि हम हमेशा से एक ऐसा एंथम बनाना चाहते थे जो देश की भावनाओं से जुड़ा हो। हम चाहते थे कि यह एक ऐसा एहसास हो, जो कभी नहीं बदलता, चाहे चीजें कैसे भी विकसित हों। मुझे लगता है कि शाश्वत यह काम बहुत ही खूबसूरती से करने में सक्षम हैं। भारत के बारे में यह गाना बनाने के पीछे हमारी सोच यह थी कि हम सभी तथ्य को छुएं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हमारे देश ने क्या झेला है, लेकिन पूरा देश आज भी एकजुट है। यह गाना उसी के लिए हमारी ओर से है। दुआ हमारी ओर से भारतीयों और उनकी अमर भावना को दिया गया ट्रिब्यूट है। जुबिन नौटियाल ने कहा कि इस गाने में इतनी ताकत है कि प्रत्येक भारतीय के गहरे इमोशन को उजागर करेगा, जैसे कि मुझमें था। दिल को छू जाने वाले इस गाने के बोल और मधुर संगीत गाने में एक रूहानी क्वालिटी लेकर आते हैं। यह गाना सभी संगीत प्रेमियों के लिए है। इसके अलावा राष्ट्र के लिए गाना मेरे दिल में खास जगह रखता है। यह गाना निश्चित रूप से देश के प्रति हमारे साझा प्रेम में एकता और गर्व की भावना जगाएगा।

प्यार, धोखा और राजनीति की कहानी है हीरामंडी

बॉलीवुड फिल्मकार संजय लीला भंसाली की आने वाली वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। हीरामंडी में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी का फर्स्ट लुक रिलीज करते हुए नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा है कि निर्माता संजय लीला भंसाली की हीरामंडी वेब सीरीज वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, हीरामंडी कोठों में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

ढैन टेनेन गाने से कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली : शाहिद कपूर

शाहिद कपूर ने बताया कि ढैन टेनेन गाने से उन्हें फिल्म कमीने में गुड्डू का रोल समझने में मदद मिली। एक रियलटी शो में शाहिद कपूर ने बताया कि कमीने करने से पहले, जब वी मेट पूरी की थी और फिल्म के क्षेत्र को लेकर उलझन में था। यह भारत में अब तक पेश की गई चीजों से अलग थी, इसलिए यकीन नहीं था कि इसे कैसे देखा जाए। उन्हें याद है कि वे विशाल के ऑफिस में कॉस्टयूम और अन्य चीजों पर चर्चा कर रहे थे जब उन्होंने हेडफोन देकर यह गाना सुनने के लिए कहा। तभी पहली बार ढैन टेनेन सुना और इससे समझ में आया कि उन्हें फिल्म में क्या करना है। विशाल और इस गाने की वजह से वह गुड्डू की भूमिका निभा सके।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

महिलाओं को डरा रहा सर्वाइकल कैंसर

सर्वाइकल कैंसर ऐसी बीमारी जो आधुनिक महिलाओं में भय का कारण बनी हुई है। अच्छा खानपान, बेहतर दिनचर्या और व्यायाम से कोसों दूर भागदौड़ भरी जिंदगी जी रहीं ज्यादातर भारतीय महिलाएं इस बीमारी की चपेट में हैं। अनियमित दिनचर्या की वजह से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। आइए जानते हैं कैसे कर सकते हैं सर्वाइकल कैंसर से बचाव।

क्या होता है सर्वाइकल कैंसर

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर वह कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में शुरू होता है। गर्भाशय ग्रीवा गर्भाशय को योनि से जोड़ती है। सर्वाइकल कैंसर आमतौर पर समय के साथ धीरे-धीरे विकसित होता है। गर्भाशय ग्रीवा में कैंसर होने से पहले, गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाएं 'डिसप्लेसिया' नामक परिवर्तनों से गुजरती हैं, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा के ऊतकों में असामान्य कोशिकाएं दिखाई देने लगती हैं। ऐसे में समय के साथ यदि इसका इलाज नहीं किया गया तो असामान्य कोशिकाएं कैंसर कोशिकाएं बन सकती हैं और बढ़ने लगती हैं। साथ ही गर्भाशय ग्रीवा और आसपास के क्षेत्रों में अधिक गहराई तक फैल जाती हैं।

- 2020 में अनुमानित 604,000 नए मामलों और 342,000 मौतों के साथ सर्वाइकल वैश्विक स्तर पर महिलाओं में चौथा सबसे आम कैंसर है।
- सर्वाइकल कैंसर की सर्वाधिक घटनाएं और मृत्यु दर की उच्चतम दर निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है, जोकि चिंताजनक है।
- यदि प्रारंभिक चरण में निदान किया जाए और तुरंत इलाज किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को ठीक किया जा सकता है।
- दुनिया भर के देश सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन में तेजी लाने के लिए काम कर रहे हैं, बावजूद इसके यह एक बड़ी समस्या बनी हुई है।

सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

- पानी जैसा या खूनी योनि स्राव
- योनि स्राव में दुर्गंध आना
- यौन संबंध के बाद योनि से रक्तस्राव
- मासिक धर्म के बीच में रक्तस्राव
- लंबे समय और भारी मासिक धर्म
- पैरों में सूजन
- पेल्विक हिस्से, लेग्स और बेक पेन

बचाव और रोकथाम

- रेगुलर स्क्रीनिंग
- सेफ सेक्स
- वजन कंट्रोल करें
- तनाव कम करें
- हेल्दी डाइट
- नो स्मोकिंग
- सीमित अल्कोहल

प्रस्तुति : विनय सैनी/प्रदीप यादव

पूछ समान बीटा पिक्टोरिस तारे की हुई खोज

▶▶ वैज्ञानिकों ने खोजा पूछ वाले तारे का रहस्य, ग्रह के साथ पिंडों को जन्म दे रहा बीटा पिक्टोरिस तारा

नैनीताल कार्यालय

बीटा पिक्टोरिस तारा प्रणाली का चित्र।

अमृत विचार: वैज्ञानिकों ने तारों की दुनिया में एक ऐसे तारे की असलियत का पता लगाया है, जिसकी बिल्ली की तरह पूछ निकल आई थी। इसका रहस्य समझने के लिए स्पेन के वैज्ञानिकों ने पूछ की वास्तविकता का खुलासा किया है। इस तारे नाम बीटा पिक्टोरिस है, ग्रहों के साथ पिंडों को जन्म दे रहा है।

किसी तारे का आकार लंबवत कैसे हो सकता है , वह भी इस तरह का, जिसका पिछला हिस्सा किसी बिल्ली के पूछ के समान हो। जिस कारण यह तारा वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वैज्ञानिकों ने इसका रहस्य जानने के लिए अध्ययन शुरू किया। जमीन स्थित अनेक दूरबीनों से इसे देखा गया और अंत मे अंतरीक्ष में स्थित दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलेस्कोप से इसकी वास्तविकता को समझना चाहा तो चौकाने वाली जानकारी निकलकर सामने आई। खोजकर्ता स्पेन स्थित एस्ट्रोबायोलॉजी सेंटर के वैज्ञानिक इसाबेल रेबोलिडो के मुताबिक यह रहस्यमय तारा खगोलविदों को रोमांचित करते आया है। यह पृथ्वी का नजदीकी तारा है। अध्ययन के बाद पता चला कि इस तारे में ग्रह बनाने वाले मलबे की एक घेरने वाली डिस्क है और इसकी घुमावदार पूंछ धूल का बड़ा हिस्सा है। जिसकी लंबाई लगभग 16 अरब किमी तक फैली हुई है। इस पूंछ का निर्माण किसी धूमकेतु, क्षुद्रग्रह या ग्रह की टक्कर के कारण बनी होगी। गहन अध्ययन के बाद यह समझ आया कि वास्तव में बीटा पिक्टोरिस एक आश्चर्यजनक तारा प्रणाली है। 1984 में यह धूल और मलबे की चमकदार डिस्क से घिरा खोजा गया पहला तारा बन गया। खास बात यह है कि तारे की मलबे वाली डिस्क में नए ग्रह बन रहे हैं।

असामान्य विशेषता का हुआ खुलासाः नासा

इस खोज को लेकर नासा ने कहा है कि वेब स्पेस टेलीस्कोप ने बीटा पिक्टोरिस मलबे डिस्क की एक असामान्य और अप्रत्याशित विशेषता का खुलासा किया है। एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल फरवरी 2024 अंक में प्रकाशन के लिए इस नई खोज को स्वीकार किया है। उम्मीद है कि वेब भविष्य में भी इस तरह की खोज से वैज्ञानिकों को सहयोग करता रहेगा।

एक नजर

केन्या की राजधानी में गैस लीकेज के बाद भीषण विस्फोट, 2 की मौत

नैरोबी। केन्या की राजधानी नैरोबी में गैस लीकेज के कारण लगी आग से बड़ा हादसा हुआ है। आग लगने के बाद हुए विस्फोट से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और 165 लोग घायल बताए जा रहे हैं। नैरोबी स्थित एक गैस रीफिलिंग कंपनी की इमारत में आग आधी रात को लगी थी। सरकार के प्रवक्ता इसहाक मावौरा ने कहा कि यह बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

बेल्जियम में किसानों का प्रदर्शन जर्मनी में एयरपोर्ट पर हड़ताल

ब्रुसेल्स/बर्लिन। बेल्जियम में किसानों ने यूरोपियन यूनियन के मुख्यालय का मार्ग ट्रैक्टरों से अवरुद्ध कर दिया। इसी दौरान सुरक्षाकर्मियों के साथ झड़प होने के कारण हालात बेकाबू हो गए। वहीं, जर्मनी में वेतन से जुड़े विवाद के कारण सभी बड़े एयरपोर्ट के सुरक्षा कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर गए। इससे बड़े पैमाने पर उड़ानें रद करनी पड़ीं और सैकड़ों। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

अमेरिका में भारतवंशी छात्र श्रेयस रेड्डी की मौत, जांच में जुटी पुलिस

वाशिंगटन। अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस तरह का तीसरा मामला सामने आया है। हालांकि, छात्र की मृत्यु की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, छात्र की पहचान श्रेयस रेड्डी के रूप में हुई है और वह लिंडर स्कूल ऑफ बिजनेस में पढ़ाई कर रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने गुरुवार को कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फिलहाल घटना में किसी भी तरह का संदेह की संभावना नहीं दिखाई दे रही है।

अमेरिका में विमान हादसा, घरों में लगी आग, कई लोगों की मौत

क्लियरवॉटर। फ्लोरिडा मोबाइल होम पार्क में एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि गुरुवार को इस विमान हादसे में एक सवार शख्स और एक घर में कई लोगों की मौत हो गई। सिंगल-इंजन बीचक्राफ्ट बोनान्जा वी35 के पायलट ने शाम लगभग 7 बजे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ देर पहले समस्या की सूचना दी। अधिकारियों ने कहा, क्लियरवॉटर फायर चीफ स्कॉट एहलर्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विमान एक घर के ऊपर जा गिरा, जिससे तीन घरों में आग लग गई। हालांकि, आग पर तुरंत काबू पा लिया गया है। एहलर ने कहा, मारे गए लोगों की संख्या का पता नहीं है, लेकिन विमान में सवार एक शख्स और एक घर में कई लोग मारे गए।

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले कई शहरों में हुए बम विस्फोट

बम धमाकों से दहला बलूचिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हुई हिंसा के कारण चिंता का माहौल है। चुनाव की तैयारियों में लगे अधिकारी बलूचिस्तान प्रांत में 10 बम धमाकों और ग्रेनेड हमलों से एक व्यक्ति की मौत हुई है। मीडिया के अनुसार, आम चुनावों से पहले बलूचिस्तान में बम विस्फोट और गोलीबारी सहित कई हमले हुए हैं, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं और संपत्ति को नुकसान हुआ है।

पुलिस के मुताबिक, बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में बम विस्फोट की घटना सामने आई है, जिसमें सब्जाल रोड पर पुलिस चौकी के पास एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

धमाका करने वाले असामाजिक तत्वों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। इसमें एक पुलिस अधिकारी, जेल वार्डन सहित छह लोगों के घायल होने की सूचना है। गुरुवार को हुए धमाकों में एक शख्स की मौत होने की भी सूचना है। मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय राजधानी क्वेटा समेत पूरे बलूचिस्तान प्रांत में कम से कम 10 बम और ग्रेनेड हमले हुए हैं। क्वेटा के सीनियर पुलिस अधीक्षक (एसएसपी ऑपरेशंस) जवाद तारिक ने बताया कि क्वेटा के स्पिनी इलाके में चीन-पाकिस्तान आर्थिक सहयोग (सीपीईसी) सड़क पर धमाका हुआ। अधिकारियों के मुताबिक, प्रांतीय राजधानी के कई इलाकों में धमाकों की आवाज सुनी गई। एसएसपी जवाद तारिक ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने बलूचिस्तान के अलग-अलग जगहों पर धमाके किए। धमाकों की चपेट में आने से एक सहायक सब इंस्पेक्टर गुलाम रजा समेत कई लोग घायल हो गए। हमलावरों ने शालकोट पुलिस स्टेशन पर हथगोला फेंका। कैंपस में बम फटने के बाद थाने की इमारत और पार्किंग में खड़े कुछ वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घायल पुलिस अधिकारी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्वेटा, खुजदार और तुरबत में हुए हमलों में पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) और नेशनल पार्टी के कार्यालय और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी मेंगल (बीएनपी-एम) और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई -एफ) का संयुक्त कार्यालय को निशाना बनाया गया। राजनीतिक दलों को ग्रेनेड से निशाना बनाया गया। हालांकि, जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

पाकिस्तान में 90 हजार से अधिक पोलिंग स्टेशन पर होगा मतदान

पाकिस्तान में आठ फरवरी को मतदान के दौरान संसद और प्रांतीय विधानसभाओं के लिए जनप्रतिनिधियों का चुनाव होगा। देशभर में स्थानीय लोग अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए 90,600 से अधिक पोलिंग बूछ पर वोट डालेंगे। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के मुताबिक देश के लगभग 128 मिलियन मतदाताओं के लिए 90675 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इन स्टेशनों पर 2,76,402 मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। अगर आयोग कानून का पालन करने में सफल होता, तो देशभर में लगभग 1,07,000 और मतदान केंद्रों की स्थापना होती। प्रत्येक में चार मतदान केंद्र भी होते। हालांकि, अब आठ फरवरी को मतदान 4 .28 लाख मतदान केंद्रों की बजाय 2 .76 लाख केंद्रों पर ही होंगे।

आतंकी यासीन को इलाज के लिए दिल्ली हाई कोर्ट ने दी अनुमति

नई दिल्ली। आतंकी यासीन मलिक ने हृदय और गुर्दे की बीमारियों के लिए उचित चिकित्सा उपचार के लिए एम्स ले जाने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अनुमति दे दी है।

सुनवाई के दौरान केन्द्र सरकार ने याचिका का विरोध किया। केंद्र सरकार ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एम्स के चिकित्सकों ने जब मलिक को डायग्नोस करने की कोशिश की तो उसने इससे इनकार कर दिया। केंद्र ने कहा कि मलिक एक बेहद खतरनाक कैदी है और उसे इलाज जेल के अंदर ही मिलना चाहिए। केंद्र का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 14 फरवरी तक के लिए स्थगित की। साथ ही मलिक की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता से कहा कि वे अपने मुवक्किल से निर्देश लें कि वह अपनी पसंद के डॉक्टर से इलाज चाहता है या एम्स के डाक्टरों से।

चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर चरवाहेः जयराम

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ उन्होंने कहा लद्दाख में चीनी सैनिको से हुई तीखी कहासुनी

हाल ही में लद्दाख के चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों और चीनी सैनिकों के बीच हुई तीखी कहासुनी का एक वीडियो वायरल हो गया था। उसके बाद इस मामले में तूल पकड़ लिया। सोशल मीडिया में भारतीय चरवाहों की खूब वाहवाही हुई।

वहीं अब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (संचार) एवं संसद सदस्य जयराम रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कई सवाल पूछे हैं। क्या लद्दाख में भारत की जमीन पर हमारे चरवाहे, चीनी सैनिकों से अकेले निपटने को मजबूर हैं। जयराम रमेश ने पूछा, क्या उन्हें (भारतीय चरवाहे), चीनी उत्पीड़न से बचाने के लिए कोई प्रयास किया गया है या वे आईटीबीपी के समर्थन के बिना खुद ही अपना बचाव करने को मजबूर हैं, जैसा कि वायरल वीडियो में दिख रहा है।

संसद सदस्य जयराम रमेश के मुताबिक, चुशुल सेक्टर में भारतीय चरवाहों को चरागाहों तक जाने से रोकने और उन्हें परेशान करते हुए चीन के सैनिक 'पीएलए' का एक वीडियो सामने आया था। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने बेहद हल्की प्रतिक्रिया दी है। यह बिल्कुल भी उचित नहीं है, लेकिन मोदी सरकार से यही उम्मीद की जा सकती है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा है कि दोनों पक्ष पारंपरिक चरागाह क्षेत्रों से अवगत हैं और गतिरोध की किसी भी घटना से मौजूदा तंत्र के तहत निपटा जाता है। बतौर रमेश, यदि हम मौजूदा तंत्र की बात करें, तो हमने देखा है कि कैसे मोदी सरकार 18 दौर की सैन्य वार्ता के बावजूद, पिछले चार वर्षों से पूर्वी लद्दाख में हमारे सैनिकों और चरवाहों को 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र तक जाने में रुकावट डाल रहे चीनियों को रोकने में विफल रही है। यह मामला सिर्फ विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय के ही अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। सीमा प्रबंधन, केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

चंडीगढ़ महापौरः पार्षद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। चंडीगढ़ महापौर चुनाव से जुड़े मामले पर तत्काल सुनवाई की मांग वाली आम आदमी पार्टी के पार्षद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट गौर करने को सहमत हो गया।

याचिका में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई है। कोर्ट ने चंडीगढ़ के महापौर चुनाव फिर से कराने के पार्टी के आग्रह पर कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने इस मामले का जिक्र प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने किया। पीठ ने कहा कि हम इसे सूचीबद्ध करेंगे और इस पर गौर करेंगे।

खालिस्तानी आतंकी निज्जर के दोस्त के घर हुई फायरिंग

ओटावा, एजेंसी

▶▶ कनाडा पुलिस ने कहा-घर में रात भर हुई गोलीबारी, मामले की जांच में जुटी है टीम

कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप निज्जर की हत्या के मामले में पुलिस जांच में जुटी है। वहीं अब कनाडा में निज्जर के दोस्त के घर पर गोलीबारी हुई है। पुलिस ने कहा है कि दक्षिण सरे के एक घर में रात भर फायरिंग हुई है।

पुलिस के अनुसार, गोलीबारी को लेकर जांच जारी है। वहीं, स्थानीय समुदाय के सदस्यों का कहना है कि यह घर हाल ही में मारे गए खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के दोस्त सिमरनजीत सिंह का है। ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह घर सिमरनजीत सिंह का है, जो निज्जर का दोस्त था, जिसकी जून में सरे में हत्या हो गई थी। इस हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया था। पुलिस ने कहा कि अधिकारी इलाके के पड़ोसियों और गवाहों से बात कर रहे हैं और गोलीबारी के बारे में और अधिक जानने के लिए सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई घायल नहीं हुआ है।

स्थानीय मीडिया ने कहा इलाके में गोलियों से भारी मात्रा में क्षतिग्रस्त हुई एक कार मिली है, साथ ही घर में गोली लगने के कई निशान भी मिले हैं। बी.सी. गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता मोनिंदर सिंह ने कहा कि समुदाय के सदस्यों का मानना है कि निज्जर के साथ संबंध होने के चलते वहां गोलीबारी हुई है। सितंबर में निज्जर की हत्या के बाद काफी बवाल हुआ था।

वाहनों ने ओढ़ी बर्फ की चादर...

शिमला : मनाली और लाहुल स्पीति में बर्फबारी होते ही सोलंग नाला की प्रसिद्ध स्की ढलानों पर रौनक लौट आई है। हिमपात का दौर शुरू है, वहीं शिमला में वाहनों ने बर्फ की चादर ओढ़ ली। सोलंग नाला में शक्रवार सुबह तक लगभग दो फुट बर्फ जम गई। पर्यटक भी सकी का आनंद उठाने के लिए सोलन नाला पहुंचे रहे हैं। लाहौल स्पीति में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कर्मियों ने मार्ग पर जमी बर्फ को हटाकर यातायात के लिए खोल दिया है। बता दें, पहाड़ी हिस्सों में लंबे समय के बाद बर्फबारी का दौर शुरू हुआ है। ● एजेंसी

जॉर्डन हमले से भड़का अमेरिका, अब बर्दाश्त नहीं करेंगेः रक्षा मंत्री

वाशिंगटन। बीते दिनों जॉर्डन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी। इस हमले का आरोप ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों पर लगा था। अब अमेरिका हूती विद्रोहियों के खिलाफ बड़े हमले की तैयारी कर रहा है।

अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि 'ऐसी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं करेंगे।' बीते दिनों भी अमेरिका ने ब्रिटेन के साथ मिलकर हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। उस एयर स्ट्राइक में भी हूती विद्रोहियों को काफी नुकसान की आशंका है। जॉर्डन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर हुआ हमला, इस बात का सबूत है कि पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है। गाजा में लड़ाई छिड़ने के बाद यह पहली बार है कि पश्चिम एशिया में हो रहे हमलों में अमेरिकी सैनिक मारे गए हैं।

तंगी से जूझ रहा पाकिस्तान करेगा मालदीव की मदद

माले, एजेंसी

▶▶ मुइज्जू सरकार ने कहा अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर पाकिस्तान से हुई चर्चा

पाकिस्तान जो खुद अनाज की कमी और आर्थिक तंगी से जूझ रहा है उसने अब मालदीव से वादा किया है कि वह उसका समर्थन करेगा। बताया जा रहा है कि गुरुवार को हिंद महासागर स्थित इस द्वीप राष्ट्र से विकास से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने का पाक ने आश्वासन दिया है।

राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल हक काकर ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही मुइज्जू को द्वीप राष्ट्र की तत्काल विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए पाकिस्तान सरकार के समर्थन का भी आश्वासन मिला है। इसके अलावा दोनों नेताओं ने दोनों देशों की शीर्ष प्राथमिकताओं पर चर्चा की और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर बात की। बयानों के अनुसार में कहा गया है कि काकर ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के मालदीव के प्रयासों को अपना समर्थन और सहायता भी दी। बता दें कि मालदीव ने 26 जुलाई, 1966 को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए थे, जबकि पाकिस्तान चीन का करीबी सहयोगी है, राष्ट्रपति मुइजू को भी बीजिंग समर्थक माना जाता है।

सुनवाई मेटा के सीईओ जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कर रहे कोशिश

शोषित बच्चों के अभिभावकों से मार्क ने मांगी माफी

वाशिंगटन, एजेंसी

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने उन अभिभावकों से माफी मांगी है, जिन्होंने दावा किया था कि इंस्टाग्राम और फेसबुक ने उनके बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसाया या फिर मानसिक या शारीरिक शोषण का जरिया बनी।

अमेरिकी संसद में इस मुद्दे पर हो रही सुनवाई में सांसदों ने जुकरबर्ग और अन्य सोशल मीडिया सीईओ से उनके प्लेटफॉर्म की सुरक्षा के बारे में सवाल पूछे थे। जुकरबर्ग ने कहा, 'आप सभी जिन चीजों से गुजरे हैं, उसके लिए मुझे खेद है। यह भयानक है। वास्तव में किसी को इस हालात से नहीं गुजरना चाहिए जो आपके परिवारों ने झेली है।' सुनवाई के दौरान माता-पिता अपने बच्चों की तस्वीरें लेकर मौजूद थे। इस सुनवाई में मेटा के जुकरबर्ग के अलावा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की लिंडा याकारिनो, टिकटोंक के शाऊ जी चीयू, स्नैप के इवान स्पेजेल और डिस्कोर्ड के जैशन सिट्रोन मौजूद थे। सुनवाई के दौरान जुकरबर्ग ने सांसदों से कहा- हम अपने प्लेटफॉर्म को ज्यादा सुरक्षित बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए 40 हजार पेशेवरों की नियुक्ति की है, जो फेसबुक और इंस्टाग्राम को ज्यादा सुरक्षित प्लेटफॉर्म बनाने में लगे हुए हैं। अमेरिका के 40 राज्यों ने मेटा को कठघरे में खड़ा किया था।

13 साल से कम उम्र के बच्चों को करना होगा बैन



सांसद कानून के जरिए सोशल मीडिया पर लगाम लगाना चाहते हैं। उनमें से एक कोसा (किड्स ऑनलाइन सेफ्टी एक्ट) है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ऐसे एलगोरिद्म पर लगाम लगाना है, जो बच्चों को एंग्जाइटी और डिप्रेशन में ला देता हो। दूसरा इन कंपनियों को 13 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से पूरी तरह बैन करना होगा। अमेरिकी सांसद रिचर्ड ब्लूमेंथाल ने कहा- मार्क पाखंड कर रहे हैं।

नहीं दिखेंगे आत्महत्या और इटिंग डिस्ऑर्डर जैसे पोस्ट

फेसबुक और इंस्टाग्राम पर अब अजनबी किशोरों को सीधे मैसेज नहीं कर सकेंगे। 16 साल से कम उम्र के किशोर जिस ग्रुप में जुड़े हुए हैं या फॉलो करते हैं, उसी में मैसेज किए जा सकेंगे या ग्रुप चैट कर सकेंगे। जो पोस्ट आत्महत्या, खुद को नुकसान पहुंचाने या इटिंग डिस्ऑर्डर पर होंगे, नहीं दिखेंगे।

चुनाव में पिछड़ीं निक्की हेली बाइडन-ट्रंप को बताया खड़ूस

वाशिंगटन, एजेंसी

▶▶ निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में कहा- डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन गुस्सैल बुजुर्ग

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार भारतीय मूल की निक्की हेली ने रिपब्लिकन पार्टी में अपने प्रतिद्वंदी डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की बढ़ती उम्र पर निशाना साधा है। निक्की हेली साउथ कैरोलिना में प्रचार में जुटी हैं, जहां 24 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होंगे।

साउथ कैरोलिना, निक्की हेली का गढ़ है और वहीं से वे गवर्नर रही हैं। यही वजह है कि वह साउथ कैरोलिना में जोर-शोर से अपना चुनाव अभियान चला रही हैं।

निक्की हेली ने अपने प्रचार अभियान में डोनाल्ड ट्रंप और जो बाइडन को गुस्सैल बुजुर्ग बताया है। हेली ने सोशल मीडिया पर भी एक तस्वीर साझा कर दोनों नेताओं की बढ़ती उम्र को निशाना बनाया है। जो बाइडन 81 साल के हैं और डोनाल्ड ट्रंप 77 साल के। हेली की प्रचार अभियान टीम ने बयान जारी कहा है कि ट्रंप कहते हैं कि वह 20 साल पहले जितने तेज थे, उससे ज्यादा अब दिमागी तौर पर तेज हैं, लेकिन अगर ऐसा है तो वे हेली से डिबेट क्यों नहीं कर रहे? इसकी वजह साफ है कि बुजुर्ग नेता मुश्किल सवालों के जवाब नहीं देना चाहते। निक्की हेली, साउथ कैरोलिना में ट्रंप से 26 पॉइंट पीछे चल रही हैं। राष्ट्रीय स्तर पर भी हेली, ट्रंप से 54 पॉइंट पीछे हैं।